राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# नवबिहार टाइम्स


इनर व्हील क्लब ऑफ हजारीबाग की ओर से आयोजित किया गया सावन मिलन समारोह

• बोकारो, सोमवार 3 अगस्त 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 78 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

# सावन की पहली सोमवारी आज, बाबा धाम में उमड़ेगा आस्था का महासैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला-2026 के चौथे दिन बाबा बैद्यनाथ धाम में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह होते ही मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। अहले सुबह 4:15 बजे जलार्पण की प्रक्रिया शुरू हुई। देश के विभिन्न राज्यों से लाखों कांवरिये सुल्तानगंज से उत्तरवाहिनी गंगा का पवित्र जल लेकर करीब 105 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा पूरी कर देवघर पहुंच रहे हैं। बाबा नगरी में दिनभर 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। भीड़ के बावजूद प्रशासनिक व्यवस्थाओं के कारण श्रद्धालुओं को जलार्पण में किसी तरह की बड़ी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। शनिवार को कुल 1,27,533 श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण किया। इस तरह तीन दिन में 307699 कांवरियों ने जलार्पण किया। शनिवार को बाह्य अर्घा के माध्यम से 27,354 श्रद्धालुओं, आंतरिक अर्घा से 94,528 श्रद्धालुओं तथा शीघ्र दर्शनम व्यवस्था के तहत 5,651 श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। प्रशासन द्वारा लागू की गई बाह्य एवं आंतरिक अर्घा व्यवस्था ने श्रद्धालुओं के लिए जलार्पण को काफी सुगम और व्यवस्थित बना दिया है। लंबी कतारों के बावजूद श्रद्धालु व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ते नजर आए। मंदिर परिसर, शिवगंगा और कांवरिया पथ पर भक्तों का उत्साह चरम पर रहा। श्रावण मास में बाबा बैद्यनाथ को जल अर्पित करने का विशेष धार्मिक महत्व है, जिसके चलते हर दिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। प्रशासन ने सुरक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता और यातायात की व्यापक व्यवस्था की है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई है और मेडिकल टीमों को भी अलर्ट रखा गया है। पहली सोमवारी को लगभग ढाई लाख



श्रद्धालुओं के जलाभिषेक करने का अनुमान है, जिसे देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। अधिकारियों का कहना है कि भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सभी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं, ताकि मेला शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संचालित हो सके। सावण के पहले सोमवार से पहले रविवार को बाबा बैद्यनाथ मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में कांवड़िये और श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए देवघर पहुंच रहे हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार रविवार को गणेश चतुर्दशी भी है। ऐसे में श्रद्धालु आज के दिन बाबा पर जल चढ़ाने को काफी महत्वपूर्ण मान रहे हैं। सोमवार को संभावित भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पहली सोमवारी के अवसर पर श्रद्धालुओं को केवल बाहरी अर्घा प्रणाली और भीतरी अर्घा प्रणाली के माध्यम से ही जलार्पण करने की अनुमति दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी श्रद्धालु निर्धारित अर्घा व्यवस्था से ही बाबा पर जल चढ़ा सकेंगे। भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए रविवार और सोमवार को शीघ्र दर्शनम कूपन की सुविधा बंद रहेगी। इससे श्रद्धालुओं को एक ही कतार बनाकर सुचारु रूप से दर्शन और जलार्पण कराया जा सकेगा। जिला प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसर, आसपास के क्षेत्रों और प्रमुख मार्गों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से मंदिर तक पहुंचाने के लिए पुलिसकर्मी और प्रशासनिक अधिकारी 24 घंटे मुस्तैद रहेंगे। बाबा मंदिर के वरिष्ठ पुजारी लंबोदर परिहस्त ने बताया कि सावन के पावन महीने में भगवान भोलेनाथ अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए बैद्यनाथ धाम में विराजमान रहते हैं। यही कारण है कि देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु बाबा धाम पहुंचकर जलाभिषेक करते हैं और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना करते हैं। उनका विश्वास है कि सच्चे मन से बाबा का जलाभिषेक करने वाले हर भक्त की मनोकामना भगवान भोलेनाथ अवश्य पूरी करते हैं। प्रशासन के अनुसार पहली सोमवारी से प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। वहीं पहली सोमवारी पर करीब ढाई लाख से तीन लाख श्रद्धालुओं के जलार्पण के लिए बाबा धाम पहुंचने का अनुमान लगाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जंगली हाथी ने मचाया उत्पात, तीन घर तोड़े

**सरायकेला(नबिटा ब्यूरो)।** सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल रेंज क्षेत्र अंतर्गत सुखसारी गांव में शनिवार देर रात जंगली हाथी के उत्पात से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। जंगल से भटककर गांव पहुंचे हाथी ने एक ही रात में तीन घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और घरों में रखा अनाज खा गया। घटना के बाद ग्रामीण पूरी रात भय के साये में जागते रहे।

### बस की चपेट में आने से युवक की मौत

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गावां-बासोडीह मुख्य मार्ग पर आमतरो पुल के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गावां थाना क्षेत्र के खजिया निवासी पीयूष कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि पीयूष पिछले करीब दस दिनों से अपनी बुआ के घर बिरने गांव में रह रहा था। रविवार को वह डीजल लेने के लिए निकला था, तभी गंगा बस की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बस चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### सीपीएम का जेल भरो अभियान 10 को

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** सीपीआई(एम) की बैठक रविवार को साधन नायक की अध्यक्षता में नेताजी शिशु उद्यान परिसर में आयोजित की गई। बैठक में 10 अगस्त को मजदूरों, किसानों के जिला स्तरीय 'जेल भरो अभियान' को सफल बनाने की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद पार्टी के राज्य स्तरीय सदस्य स्वपन कुमार महतो ने केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान सरकार संवैधानिक अधिकारों, लोकतंत्र और संघीय ढांचे पर लगातार प्रहार कर रही है।

### छात्र की मौत

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के रायडीह थाना क्षेत्र में जहरीले सांप के काटने से 14 वर्षीय छात्र बजरंग सिंह की मौत हो गई। छात्र अपने घर में जमीन पर सो रहा था। बताया जा रहा है कि रात करीब 11 बजे एक जहरीले सांप ने उसे डस लिया। सांप के काटते ही ननकू दर्द से चीखकर उठा, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने सांप को मार दिया, लेकिन तब तक जहर शरीर में फैलने लगा था। आनन-फानन में परिवार ने मदद जुटाने की कोशिश की, लेकिन समय तेजी से हाथ से निकलता गया।

### कार चालक ने बाइक सवार को मारी ठोकर

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कुजू ओपी क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना महतो टोला के पास की है जहां बड़का चूंबा निवासी नीरज कुमार अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि वह घाटों क्षेत्र से अपने घर की ओर जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रही एक ब्रेजा कार से उनकी सीधी टक्कर हो गई।

# झारखंड विधानसभा में 7 अगस्त को अनुपूरक बजट पेश करेगी सरकार

## जेपीएससी-जेएसएससी मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी में विपक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र छह अगस्त से शुरू होने जा रहा है। सात दिनों के इस संक्षिप्त सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार राजनीतिक रस्साकशी देखने को मिलेगी। इस बार जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितता व नियोजन के मुद्दों को लेकर विपक्ष, सत्ता पक्ष को चौतरफा घेरने की रणनीति बना चुका है। युवाओं और रोजगार से जुड़े इन संवेदनशील विषयों पर विपक्ष सदन में बेहद मुखर रहेगा। दूसरी ओर सत्ता पक्ष भी विपक्ष के हर वार का करारा जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। जेपीएससी के मुद्दे पर सरकार नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को अपना



मुख्य हथियार बनाकर भाजपा पर पलटवार करने की तैयारी में है। सदन के भीतर अपनी-अपनी रणनीतियों को धार देने के लिए पांच अगस्त को सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने अपने विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठकें बुलायी हैं। प्रदेश भाजपा कार्यालय में होने वाली इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित पार्टी के सभी विधायक शामिल होंगे। इसमें सरकार को विभिन्न जनहित के मुद्दों पर घेरने का खाका तैयार किया जायेगा। वहीं सत्तारुढ़ दल के विधायकों की बैठक एटीआई सभागार में शाम चार बजे से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होगी। इसमें झामुमो, कांग्रेस और राजद के विधायक शामिल होकर विपक्ष के आरोपों का ठोस और एकजुटता से जवाब देने की रणनीति बनायेंगे। इससे पहले कांग्रेस विधायक दल की बैठक अलग से होगी। छह से 12 अगस्त तक चलने वाले इस सत्र में शनिवार और रविवार के अवकाश के कारण वास्तविक रूप से केवल पांच कार्यदिवस ही उपलब्ध होंगे। इन्हीं पांच दिनों में जनता से जुड़े जरूरी मुद्दों पर चर्चा होगी। सत्र के दौरान राज्य सरकार द्वारा चालू वित्तीय वर्ष (2026-27) का पहला अनुपूरक बजट सात अगस्त को सदन के पटल पर रखा जायेगा।

# श्रावणी मेला में खाद्य सुरक्षा टीम ने 10 क्विंटल पेड़ा को किया नष्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा टीम ने घोरमारा क्षेत्र में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा उड़नदस्ता दल ने विभिन्न पेड़ा दुकानों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मां दुर्गा पेड़ा भंडार, संदीप पेड़ा शॉप, पीहू पेड़ा भंडार तथा आशीष फास्ट फूड का निरीक्षण कर स्वच्छता, खाद्य गुणवत्ता, निर्माण एवं भंडारण व्यवस्था तथा लाइसेंस की जांच की गई। सभी दुकानों को स्वच्छता को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। वहीं, ओमजी पेड़ा भंडार से जब्त किए गए 1060 किलोग्राम संदिग्ध पेड़ा को जेसीबी मशीन से नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग, देवघर ने स्पष्ट किया है कि श्रावणी मेला की संपूर्ण अवधि में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण अभियान निरंतर जारी रहेगा। मिलावटी, अवमानक अथवा असुरक्षित खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय में संलिप्त पाए जाने वाले खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा खाद्य सुरक्षा विभाग ने सभी खाद्य कारोबारियों से अपील की है कि वे केवल सुरक्षित एवं मानक अनुरूप खाद्य पदार्थों का ही निर्माण एवं विक्रय करें तथा स्वच्छता के सभी निर्धारित मानकों का पालन करें तथा बिना वैध खाद्य सुरक्षा लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन के खाद्य कारोबार नहीं करें एवं विभाग से यथाशीघ्र लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन लेना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों से भी अनुरोध किया गया है कि किसी भी संदिग्ध, मिलावटी अथवा असुरक्षित खाद्य पदार्थ की जानकारी तत्काल खाद्य सुरक्षा विभाग को उपलब्ध कराएं, जिससे त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# अड्डेबाजी करने वालों के खिलाफ पलामू पुलिस की कार्रवाई, सौ से ज्यादा लोग हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस ने बड़ा अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई की गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों, चौक-चौराहों और संवेदनशील जगहों पर देर रात तक अड्डेबाजी करने वालों को निशाना बनाया गया। पुलिस टीमों ने अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर 100 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से देर रात तक खुलेआम जमावड़ा लगाने वालों में हड़कंप मच गया। पुलिस की टीमों ने खासतौर पर उन जगहों पर फोकस किया, जहां युवकों का देर रात तक जमावड़ा और संदिग्ध गतिविधियां सामने आती रही हैं। अभियान के दौरान हिरासत में लिए गए लोगों में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और कानून-व्यवस्था भंग करने वाले भी शामिल थे। सभी को संबंधित थानों में लाकर पूछताछ की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पूछताछ के बाद सभी को कड़ी चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। उन्हें साफ तौर पर बता दिया गया कि भविष्य में अड्डेबाजी, असामाजिक गतिविधियों या किसी भी तरह से शांति भंग करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोबारा ऐसी गतिविधियों में पकड़े जाने पर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने कहा कि देर रात होने वाली अड्डेबाजी अक्सर अपराधों की वजह बनती है। नशे की हालत में आपराधिक साजिशें तैयार होती हैं और मामूली विवाद भी मारपीट, फायरिंग या हत्या जैसी गंभीर घटनाओं में बदल जाते हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस का उद्देश्य केवल घटना के बाद कार्रवाई करना नहीं बल्कि अपराध की संभावनाओं को पहले ही खत्म करना है।

# दलमा में पर्यटकों के लिए खुला इको रेस्ट हाउस

## नगर विकास एवं पर्यटन मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** दलमा वाइल्डलाइफ सेंचुरी आने वाले पर्यटकों के लिए अब प्रकृति की गोद में आधुनिक सुविधाओं के साथ ठहरने का नया विकल्प उपलब्ध हो गया है। रविवार को मकुलाकोचा स्थित अत्याधुनिक इको रेस्ट हाउस का उद्घाटन राज्य के नगर विकास एवं पर्यटन मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू ने किया। उद्घाटन समारोह में ईचागढ़ की विधायक सविता महतो, घाटशिला के विधायक सोमेश सोरेन, वन विभाग एवं पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। उद्घाटन के साथ ही इको रेस्ट हाउस को पर्यटकों के लिए खोल दिया गया। मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू ने अधिकारियों को तत्काल बुकिंग प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश देते हुए बताया कि पर्यटक दलमा वाइल्डलाइफ और जेटीडीसी की



वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग कर सकेंगे। इको रेस्ट हाउस का किराया तीन हजार पांच सौ रुपये प्रति रात्रि निर्धारित किया गया है, जिसमें नाश्ते की सुविधा भी शामिल रहेगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार दलमा क्षेत्र में इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से मकुलाकोचा और पिंडराबेड़ा में 15-15 कमरों वाले आधुनिक इको रेस्ट हाउस विकसित कर रही है। पिंडराबेड़ा में निर्माणाधीन हैंगिंग इको रेस्ट हाउस भी अंतिम चरण में है और जल्द ही पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। मकुलाकोचा का यह इको रेस्ट हाउस पर्यटकों को दलमा की प्राकृतिक सुंदरता, घने जंगलों, हरियाली और शांत वातावरण के बीच ठहरने का अनूठा अनुभव देगा। इससे राज्य में इको-टूरिज्म को नई पहचान मिलने के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ने की उम्मीद है। उद्घाटन समारोह के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में मंत्री, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया।

# लापता बच्चों के मामले में झारखंड सीआइडी अलर्ट

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** लापता बच्चों की बढ़ती घटनाओं और मानव तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने को लेकर झारखंड सीआईडी ने राज्य के सभी जिलों के एसपी और एसएसपी से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। यह रिपोर्ट सोमवार को पटना में आयोजित होने वाली उच्च स्तरीय सम्मेलन-सह-परामर्श बैठक के मद्देनजर तलब की गई है। बैठक में पुलिस विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के नोडल अधिकारी शामिल होंगे, जहां लापता बच्चों की बरामदगी और मानव तस्करी की रोकथाम को लेकर व्यापक रणनीति पर चर्चा होगी। सीआईडी ने जिलों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने जिले में लापता बच्चों और मानव तस्करी से जुड़े मामलों की वर्तमान स्थिति, जांच के दौरान सामने आने वाली चुनौतियां, उनके समाधान, महत्वपूर्ण केस स्टडी, अब तक अपनाई गई प्रभावी कार्यप्रणाली तथा सुझावों सहित विस्तृत प्रस्तुति तैयार कर भेजें।


# रांची रेल मंडल में बनेगा हाईटेक कंट्रोल सेंटर, एक क्लिक पर होगी ट्रेनों की निगरानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रांची रेल मंडल जल्द ही अत्याधुनिक तकनीक से लैस केंद्रीकृत कंट्रोल सेंटर की सुविधा से जुड़ने जा रहा है। रेल परिचालन को अधिक सुरक्षित, तेज और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से मंडल मुख्यालय स्थित डीआरएम कार्यालय परिसर में करीब 6 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक सेंट्रलाइज कंट्रोल रूम का निर्माण किया जाएगा। यह कंट्रोल सेंटर शुरू होने के बाद मंडल में चलने वाली सभी ट्रेनों की गतिविधियों की निगरानी एक ही स्थान से की जा सकेगी। प्रस्तावित कंट्रोल रूम में विशाल वीडियो वॉल, डिजिटल मॉनिटर और आधुनिक संचार प्रणाली स्थापित की जाएगी। इन स्क्रीन पर ट्रेनों की वास्तविक समय (रियल टाइम) स्थिति, गति, समयपालन, सिग्नलिंग और परिचालन संबंधी सभी महत्वपूर्ण



जानकारियां लगातार उपलब्ध रहेंगी। इससे किसी भी तकनीकी खराबी, परिचालन बाधा या ट्रेन के विलंब की स्थिति में अधिकारी तत्काल निर्णय लेकर आवश्यक कार्रवाई कर सकेंगे। नई प्रणाली को जीपीएस, सिग्नलिंग नेटवर्क और रेलवे कंट्रोल सिस्टम से जोड़ा जाएगा। इसके माध्यम से कंट्रोलर प्रत्येक ट्रेन की लोकेशन, गति और परिचालन की स्थिति पर लगातार नजर रखेंगे। आवश्यकता के अनुसार ट्रेनों की प्राथमिकता तय करने, क्रॉसिंग की योजना बनाने तथा परिचालन को सुचारु बनाए रखने का कार्य भी इसी केंद्र से किया जाएगा। रेलवे के स्टेशन मास्टर, लोको पायलट, गार्ड, सिग्नल एवं इंजीनियरिंग शाखा सहित अन्य विभागों के बीच समन्वय भी इसी कंट्रोल सेंटर के माध्यम से होगा। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या या आपात सूचना तुरंत कंट्रोल रूम तक पहुंचेगी, जिसके बाद संबंधित टीम को तत्काल मौके पर भेजा जा सकेगा। इस परियोजना में ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन, रेलवे ट्रैक और सिग्नलिंग व्यवस्था की निगरानी के लिए भी विशेष तकनीकी व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा एक आधुनिक डिजास्टर कंट्रोल सेंटर भी स्थापित होगा, जो रेल दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा या अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों का मुख्य संचालन केंद्र बनेगा। यहां से मेडिकल, इंजीनियरिंग, रेलवे सुरक्षा बल और अन्य विभागों के बीच त्वरित समन्वय स्थापित किया जाएगा। नई व्यवस्था लागू होने के बाद ट्रेन विलंब, रद्द होने या मार्ग परिवर्तन जैसी सूचनाएं तत्काल संबंधित स्टेशनों और यात्री सूचना प्रणाली तक पहुंचाई जाएंगी, जिससे यात्रियों को समय पर सटीक जानकारी मिल सकेगी।




C M Y K

# फैक्ट्रियों की मनमानी के खिलाफ जनाक्रोश का आगाज है मानव श्रृंखला : राजेश यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** उसरी नदी से जल उठाने की कथित तैयारी, प्रदूषण और जल-जंगल-जमीन के दोहन के विरोध में आयोजित मानव श्रृंखला में शामिल होते हुए ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला संयोजक एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य राजेश यादव ने कहा कि यह आंदोलन फैक्ट्रियों की मनमानी और उन्हें संरक्षण देने वाले नेताओं व प्रशासन के कथित गठजोड़ के खिलाफ जनाक्रोश की शुरूआत है मोहनपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश यादव ने आरोप लगाया कि बालमुकुंद फैक्ट्री गैरकानूनी तरीके से उसरी नदी से पानी उठाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि फैक्ट्री के पास संबंधित विभागों की सभी आवश्यक अनापत्ति एवं स्वीकृति संबंधी दस्तावेज हैं, तो उन्हें सार्वजनिक किया जाना चाहिए उन्होंने मानव श्रृंखला को सफल बनाने के लिए स्थानीय ग्रामीणों, विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उसरी नदी और पर्यावरण की रक्षा के लिए आंदोलन आगे भी जारी रहेगा उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति के लिए सरकार की "कंपनी परस्त नीति" जिम्मेदार है। एक ओर उसरी फॉल को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की बात की जा रही है, वहीं दूसरी ओर आसपास के जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों पर कथित अतिक्रमण और औद्योगिक गतिविधियों को लेकर प्रशासन मौन है राजेश यादव ने कहा कि जनता सब कुछ देख और समझ रही है तथा जनजीवन और पर्यावरण से खिलवाड़ करने वालों को जनता उचित जवाब देगी उन्होंने आंदोलन के दूसरे चरण को जल्द शुरू करने की भी वकालत की मानव श्रृंखला में दीपक गोस्वामी संजय चौधरी मनोज यादव विनोद दास रामेश्वर शर्मा संतोष राय विनोद राय मनोज मल्लाह छेदी मल्लाह डोमन राणा पप्पू यादव रामेश्वर पंडित किशोरी मंडल मनोज शर्मा संजय राणा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता समर्थक और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## गिरिडीह में बाल तस्करी के खिलाफ निर्णायक अभियान शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस के अवसर पर बनवासी विकास आश्रम ने जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नेटवर्क के सहयोग से गिरिडीह में बाल तस्करी के खिलाफ व्यापक अभियान शुरू करने की घोषणा की है संस्था का लक्ष्य जिला प्रशासन पुलिस श्रम शिक्षा विभाग बाल कल्याण समिति पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थानीय समुदायों के सहयोग से गिरिडीह को बाल तस्करी एवं बाल मजदूरी मुक्त जिला बनाना है अभियान के तहत गांवों विद्यालयों रेलवे स्टेशनों और संवेदनशील क्षेत्रों में जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर एवं जोखिमग्रस्त परिवारों की पहचान कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा, ताकि बच्चे शिक्षा से जुड़े रहें और तस्करी का शिकार न हों संस्था ने चिन्हित तस्करों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित कराने की भी बात कही है।

# गिरिडीह पुलिस ने शुरू किया कांवरिया सेवा शिविर, एसपी ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** श्रावण माह में देवघर बाबाधाम जाने वाले कांवरियों की सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गिरिडीह पुलिस ने पुलिस केंद्र के सामने नव परेशानी का सामना न करना पड़े पुलिस अधीक्षक ने शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को सेवा के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने





निर्मित 'कांवरिया सेवा शिविर' का शुभारंभ किया रविवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि श्रावण माह में गिरिडीह से होकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवघर के लिए रवाना होते हैं उनकी सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह सेवा शिविर स्थापित किया गया है। शिविर में कांवरियों के लिए पेयजल प्राथमिक चिकित्सा विश्राम नाश्ता तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि यात्रा के दौरान उन्हें किसी प्रकार की का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी केवल सेवा ही नहीं बल्कि कांवरियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी पूरी तरह मुस्तैद रहेंगे गिरिडीह पुलिस का यह कांवरिया सेवा शिविर पूरे श्रावण माह तक संचालित रहेगा उद्घाटन समारोह में पुलिस अधिकारियों, जवानों तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे स्थानीय नागरिकों और कांवरियों ने गिरिडीह पुलिस की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे श्रद्धालुओं के लिए सराहनीय कदम बताया। 06

## संक्षिप्त समाचार

### विशनपुर पंचायत के वार्ड - 3 में अर्जित भूमि पर निर्माण का मामला

**बरारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के विशनपुर पंचायत के वार्ड संख्या-03 में बिहार सरकार की अर्जित सार्वजनिक भूमि पर बने मुख्य कलवर्ट के सामने पक्का मकान निर्माण कर जलमार्ग अवरुद्ध करने का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि नरसिंह साह और राजा कुमार साह द्वारा जबरन निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिससे बरसात के पानी की निकासी बाधित हो गई है और वार्ड में जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो रही है। इस संबंध में जयप्रकाश यादव, प्रकाश कुमार यादव, उदय कुमार दास, रघुनंदन पासवान सहित अन्य ग्रामीणों ने अंचल पदाधिकारी, बरारी को आवेदन देकर



कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत के बाद अंचल प्रशासन ने राजस्व कर्मचारी से स्थल जांच कराई। जांच में संबंधित भूमि कटाव प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए अधिग्रहित होना बताया गया।जांच रिपोर्ट के आधार पर अंचल पदाधिकारी मनीष कुमार ने नरसिंह साह एवं राजा कुमार साह को नोटिस जारी कर तत्काल निर्माण कार्य रोकने का आदेश दिया। नोटिस में स्पष्ट किया गया कि सरकारी अथवा सार्वजनिक भूमि और जलमार्ग को अवरुद्ध करना बिहार सरकार अतिक्रमण अधिनियम, 1956 के तहत दंडनीय अपराध है। साथ ही दोनों पक्षों को अंचल मुख्यालय बरारी में आयोजित संयुक्त थाना जनता दरबार में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया था। आदेश का पालन नहीं करने पर नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई थी। अंचलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि पहले नोटिस भेजकर निर्माण कार्य रोकने और जनता दरबार में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था, लेकिन आदेश का पालन नहीं किया गया। इसके बाद शनिवार को पुलिस बल भेजा गया है और मामले में अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो बरसात के दौरान वार्ड में जलनिकासी की समस्या और गंभीर हो सकती है।

### टीबी मुक्त कटिहार पर प्रशासन कर रहा है फोकस

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के सरकार भवन में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी के साथ उप समाहर्ता डॉ.बिनोद



कुमार, उपविकास आयुक्त अमित कुमार, वरीय उपसमाहर्ता अभिषेक रंजन, ओएसडी नैमिस कुमार, प्रभारी सिविल सर्जन एस सरकार एवं जिले के वरीय अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने टीवी मुक्त कटिहार के बारे में विस्तार से चर्चा की। साथ ही लोगों से अपने स्वास्थ्य की जांच व टीवी की जांच करने की अपील की। चौपाल में ही छह टीवी के मरीज को पोषण कीट प्रदान की गयी। उन्होंने लोगों से राशन कार्ड के आवेदन पर भी विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने पंचायत सरकार भवन में फैली कुव्यवस्था पर सम्बन्धी अधिकारी को फटकार भी लगाई। मौके पर मनसाही स्वास्थ्य केंद्र की आशा सुधा कुमारी ने जिलाधिकारी के समक्ष अस्पताल के एक कर्मी पर जन्मप्रमाण पत्र बनाने के नाम पर अवैध उगाई का आरोप लगाया। आरोप के आलोक में जिलाधिकारी ने मनसाही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को मामले की जांच कर प्राथमिकी दर्ज करने के लिये कहा। इस अवसर पर जिले के साथ साथ प्रखंड स्तर के सभी अधिकारी मौजूद रहे ।

### युवाओं में बढ़ती नशे की लत चिंता का विषय : राजेश

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। अभिलाषा परिवार के सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन न केवल युवाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि उनके भविष्य, परिवार और समाज पर भी प्रतिकूल असर डालता है। इसी को देखते हुए लोगों को नशे से दूर रहने तथा मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव और कानून की जानकारी देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए देश में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एनडीपीएस अधिनियम, 1985 लागू है। इस कानून के तहत नशीले पदार्थों का उत्पादन, भंडारण, परिवहन, बिक्री, खरीद और तस्करी गंभीर



अपराध की श्रेणी में आते हैं। दोषी पाए जाने पर अपराध की प्रकृति और मात्रा के अनुसार कठोर कारावास तथा आर्थिक दंड का प्रावधान है। सामाजिक कार्यकर्ता श्री सिंह का कहना है कि नशे की रोकथाम केवल कानून के सहारे संभव नहीं है। इसके लिए परिवार, विद्यालय, समाज और प्रशासन को मिलकर जागरूकता अभियान चलाने होंगे। अभिभावकों को बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने, शिक्षकों को विद्यार्थियों का नियमित मार्गदर्शन करने तथा युवाओं को खेल, शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने की आवश्यकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि समय रहते जागरूकता और सामूहिक प्रयास से युवाओं को नशे की गिरफ्त में जाने से बचाया जा सकता है तथा उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

# अस्मिता लीग सेपक टेकरा प्रतियोगिता में 130 बालिका खिलाड़ियों ने दिखाया दम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह इंडोर स्टेडियम में रविवार को बालिकाओं के लिए अस्मिता लीग सेपक टेकरा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में गिरिडीह जिले की लगभग 130 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सेपक टेकरा संघ के महासचिव शिवेंद्र दुबे एवं सचिव सुमित गोसाई थे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में महापौर प्रमिला मेहरा उपमहापौर सुमित कुमार बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष दिनेश यादव झामुमो महानगर अध्यक्ष रॉकी सिंह कुश्ती संघ के युगल किशोर उसू संघ के अमित स्वर्णकार



हरलाडीह प्लस-2 विद्यालय के प्राचार्य सफदर अली पूर्व फुटबॉलर मुमताज अंसारी सिमरन साहिल सद्दाम हुसैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे सभी अतिथियों ने गिरिडीह में सेपक टेकरा खेल को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग देने तथा इंडोर स्टेडियम की सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया इस अवसर पर झारखंड सेपक टेकरा संघ के महासचिव शिवेंद्र दुबे ने गिरिडीह में सीनियर स्टेट सेपक टेकरा चैंपियनशिप आयोजित कराने का भी आश्वासन दिया प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला सेपक टेकरा संघ के अध्यक्ष राजीव रंजन सचिव नुरुल हुदा, उपाध्यक्ष मुन्ना कुशवाहा, राजेश सिन्हा शबाना परवीन कोच अली राजा तथा सद्दाम मुमताज और हर्ष केसरी ने रेफरी की भूमिका निभाई। आयोजन में खिलाड़ियों अभिभावकों और खेल प्रेमियों का उत्साह देखने लायक रहा।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन की पहली पुण्यतिथि पर 4 अगस्त को समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) गिरिडीह जिला समिति की ओर से आगामी 4 अगस्त (मंगलवार) को दोपहर 1 बजे गिरिडीह बस स्टैंड में पद्म भूषण दिशोम गुरु शिबू सोरेन चौक के नामकरण एवं उनकी पहली पुण्यतिथि के अवसर पर भव्य श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा समारोह में झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे कार्यक्रम को लेकर झामुमो जिला समिति ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने जारी सूचना में पार्टी के सभी केंद्रीय एवं जिला समिति के पदाधिकारियों प्रखंड एवं नगर समिति के अध्यक्ष-सचिव, पंचायत समिति के प्रतिनिधियों वर्ग संगठनों के पदाधिकारियों बीएलए-2, सभी मतदान केंद्रों के कार्यकताओं, झारखंड आंदोलनकारियों तथा पार्टी के सभी स्तर के नेताओं एवं कार्यकताओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का झारखंड आंदोलन और राज्य निर्माण में योगदान अविस्मरणीय है उनकी स्मृति में आयोजित यह समारोह उनके संघर्ष, विचारों और जनसेवा के प्रति समर्पण को नमन करने का अवसर होगा। झामुमो नेताओं ने सभी आमंत्रित अतिथियों एवं कार्यकताओं से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

# हजारों की मानव श्रृंखला के जरिए सरकार व फैक्ट्री प्रबंधन को चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उसरी बचाव अभियान के संयोजक सह माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि हजारों लोगों की मानव श्रृंखला के माध्यम से बालमुकुंद फैक्ट्री प्रबंधन के साथ-साथ झारखंड सरकार को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि उसरी फॉल गिरिडीह की पहचान है और इसकी प्राकृतिक धारा एवं पर्यावरण से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा उन्होंने कहा कि एक ओर राज्य सरकार पर्यटन क्षेत्र के विकास की दिशा में कार्य कर रही है, वहीं दूसरी ओर बालमुकुंद फैक्ट्री द्वारा पाइपलाइन के माध्यम से उसरी नदी से पानी निकाला जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब उसरी नदी जनता की धरोहर है, तो इसे किसी



निजी उद्योग के हित में उपयोग की अनुमति देने की नीति पर पुनर्विचार होना चाहिए राजेश सिन्हा ने कहा कि यदि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो पथ निर्माण विभाग, बालमुकुंद फैक्ट्री के बजरंग चौक स्थित कार्यालय, स्थानीय विधायक एवं सांसद के समक्ष व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उसरी बचाव अभियान प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की लड़ाई है, जिसमें सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के सदस्य तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हैं उन्होंने बताया कि मानव श्रृंखला में लगभग दस हजार लोग, जिनमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल थे, ने भाग लेकर उसरी नदी और उसरी फॉल के संरक्षण के लिए एकजुटता का परिचय दिया।

# मर्सी हॉस्पिटल के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 290 से अधिक मरीजों ने उठाया लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शहर के पहले मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल मर्सी हॉस्पिटल में रविवार को आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर में 290 से अधिक मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से जांच एवं परामर्श प्राप्त किया। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस शिविर में गिरिडीह सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे शिविर में जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. अनुज अनिल लड्डा ऑर्थोपेडिक एवं ट्रॉमा सर्जन डॉ. रोईशउद्दीन मेडिसिन एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. मो. शहजाद शेख, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. लीलावती पाडिगेला, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका अग्रवाल व डॉ. समीक्षा सोनथालिया, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल शाहाबादी एवं डॉ. सौरभ जगनानी (सेवानिवृत्त) रेडियोडायग्नोसिस विशेषज्ञ डॉ. निकेश सिंह, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. विवेक डोकानिया, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष गेडा, एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. आतिफ परवेज तथा गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रवण कुमार ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया शिविर के दौरान मरीजों की शुगर एवं ब्लड प्रेशर (बीपी) की निःशुल्क जांच की गई। आवश्यकता अनुसार 2डी इको (2ऊ इको ) एवं पीएफटी (पीएफटी ) जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। अस्पताल की ओर से विभिन्न जांच एवं उपचार पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट भी दी गई, जिसका लाभ कई मरीजों ने उठाया मर्सी हॉस्पिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. पी.एच. मिश्रा ने बताया कि अस्पताल का उद्देश्य गिरिडीह और आसपास के लोगों को एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण एवं विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है उन्होंने कहा कि शिविर में 290 से अधिक मरीजों की सहभागिता जिले में विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं की बढ़ती आवश्यकता को दशार्ती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं जागरूकता शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे अस्पताल प्रबंधन ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी चिकित्सकों नर्सिंग स्टाफ पैरामेडिकल कर्मियों कर्मचारियों एवं मरीजों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# 70 वर्ष की उम्र में जल संरक्षण की मिसाल बनीं सिस्टर पुष्पा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बढ़ते जल संकट और लगातार गिरते भू-जल स्तर के बीच लिटिल फ्लावर किंडरगार्डन की प्राचार्या सह प्रबंधक सिस्टर पुष्पा ने वर्षा जल संचयन वॉटर हार्वेस्टिंग के जरिए जल संरक्षण की अनूठी मिसाल पेश की है उनके इसी सराहनीय कार्य के लिए इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन ने शुक्रवार को आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया एसोसिएशन अध्यक्ष विनोता हरिस के वॉटर हार्वेस्टिंग अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में क्लब की उपाध्यक्ष ने सिस्टर पुष्पा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया जबकि क्लब अध्यक्ष राखी झुनझुनवाला ने स्मृति चिह्न भेंट किया सिस्टर पुष्पा ने विद्यालय एवं छात्रावास की छतों से वर्षा जल संग्रहित कर उसका उपयोग जैविक खेती फलदार पौधों की सिंचाई तथा बतख मुर्गियों कबूतरों सहित अन्य जीव जंतुओं के पालन पोषण में किया है। लगभग 70 वर्ष की आयु में भी उनका यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण के प्रति समाज को प्रेरित कर रहा है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब अध्यक्ष राखी झुनझुनवाला ने कहा कि यदि प्रत्येक परिवार विद्यालय और संस्थान अपने घरों एवं परिसरों में वॉटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था विकसित करें तो भविष्य में जल संकट को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# 246 टन पाम ऑयल चोरी मामले में तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र में 246 टन पाम ऑयल चोरी के बहुचर्चित मामले का सफल खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में चोरी में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन, 10 टिन पाम ऑयल तथा तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं पुलिस अधीक्ष ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी 21-22 जुलाई 2026 की रात सिहोडीह शंकरचक स्थित एक पाम ऑयल गोदाम से करीब 246 टन पाम ऑयल की चोरी हुई थी इस संबंध में मुफस्सिल थाना कांड संख्या 206/2026 22 जुलाई 2026 धारा 334(1)/303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में एक विशेष एसआईटी का गठन किया गया तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर चोरी में प्रयुक्त पिकअप वाहन पंजीकरण संख्या जेएच 15एडी 7871 10 टिन पाम ऑयल तथा तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने गिरिडीह शहर के कई इलाकों में चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की साथ ही सितंबर 2024 और मई 2026 में हुई पाम ऑयल चोरी की घटनाओं में भी शामिल होने की बात कबूल की है गिरफ्तार आरोपी गौल कुमार उर्फ गोलू यादव 27 वर्ष ग्राम हरियागढ़ी मुफस्सिल थाना रणधीर कुमार यादव 22 वर्ष वर्तमान निवासी हरियागढ़ी मुफस्सिल थाना कृष्णा यादव 19 वर्ष ग्राम हरियागढ़ी मुफस्सिल थाना पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों का पूर्व में भी चोरी के मामलों में आपराधिक इतिहास रहा है।

# प्रखंड बीस सूत्री की बैठक में विभागों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** सदर प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति बीस सूत्री की बैठक आयोजित की गई । बैठक में पूर्व उप मुख्यमंत्री बिहार सह विधायक तारकिशोर प्रसाद, समिति के अध्यक्ष गौतम वर्मा, उपाध्यक्ष रामनारायण चौहान, प्रखंड प्रमुख सोनी सिंह एवं 20 सूत्री के सभी सदस्यों के साथ ही प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे । बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, ऊर्जा, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, आपूर्ति एवं ग्रामीण विकास आदि विभागों की समीक्षा एवं उनसे संबंधित योजनाओं के कार्यान्वयन के संबंध में परिचर्चा की गई। बैठक में पूर्व उप मुख्यमंत्री ने विद्युत आपूर्ति हेतु पोल अधिष्ठापन, आंगनबाड़ी केंद्रों के नियमित संचालन, सभी बैंकों में ग्राहक सेवा बेहतर करने, नल- जल की आपूर्ति निर्वाध करने, सरकार द्वारा




संचालित प्रखंड के सभी विद्यालयों को नल जल योजना द्वारा पेयजल आपूर्ति करने का निर्देश देने के साथ ही भूमिहीन नव सृजित प्राथमिक विद्यालयों को शीघ्र सरकारी भूमि उपलब्ध कराने हेतु राजस्व पदाधिकारी को निर्देशित किया गया ।भवन रहित आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण हेतु कार्यक्रम पदाधिकारी को भवन निर्माण से संबंधित आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बैंकों में केवाईसी के कारण पेंशनधारियों को हो रही कठिनाइयों को दूर करने हेतु उपस्थित सभी बैंकों के अधिकारी को निर्देश देने के साथ ही आवश्यकता अनुरूप सहयोग का आश्वासन दिया । बैठक में समिति के अन्य सदस्यों द्वारा विभागीय पदाधिकारी से योजनाओं, कार्यक्रमों की जनोपयोगी जानकारियां तथा अवरोध को दूर करने के संबंध में पृच्छा की गई ।जिसे उपस्थित पदाधिकारी द्वारा तत्काल संबंधित जानकारी उपलब्ध करा कर सदस्यों को संतुष्ट किया गया। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य सचिव सह प्रखंड विकास पदाधिकारी से इस बैठक की कार्रवाई का संधारण कर तत्काल सभी सदस्यों को इसकी प्रति उपलब्ध कराने तथा इसका अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया।

# आस्था का महासंगम आज

## मंदिर पहाड़ी पर शिवभक्तों का होगा महाजुटान □ बोल बम के नारों से गुंजायमान होगी वादियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** सावन की पहली सोमवारी पर राजधानी के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर में आस्था का महासंगम देखने को मिलेगा। भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए सोमवार तड़के ही मंदिर के पट खोल दिए जाएंगे। विशेष व्यवस्था के तहत मंदिर में रात 3:30 बजे मंगला आरती होगी, जबकि सुबह 4:00 बजे से श्रद्धालुओं के लिए मंदिर खोल दिया जाएगा। श्रावणी सोमवारी के अवसर पर मंदिर का समय सामान्य दिनों से अलग रखा गया है।

पहली सोमवारी को हजारों की संख्या में कांवरिये और शिवभक्त गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा, दूध और अन्य पूजन सामग्री के साथ बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से पहाड़ी मंदिर परिसर भक्तिमय रहेगा। पिछले वर्षों की



तरह इस बार भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। श्रावण मास को भगवान शिव की आराधना का सबसे पवित्र समय माना जाता है। मान्यता है कि इस माह की सोमवारी पर जलाभिषेक और रुद्राभिषेक करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है तथा भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पहाड़ी मंदिर में श्रावणी सोमवारी के लिए विशेष पूजा-अर्चना और आरती की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में प्रतिदिन 125 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल, बैरिकेडिंग और निगरानी की व्यवस्था रहेगी।

वहीं, रांची नगर निगम ने भी श्रावण मास को लेकर पहाड़ी मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया है। नालियों की सफाई, पेयजल, स्वच्छता और श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी की गई हैं। मंदिर से 500 मीटर पहले ही बैरिकेडिंग की गई है, कोई भी वाहन प्रवेश नहीं करेगा।

## कांवरिया सेवा शिविर तैयार

**मनिहारी।** सावन माह में गंगाजल भरने के लिए मनिहारी गंगाघाट पहुंचने वाले हजारों कांवरियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर मुख्य पार्षद लाखो यादव द्वारा के प्रयास से कांवरिया सेवा शिविर बनकर तैयार हो गया है। रविवार को अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संत सत्यप्रकाश बाबा ने विधिवत फीता काटकर सेवा शिविर का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद शिविर का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा इसे श्रद्धालुओं के लिए उपयोगी पहल बताया। उन्होंने ने कहा कि मनिहारी गंगाघाट का धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व है। सावन के दौरान सीमांचल सहित पड़ोसी राज्यों से बड़ी संख्या में शिवभक्त यहां गंगाजल भरने पहुंचते हैं। ऐसे में उनके विश्राम, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए सेवा शिविर की स्थापना सराहनीय कदम है इस अवसर पर गंगा स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं एवं कांवरियों ने नगर प्रशासन और मुख्य पार्षद लाखो यादव के प्रयासों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

# रविवार और सोमवार को नहीं मिलेगी शीघ्र दर्शनम की सुविधा

## दो दिनों में 7709 शिव भक्तों ने किया शीघ्रदर्शनम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** सावन का पवित्र महीना चल रहा है। 30 जुलाई को सावन शुरू होने के साथ ही बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर में श्रावणी मेला में महादेव के भक्तों का रेला लगा है। बाबा बैद्यनाथ के जलाभिषेक के लिए देशभर से श्रद्धालु देवघर पहुंच रहे हैं। बाबा के भक्त बिहार के सुल्तानगंज से गंगाजल लाकर जलाभिषेक करते हैं। श्रद्धालु सुल्तानगंज की उत्तरवाहिनी गंगा से गंगाजल लेकर करीब 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए देवघर पहुंचते हैं। इसके बाद बाबा बैद्यनाथ मंदिर में गंगाजल अर्पित कर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। बाबा बैद्यनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने में श्रद्धालुओं को कम से कम



परेशानी हो, इसका खयाल जिला प्रशासन ने रखा है। सोमवार को अप्रत्याशित भीड़ होती है। और उसका दबाव रविवार शाम से ही दिखने लगता है। प्रशासन की चिंता होती है कि रविवार को कोई बैक लाग नहीं रह जाए। कतार में कतारबद्ध हो एक भक्तों का जलार्पण करा दिया जाय। इसको ध्यान में रखकर ही निर्णय लिया गया है कि रविवार और सोमवार को शीघ्रदर्शनम की सुविधा नहीं दी जाएगी।

श्रावणी मेला शुरू होने के बाद दो दिन में शीघ्रदर्शनम कूपन लेकर 7709 भक्तों ने जलार्पण किया है। जिसमें पहला दिन 3,987 और दूसरा दिन 3722 भक्त ने लाभ लिया है। प्रशासन की मंशा स्पष्ट है कि इस सुविधा को रविवार और सोमवार को बहाल रखने से आम भक्तों को परेशानी हो सकती है। बता दें कि मेला को ध्यान में रखकर ही इस साल डेडिकेटेड शीघ्रदर्शनम कतार की व्यवस्था शुरू की गयी है। श्रावणी मेला में शीघ्रदर्शनम कूपन की राशि 600 रुपया है। और यह सुविधा रविवार और सोमवार को छोड़कर बाकि पांच दिन मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को बहाल है। इन पांच दिनों में सुबह छह बजे से यह सुविधा मिलने लगती है। भक्तों को इस साल राहत मिली है। जिसकी वह चर्चा कर रहे हैं।

# कौलेश्वरी मंदिर की सड़कें होगी चौड़ी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल कौलेश्वरी पर्वत आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जल्द ही आवागमन की सुविधा बेहतर होने की उम्मीद है। कालेश्वरी मंदिर तक पहुंचने वाले फारेस्ट के प्रमुख मार्ग को सुगम बनाने की दिशा में उत्तरी वन प्रमंडल ने महत्वपूर्ण पहल की है। इसके तहत जूठा से बेलतरनी तक 2.8 किलोमीटर लंबी एवं 12 फीट चौड़ी पीसीसी सड़क के निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) को भेज दिया गया है।

प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वर्तमान में इस मार्ग की स्थिति कई स्थानों पर खराब है। कच्ची होने के कारण बरसात में और बदतर हो जाती है। जिससे श्रद्धालुओं, स्थानीय ग्रामीणों तथा पर्यटकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

सड़क बनने से न केवल यात्रा आसान होगी, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। कालेश्वरी पर्वत झारखंड के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल है। जहां साल भर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। चैत्र नवरात्र और अन्य धार्मिक अवसरों पर यहां श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ जाती है।

कौलेश्वरी मंदिर विकास समिति के सदस्य अमरेंद्र कुमार केसरी कहते हैं कि चैत्र नवरात्र में दस दिवसीय मेला का आयोजन होता है। उस दौरान आठ से दस लाख श्रद्धालु यहां आते हैं।

उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं विदेशी पर्यटकों की संख्या भी अच्छी खासी रहती है। आगे कहा कि बेहतर सड़क सुविधा की लंबे समय से मांग की जा रही है। उनका कहना है कि सड़क बनने से कालेश्वरी आने वाले श्रद्धालुओं को काफी राहत मिलेगी।

# 50 से ज्यादा मेडिकल छात्रों को किया गया सम्मानित

## 28 वर्षों में 18 हजार से अधिक छात्र डॉक्टर बने: संजय आनंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** कोयलांचल में मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की तैयारी कराने वाले अग्रणी संस्थान गोल एजुकेशन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड ने इस वर्ष भी नीट में सफल 50 से अधिक छात्रों को सम्मानित किया। संस्थान के धनबाद ब्रांच में आयोजित समारोह में सफल छात्रों को कैश अवार्ड, ट्रॉफी, मेडल, स्टेथोस्कोप और एप्रन देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सफल छात्र, उनके माता-पिता, अभिभावक और संस्थान के शिक्षक उपस्थित थे।

कुलपति बोले- छोटी जगह से बड़ी सफलता गर्व की बात है मुख्य अतिथि विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राम कुमार सिंह ने गोल संस्थान की सराहना की। उन्होंने कहा, ?धनबाद जैसी छोटी जगह से हर वर्ष इतनी बड़ी संख्या में छात्रों का मेडिकल में चयन होना





वास्तव में गर्व की बात है। गोल संस्थान समाज, राज्य और राष्ट्र के लिए उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। डॉ. संजीत कुमार समेत कई सफल छात्र सम्मानित। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित शहर के सुप्रसिद्ध इंटरनल सर्जन डॉ. संजीत कुमार ने भी सफल छात्रों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि उनकी धर्मपत्नी भी धनबाद मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक एवं प्रोफेसर हैं। उन्होंने कहा कि गोल के अनुशासित माहौल की वजह से ही यहां के छात्र बड़ी संख्या में मेडिकल कॉलेजों में पढ़ रहे हैं।

**चेयरमैन बोले- 18 हजार से अधिक छात्र बने डॉक्टर-** गोल इंस्टीट्यूट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक बीपी सिंह ने कहा कि इस बार भी रिकॉर्ड संख्या में छात्रों ने मेडिकल में सफलता पाई है। यह संस्थान पर अभिभावकों के विश्वास का परिणाम है। संस्थान के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने बताया कि पिछले 28 वर्षों में गोल से 18 हजार से अधिक छात्र डॉक्टर और हजारों छात्र इंजीनियर? बनकर देश-विदेश में सेवा दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2003 से 2024 तक 24 वर्षों में गोल संस्थान से हजारों छात्रों ने डॉक्टर बनने का सपना पूरा किया है। सफल छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय श्रेष्ठ क्लासरूम, टेस्ट सीरीज, उचित मार्गदर्शन, विशेष टीचर्स के समर्पण, हॉस्टल के कम्यूनिटी माहौल और अनुशासित वातावरण को दिया। संस्थान के एकेडमिक हेड दीपक सिंह और भारती सिन्हा ने भी छात्रों को बधाई दी और कहा कि भविष्य में नीट का पैटर्न कुछ भी हो, गोल छात्रों को सर्वोत्तम मार्गदर्शन देता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन चीफ को-ऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रांची हेड शुभम जी और पूरी धनबाद टीम का योगदान रहा।

# विभिन्न मांगों को ले छात्रों का धरना-प्रदर्शन जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग एवं झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा विभिन्न चयन परीक्षाओं में हो रहे अनियमितता और भारी धांधली का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। मांडू, रामगढ़ निवासी व जेपीएससी अभ्यर्थी राम अवतार महतो द्वारा जेपीएससी जेएसएससी भ्रष्टाचार मुक्त भर्ती महाभियान प्रशासन को सूचना देने के साथ लगातार चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है।बता दें कि, 6 जुलाई को मुख्यमंत्री सचिवालय रांची, 13 जुलाई को शांतिपूर्ण आंदोलन का सूचना उपायुक्त रांची, 13 जुलाई को कोतवाली थाना प्रभारी को आंदोलन की सूचना, 14 जुलाई को जेपीएससी परीक्षा स्थगित करने का आवेदन, 24 जुलाई को उपायुक्त रांची बापू वाटिका में सत्याग्रह धरना, 28 जुलाई को उपयुक्त रांची को सत्याग्रही धरना स्थल बदल कर जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम।

वहीं 28 जुलाई को धरनास्थल से अल्बर्ट एक्का चौक तक संविधान पदयात्रा, 30 जुलाई को कोतवाली थाना में आंदोलन भंग करने वाले उपद्रवियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, 30 जुलाई को उपायुक्त, एसडीओ रांची से कथित उपद्रवियों द्वारा सुरक्षा की मांग, 30 जुलाई को कैंडल मार्च निकला गया।इसके तहत बीते 25 जुलाई से बापू वाटिका मोरहाबादी में सत्याग्रह धरना दिया जा रहा था। नेशनल डूरंड फुटबाल मैच होने के कारण प्रशासन की गाइडलाइन पर आंदोलन स्थल का बदलाव करते हुए 28 जुलाई को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम रांची में शांतिपूर्ण सत्याग्रह चलाया जा रहा है एवं 29 जुलाई को धरनास्थल अल्बर्ट एक्का चौक तक छात्रों द्वारा संविधान यात्रा निकाली गई। संविधान यात्रा सफल होने के साथ ही, अभ्यर्थी राम अवतार महतो पर आंदोलन तोड़ने एवं खत्म करने को लेकर लगातार उपद्रवियों द्वारा दबाव बनाए जाने लगा। जिससे आहत होकर अभ्यर्थी राम अवतार महतो द्वारा 30 जुलाई को कोतवाली थाना में कथित उपद्रवियों पर नाम दर्ज शिकायत दर्ज की गई।

# मइयां सम्मान योजना की सूची से हटाये गये 653 अपात्र लाभुकों के नाम

## भौतिक सत्यापन में पाये गये अयोग्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत जिले की 653 महिलाओं के नाम लाभुकों की सूची से हटा दिए गए हैं। विभिन्न प्रखंडों में कराए गए भौतिक सत्यापन के दौरान इन महिलाओं को योजना के लिए अयोग्य पाया गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित अधिकारियों ने उनके नाम सूची से हटाने की कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, सबसे अधिक 204 लाभुकों के नाम केतार प्रखंड से हटाए गए हैं। वहीं कांडी प्रखंड में 70 महिलाओं को योजना के लाभ से वंचित किया गया है। रंका प्रखंड में 45, मझिआंव व धुरकी में 37, बरडीहा में 35, मेराल में 33, श्री बंशीधर नगर में 30, भंडरिया में 29, इसके अलावा अन्य प्रखंडों और शहरी क्षेत्रों में भी अयोग्य लाभुकों के नाम सूची से हटाए गए हैं।

भौतिक सत्यापन के दौरान यह सामने आया कि कई महिलाओं के पति सरकारी शिक्षक, पुलिसकर्मी और पारा शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त कुछ महिलाओं के परिवार आयकर और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में पाए गए।कई मामलों में लाभुकों की आय और सामाजिक स्थिति योजना की निर्धारित पात्रता शर्तों के अनुरूप नहीं पाई गई।

जांच में यह भी पता चला कि कुछ महिलाओं की आयु निर्धारित सीमा से अधिक थी। 50 वर्ष से अधिक आयु होने के कारण भी कई लाभुकों का नाम सूची से हटा दिया गया है। जिला प्रशासन की ओर से कहा गया है कि योजना का लाभ केवल पात्र महिलाओं को ही उपलब्ध कराया जाएगा। ताकि वास्तविक जरूरतमंदों तक योजना का लाभ पहुंचाया जा सके।

गढ़वा जिले में मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के कुल दो लाख 22 हजार 765 लाभुक है। जिनके बैंक खाते में राशि भेजी जा चुकी है। बरडीहा प्रखंड में 7502, बरगढ़ प्रखंड में 3478, भंडरिया में 6055, भवनाथपुर में 9398, विशुनपुरा में 6140, चिनियां में 5976, डंडा में 3683, डंडई में 12838, धुरकी में 9153, गढ़वा में 24919, गढ़वा नगर परिषद में 5073, कांडी में 17315, केतार में 8432, खरौंधी में 8023, मझिआंव नगर पंचायत में 2824, मझिआंव में 8470, मेराल में 25706, श्री बंशीधर नगर में 14920, श्री बंशीधर नगर पंचायत में 1615, रमकंडा में 7435, रमना में 13377, रंका में 15248, सगमा में 5185 लाभुक हैं।

# बस की ठोकर से किशोर की मौत

**गावां।** गिरिडीह जिले के गावां-सतगावां मुख्य पथ स्थित अंतरो पुल के पास रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। हादसा सुबह करीब छह बजे उस समय हुआ, जब बाइक से आलमपुर जा रहे पियूष कुमार की सामने से आ रही गंगा डीलक्स बस से जोरदार टक्कर हो गई। मृतक की पहचान गावां थाना क्षेत्र के खजिया गांव निवासी मनोज यादव के पुत्र पियूष कुमार के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि पियूष सड़क पर गिर पड़ा और उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। हादसे में सिर का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और स्वजन को सूचना दी गई।

परिजन गंभीर रूप से घायल पियूष को तत्काल बाइक से गावां अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. शहंशाह खान ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, गिरिडीह रेफर कर दिया।

# अस्पताल की व्यवस्था देख भड़की विधायक

## मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारसोई / कटिहार।** बारसोई अनुमंडल अस्पताल में उस समय हड़कंप मच गया। जब बलरामपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता देवी बिना पूर्व सूचना के औचक निरीक्षण के लिए अस्पताल पहुंच गईं। विधायक ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, दवा भंडार, चिकित्सकीय सुविधाओं तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच के दौरान सामने आई कमियों पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों व कर्मियों को तत्काल सुधार के सख्त निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान विधायक संगीता देवी ने अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. एमए. उस्मानी से स्पष्ट कहा कि सरकारी अस्पताल की जिम्मेदारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उपाधीक्षक होने के नाते आपकी जवाबदेही हजारों गरीब और जरूरतमंद मरीजों के प्रति है। इसलिए निजी क्लीनिक की अपेक्षा सरकारी अस्पताल में अधिक समय दें और यह सुनिश्चित करें कि इलाज के अभाव में किसी मरीज की जान न जाए।हाल ही में अस्पताल में हुई मरीज की मौत का जिक्र करते हुए विधायक ने गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसी



घटनाएं बेहद पीड़ादायक हैं। और स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि यदि किसी भी मरीज की जान लापरवाही के कारण जाती है तो जिम्मेदार लोगों को हर हाल में जवाब देना होगा।विधायक ने डॉक्टरों, नर्सों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ निभाएं। मरीजों के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता या अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। शिकायत मिलने पर दोषी कर्मियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। विधायक के अचानक अस्पताल पहुंचने से पूरे परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई अधिकारी एवं कर्मचारी तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने में जुट गए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल प्रशासन को स्पष्ट संदेश दिया कि सरकार की प्राथमिकता बेहतर स्वास्थ्य सेवा है और इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। इस अवसर पर डीआर रीमा सरकार, राजीव नयन प्रसाद, डॉ प्रेम कुमार, अस्पताल प्रबंधक सद्दाम हुसैन, प्रधान सहायक चंदन झा आदि दर्जन लोग मौजूद रहे।

# गांवों की सुधरेगी स्वास्थ्य व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिमडेगा।** आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन की नियमित मॉनिटरिंग, समीक्षा और फील्ड फॉलोअप का सकारात्मक परिणाम जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में देखने को मिला है। बांसजोर प्रखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बोंगेरा और बरडेगा ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एनक्यूएएस के तहत प्रमाणन प्राप्त कर जिले को नई पहचान दिलाई है।बोंगेरा केंद्र को 89.07 प्रतिशत तथा बरडेगा को 86.92 प्रतिशत अंक मिले हैं। स्वास्थ्य केंद्रों में पहले दस्तावेजीकरण, संक्रमण नियंत्रण, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, रिकॉर्ड संधारण और रोगी सेवाओं में सुधार की आवश्यकता महसूस की गई थी। इसके पश्चात प्रत्येक केंद्र का गैप असेसमेंट कराया, सुधारात्मक कार्ययोजना तैयार की और स्वास्थ्य कर्मियों को नियमित प्रशिक्षण व तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया।

नियमित समीक्षा बैठक, निरीक्षण, फील्ड मॉनिटरिंग और चेकलिस्ट आधारित मॉनिटरिंग से गुणवत्ता में लगातार सुधार की दिशा में कार्य हुए।पहले यहां प्रतिदिन 5 से 8 मरीज ओपीडी में पहुंचते थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 15 से 20 हो गई है। केंद्रों पर 24 घंटे आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी लगातार सेवाएं दे रहे हैं।

संस्थागत प्रसव की सुविधा मजबूत होने से सामान्य प्रसव स्थानीय स्तर पर सुरक्षित रूप से कराए जा रहे हैं तथा केवल जटिल मामलों को ही उच्च केंद्रों के लिए रेफर किया जा रहा है। साथ ही स्वच्छता, जवाबदेही, रोगी-केंद्रित सेवाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। अब जिले के अन्य आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को भी राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

# ग्रामीण कार्य विभाग का कार्यालय जर्जर

## टपकता है पानी, संचिकाएं सुरक्षित रखना मुश्किल





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** दीपुगढ़ा स्थित ग्रामीण कार्य विभाग के अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल, हजारीबाग का कार्यालय इन दिनों अपनी बदहाली की कहानी खुद बयां कर रहा है। विडंबना यह है कि जिस कार्यालय से हजारीबाग, चतरा, रामगढ़ और कोडरमा जिले की ग्रामीण सड़कों के निर्माण, मरम्मत और करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की निविदाओं का संचालन होता है, वही कार्यालय आज जर्जर भवन में संचालित हो रहा है।

हर वर्ष यहां से 50 लाख से लेकर एक करोड़ रुपये तक की ग्रामीण सड़क योजनाओं की निविदाओं का निष्पादन किया जाता है, लेकिन इन योजनाओं को गति देने वाले कर्मचारी खुद असुरक्षित माहौल में काम करने को मजबूर हैं।

कार्यालय का भवन वर्षों पुराना है। इसकी छत अलबेस्टर शीट की बनी है, जो अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। बारिश के दौरान लगभग पूरे भवन में पानी टपकता है।

दीवारों का प्लास्टर उखड़ चुका है और अंदर लगी फॉल्स सीलिंग जगह-जगह टूटकर लटक रही है। कर्मचारियों का कहना है कि कार्यालय में बैठते ही मन में यही डर बना रहता है कि पता नहीं कब छत या फॉल्स सीलिंग का कोई हिस्सा गिर पड़े और बड़ा हादसा हो जाए।

स्थिति इतनी खराब है कि सरकारी दस्तावेजों और महत्वपूर्ण फाइलों को सुरक्षित रखना भी चुनौती बन गया है। कर्मचारियों को दिनभर फाइलें इधर-उधर हटानी पड़ती हैं ताकि उन पर पानी न गिरे। बारिश के समय पूरे परिसर में पानी टपकने के कारण कार्यालय का सामान्य कामकाज भी प्रभावित होता है।

कार्यालय के दरवाजे और खिड़कियां भी टूट चुकी हैं। कई खिड़कियों को प्लास्टिक के बोरे लगाकर बंद किया गया है, ताकि बारिश का पानी अंदर न आए। भवन के चारों ओर झाड़ियां उग आई हैं। कर्मचारियों को यह भी चिंता सताती है कि कार्यालय बंद होने के बाद कहीं असामाजिक तत्व महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेजों को नुकसान न पहुंचा दें।

कंप्यूटर ऑपरेटर अनीश कुमार ने बताया कि बरसात के मौसम में कंप्यूटरों को प्लास्टिक से ढंककर रखना मजबूरी बन गई है। डर बना रहता है कि यदि पानी कंप्यूटर पर गिर गया तो वर्षों का महत्वपूर्ण सरकारी डाटा नष्ट हो सकता है। यही कारण है कि खिड़कियों को भी प्लास्टिक के बोरे लगाकर बंद रखा जाता है, ताकि बारिश का पानी अंदर प्रवेश न कर सके।

विभाग के प्रधान लिपिक ने बताया कि भवन की मरम्मत हुए कई वर्ष बीत चुके हैं। अब यह कार्यालय भवन काम करने योग्य नहीं रह गया है। कर्मचारी हर दिन भय के माहौल में अपनी जिम्मेदारियां निभाते हैं। बरसात के समय सबसे अधिक परेशानी होती है, क्योंकि पूरा भवन टपकता है और फॉल्स सीलिंग गिरने का खतरा हमेशा बना रहता है। उन्होंने बताया कि भवन प्रमंडल द्वारा नए कार्यालय भवन के निर्माण के लिए डीपीआर तैयार कर ली गई है। स्वीकृति मिलते ही नए भवन का निर्माण शुरू होगा।

# टूटा मंच, गिरे मंत्री, अफरातफरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले के कल्याणडीह में वन महोत्सव के दौरान बड़ा हादसा टल गया। आयोजित वन महोत्सव सह शिलान्यास कार्यक्रम में स्वागत समारोह के दौरान अचानक मंच टूटकर नीचे बैठ गया।

मंच पर मौजूद झारखंड के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार, गिरिडीह की महापौर प्रमिला मेहरा, एसपी डॉ. बिमल कुमार, नगर आयुक्त विजय सिंह बिरुआ समेत अन्य अतिथि और पदाधिकारी मंच पर गिर पड़े। अचानक मंच के धंसते ही कुछ पल के लिए कार्यक्रम स्थल पर अफरातफरी मच गई। हालांकि, गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं लगी। दरअसल, अतिथियों के मंचासीन होने के बाद स्वागत का सिलसिला चल रहा था। वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी मंत्री सुदिव्य कुमार को पौधा देकर स्वागत करने पहुंचे ही थे कि अचानक मंच का एक हिस्सा टूट गया और मंच नीचे बैठ गया। मंच पर मौजूद सभी लोग अपना संतुलन खो बैठे, लेकिन किसी तरह खुद को संभाल लिया।

हादसे के बाद भी कार्यक्रम नहीं रोका गया। तत्काल टूटे मंच पर कुर्सियों को व्यवस्थित किया गया। इसके बाद मंत्री समेत सभी अतिथि और पदाधिकारी दोबारा मंचासीन हुए और कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।

मंत्री सुदिव्य ने कहा कि हमें जंगल के साथ-साथ खुद को भी समझने की जरूरत है। हमारे जीवन के अस्तित्व के लिए पेड़-पौधे कितने महत्वपूर्ण हैं, यह जानने की आवश्यकता है। जंगल के मालिक जनता है और वन विभाग चौकीदार।

यदि मालिक नहीं चाहेंगे तो चौकीदार इसकी रक्षा नहीं कर सकता। जंगल आपकी संपत्ति है। इसे बचाने के लिए आपको आगे आना होगा। जंगल बचेगा तभी पर्यावरण का संरक्षण होगा। इस दौरान मंत्री ने हाथी से प्रभावित तीन लोगों को मुआवजा की राशि दी।

पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी तिवारी ने स्वागत भाषण में कहा कि इस वर्ष 60 लाख पौधे लगाए गए हैं। नगर वन को सीसीएल के सौजन्य से राक पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें अभी लगभग 35 प्रजातियों के पौधे लगे हैं। इस पार्क के बनने से आसपास के लोगों को काफी लाभ होगा।

## एक नजर

### झारखंड में बारिश की असमानता से प्रभावित हुई धान की रोपनी

**रांची**। झारखंड में अब तक मानसूनी वर्षा सामान्य से केवल 28 प्रतिशत कम दर्ज की गई है, लेकिन राज्यभर में समान रूप से बारिश नहीं होने का असर खरीफ खेती पर साफ दिखाई दे रहा है। सबसे अधिक क्षेत्रफल में बोई जाने वाली धान की फसल की रोपनी कई जिलों में संतोषजनक रही है, जबकि पलामू और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल काफी पीछे हैं। कृषि निदेशालय के अनुसार 31 जुलाई तक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल में धान की रोपनी लक्ष्य के केवल 12.04 प्रतिशत क्षेत्र में ही हो सकी है, जबकि पलामू प्रमंडल में यह आंकड़ा महज 10.11 प्रतिशत रहा। दोनों ही प्रमंडलों में लक्ष्य के 15 प्रतिशत क्षेत्र में भी धान की रोपनी नहीं हो पाई है। राज्य में खरीफ फसलों के लिए कुल 28 लाख 53 हजार 908 हेक्टेयर क्षेत्र में खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें अकेले धान की खेती के लिए 18 लाख 1 हजार 400 हेक्टेयर भूमि का लक्ष्य रखा गया है। कृषि निदेशालय, रांची के आंकड़ों के अनुसार 31 जुलाई तक सभी खरीफ फसलों का कुल आच्छादन लक्ष्य के मुकाबले 43.55 प्रतिशत ही हो सका है। वहीं, धान का आच्छादन 42.61 प्रतिशत दर्ज किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आने वाले दिनों में अच्छी वर्षा नहीं हुई तो धान की खेती पर इसका और अधिक असर पड़ सकता है।

### आरोपित के घर न्यायालय के आदेश पर उद्घोषणा नोटिस चस्पा

**गिरियक**। सहायक थाना पावापुरी क्षेत्र के गाजीपुर गांव में चार वर्षों से फरार चल रहे एक आरोपी के घर शनिवार को न्यायालय के आदेश पर उद्घोषणा नोटिस चस्पा किया गया। यह कार्रवाई तिलैया थाना कांड संख्या 214/2022 के आरोपी विक्की कुमार के विरुद्ध की गई।तिलैया थाना के एसआई सुजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल एवं पावापुरी ओपी पुलिस की टीम ने गाजीपुर गांव पहुंचकर आरोपी के घर पर न्यायालय का उद्घोषणा नोटिस चस्पा किया। पुलिस के अनुसार विक्की कुमार के खिलाफ दर्ज मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बावजूद वह पिछले चार वर्षों से फरार चल रहा था।एसआई सुजीत कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश के आलोक में उद्घोषणा की कार्रवाई की गई है। यदि निर्धारित तिथि तक आरोपी न्यायालय में उपस्थित नहीं होता है, तो उसके विरुद्ध विधि सम्मत आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान तिलैया थाना पुलिस एवं पावापुरी ओपी की टीम मौजूद रही।

### जदयू नेता के घर से 20 लाख की संपत्ति चोरी

हरनौत। थाना क्षेत्र के रूपसपुर गांव में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। महज 48 घंटे के भीतर दूसरी बड़ी चोरी की वारदात ने ग्रामीणों में दहशत फैला दी है। इस बार अज्ञात चोरों ने जनता दल (यू) के प्रदेश महासचिव एवं पूर्व प्रवक्ता संजय कांत सिन्हा के बंद पड़े पैतृक आवास को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात, नकदी और अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।रविवार सुबह घर की साफ-सफाई के लिए पहुंचे नौकर ने मुख्य दरवाजा और कई कमरों के टूटे ताले देख परिजनों को सूचना दी। पटना से पहुंचे परिवार के लोगों ने देखा कि 7-8 गोदरेज अलमारियों, बक्सों और लॉकरों के ताले तोड़कर सामान बिखेर दिया गया था। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार 15 से 20 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात, नकदी तथा अन्य सामान चोरी हुआ है। महत्वपूर्ण दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है।सूचना पर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड ने घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य जुटाए, जबकि आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि यह सुनियोजित चोरी प्रतीत होती है और आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।गौरतलब है कि शुक्रवार रात भी इसी गांव के एक बंद मकान से करीब 20 लाख रुपये की चोरी हुई थी। लगातार दूसरी वारदात के बाद ग्रामीणों ने पुलिस गश्ती बढ़ाने, संदिग्धों की जांच तेज करने और विशेष टीम गठित कर दोनों मामलों का शीघ्र खुलासा करने की मांग की है।

### करंट लगने से किसान की मौत

**बिहारशरीफ**। सिलाव थाना क्षेत्र के बरनौसा गांव में रविवार को खेत की सिंचाई के दौरान करंट लगने से 50 वर्षीय किसान की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई, जबकि पूरे गांव में शोक का माहौल है।मृतक की पहचान बरनौसा गांव निवासी नरेश सिंह (50 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार नरेश सिंह खेत में पटवन करने गए थे। पानी की पाइप बिछाने के बाद वह मोटर चालू करने के लिए बिजली के तार में श्टोकाश् फंसा रहे थे। इसी दौरान अचानक टोका टूटकर उनके हाथ पर गिर गया, जिससे उन्हें जोरदार करंट लगा। बिजली का झटका इतना तेज था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची सिलाव थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया।सिलाव थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में फिलहाल परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

### भैंस बचाने के प्रयास में युवक की मौत

**बिहारशरीफ**। सरमेरा थाना क्षेत्र के धनवाडीह रोड के समीप रविवार को एक दर्दनाक हादसे में 19 वर्षीय युवक की पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान गोपालबाद गांव निवासी श्रवण यादव के पुत्र अनीश कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक का माहौल है।परिजनों के अनुसार अनीश धनवाडीह रोड के किनारे भैंस चरा रहा था। इसी दौरान एक भैंस पानी से भरे गहरे गड्ढे में चली गई। उसे बाहर निकालने के प्रयास में अनीश पानी में उतर गया, लेकिन तैरना नहीं आने के कारण वह गहरे पानी में डूब गया। आसपास के लोग जब तक उसे बचाने पहुंचते, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।बताया जाता है कि अनीश गुजरात में आरा मशीन पर काम करता था और महज सात दिन पहले ही अपने गांव लौटा था। कुछ दिनों बाद उसे फिर काम पर लौटना था, लेकिन उससे पहले ही यह हादसा हो गया। जवान बेटे की असमय मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।सूचना मिलते ही सरमेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार बिंद ने बताया कि पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### वज्रपात से युवती की मौत

**सरमेरा**। थाना क्षेत्र के पेदी गांव में शनिवार को वज्रपात की चपेट में आने से 18 वर्षीय युवती की मौत हो गई। मृतका की पहचान पेदी गांव निवासी सरोवर राम की पुत्री सानबी कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक का माहौल है।जानकारी के अनुसार सानबी कुमारी गांव के समीप खंधा में धान की रोपाई कर रही थी। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और बारिश शुरू हो गई। बारिश के बीच आकाशीय बिजली (ठनका) गिरने से वह उसकी चपेट में आ गई। आसपास मौजूद लोगों ने उसे तुरंत बचाने का प्रयास किया, लेकिन घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलने पर सरमेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार ने बताया कि वज्रपात की घटना में युवती की मौत हुई है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### विपाशा का दिल्ली विश्वविद्यालय में चयन

**औरंगाबाद**। कासमा रोड स्थित करियर कोचिंग सेंटर बेरी की छात्रा विपाशा कुमारी ने सीयूइटी यूजी परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए देश के प्रतिष्ठित दिल्ली विश्वविद्यालय में अपना नामांकन सुरक्षित कर लिया है। विपाशा कुमारी मूल रूप से तेतरिया गांव की निवासी हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि पूरे बेरी और मदनपुर प्रखंड का नाम रोशन हुआ है। विपाशा बेरी हाई स्कूल से 10वीं और 12वीं (कला संकाय) की पास आउट छात्रा रही हैं। अपनी सफलता का श्रेय देते हुए विपाशा ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने में उनके माता-पिता का मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग सबसे महत्वपूर्ण रहा। साथ ही उन्होंने अपने कोचिंग संस्थान के शिक्षक रविकांत कुमार, अजय कुमार और डब्लू कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके सही मार्गदर्शन और अध्ययन रणनीति ने उन्हें इस परीक्षा को क्रैक करने में मदद की।

# 30 अगस्त को रांची में होगी आदिवासी एकता महाजुटान रैली



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। आदिवासी समाज झारखंड के बैनर तले 30 अगस्त को रांची के मोरहाबादी मैदान में 'आदिवासी एकता महाजुटान रैली' आयोजित होगी।दरअसल, लोकसभा और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रस्तावित परिसीमन से आदिवासी आरक्षित सीट घटने की आशंका है, साथ ही आदिवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए भी रैली का आयोजन किया जा रहा है।

रैली की तैयारी को लेकर रविवार को झारखंड के पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के आवास पर समीक्षा बैठक की।मीटिंग में बंधु तिर्की के अलावा पूर्व मेयर रमा खलखो, सामाजिक कार्यकर्ता दयामनी बारला समेत 10 जिलों के जनजातीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मीटिंग के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए बंधु तिर्की ने बताया कि 30 अगस्त को प्रस्तावित 'आदिवासी एकता महजुटान रैली' की तैयारियों को लेकर जिम्मेदारियां बांट दी गई है। हर जिले में 'महाजुटान रैली' के प्रचार प्रसार के लिए संयोजक, उप संयोजक की नियुक्ति की गई है और खुद भी जल्द सभी जिलों का दौरा करेंगे।संवाददाता सम्मेलन के दौरान बंधु तिर्की ने कहा कि पिछली बार भी परिसीमन के समय झारखंड में आदिवासी आरक्षित सीट घटाए जाने की योजना थीं लेकिन तब झारखंड की ओर से जोरदार विरोध के बाद डॉ. मनमोहन सिंह सरकार ने विशेष परिस्थिति का हवाला देकर झारखंड में परिसीमन टाल दिया था। बंधु तिर्की ने बताया कि एक बार फिर परिसीमन होने जा रहा है, ऐसे में हमें सजग रहना होगा ताकि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित लोकसभा और विधानसभा की सीटें नहीं घटे।

# शिबू सोरेन की पहली पुण्यतिथि पर लुकैयाटांड़ में होगा भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम

## सीएम हेमंत करेंगे गुरुजी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़**। झारखंड आंदोलन के पुरोधा और राज्य के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले दिशोम गुरु दिवंगत शिबू सोरेन की पहली पुण्यतिथि 4 अगस्त को उनके पैतृक गांव रामगढ़ के नेमरा, लुकैयाटांड़ में मनाई जाएगी। इस अवसर पर भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ कई मंत्री और नेता शामिल होंगे और लुकैयाटांड़ स्थित सोना सोबरन स्कूल के प्रांगण में स्थापित गुरुजी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करेंगे। शिबू सोरेन की पुण्यतिथि कार्यक्रम को लेकर नेमरा व लुकैयाटांड़ में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कार्यक्रम स्थल पर भव्य पंडाल तैयार किया जा रहा है। बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ताओं, समर्थकों और गुरुजी को अपना आदर्श मानने वाले लोगों के कार्यक्रम में पहुंचने की संभावना है।आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में भी उत्साह देखा जा रहा है। इस संबंध में जेएमएम संयोजक मंडली के सदस्य विनोद किस्कू ने बताया कि 4 अगस्त को गुरुजी की पुण्यतिथि पर विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित की जाएगी।उन्होंने कहा कि लुकैयाटांड़ में गुरुजी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण होना है।इसके लिए भव्य पंडाल बनाया



जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुरुजी को चाहने और उन्हें अपना आदर्श मानने वाले बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं जिला परिषद सदस्य रेखा सोरेन ने कहा कि लुकैयाटांड़ में गुरुजी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा।पहली पुण्यतिथि को लेकर तैयारियां चल रही हैं।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में गुरुजी के परिवार के सदस्य भी मौजूद रहेंगे।उनके अनुसार, परिवार के साथ बड़ी संख्या में समर्थक और स्थानीय लोग भी श्रद्धांजलि देने पहुंचेंगे।

# 1700 से अधिक अयोग्य कार्डधारी किए गए चिन्हित

**लातेहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। जिले में अयोग्य राशन कार्डधारियों पर जिला प्रशासन का सख्त रुख अपनाया है। जिले में 1700 से अधिक ऐसे राशन कार्डधारियों को चिन्हित किया गया है, जो इसके लिए योग्य नहीं हैं। चिन्हित राशन कार्डधारियों को जिला आपूर्ति विभाग द्वारा नोटिस जारी कर दो दिनों के अंदर अपना राशन कार्ड सरेंडर करने का निर्देश दिया गया है। अन्यथा उनसे अब तक उठाए गए पूरे राशन की कीमत वसूली की जाएगी। लातेहार जिले में कुल 1 लाख 42 हजार 138 राशन कार्ड धारी परिवार हैं, जिन्हें सरकारी योजना के तहत मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जाता है।इनमें पीएचएच कार्ड धारी परिवारों की संख्या 1,27,940 है, जबकि अंत्योदय कार्ड धारी परिवारों की संख्या 14,198 है।इस प्रकार पूरे जिले में 6,79,874 लोगों को मुफ्त सरकारी राशन मिलता है।हालांकि इनमें कई ऐसे लोग भी शामिल हैं जो राशन कार्ड रखने की शर्तों को पूरा नहीं करते हैं।

# रांची में पहली सोमवारी को लेकर मंदिरों में प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। श्रावण मास की पहली सोमवारी को लेकर राजधानी रांची पूरी तरह शिवमय होने जा रही है।लाखों श्रद्धालुओं के जलाभिषेक और दर्शन को देखते हुए प्रशासन और मंदिर समितियों ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर, चुटिया स्थित प्राचीन सुरेश्वर धाम, 21 महादेव धाम और अन्य प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु दर्शन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर के पट सोमवार तड़के सुबह 3:30 बजे



मंगला आरती के साथ खुलेंगे। इसके बाद सुबह 4:00 बजे से श्रद्धालुओं के लिए दर्शन और जलाभिषेक शुरू हो जाएगा।भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं को बिना किसी परेशानी के जल चढ़ाने की सुविधा देने के लिए इस बार मुख्य मंदिर के साथ-साथ विश्वनाथ मंदिर और महाकाल मंदिर में भी अरघा सिस्टम लगाया गया है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ जन जागरूकता बढ़ाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो के जिला कार्यालय में संगठन की आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रभारी ओमप्रकाश ने की, जबकि राष्ट्रीय सचिव आदित्य श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

बैठक में भ्रष्टाचार के खिलाफ जनजागरूकता अभियान, सामाजिक सरोकारों तथा संगठन की भावी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। राष्ट्रीय सचिव आदित्य श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन देश के विभिन्न राज्यों में भ्रष्टाचार के विरुद्ध लगातार अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा




## 30 अगस्त को लगेगा रक्तदान महाशिविर

कि भ्रष्टाचार समाज और व्यवस्था के सामने गंभीर चुनौती है, जिससे निपटने के लिए जनजागरूकता और सामाजिक सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने बताया कि संगठन न्याय एवं जनहित से जुड़े मुद्दों के साथ-साथ जरूरतमंद और वंचित लोगों की सहायता के लिए भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। बैठक में आगामी 30 अगस्त को रक्तदान महाशिविर एवं रक्तदाता महायोद्धा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके माध्यम से युवाओं और आम लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रक्तदाताओं एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगों को 'रक्तवीर योद्धा सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। संगठन ने अधिक से अधिक युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और संस्थाओं से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। बैठक में मीडिया प्रभारी आदित्य नारायण, जिला व्यावसायिक प्रभारी संदीप कुमार, ओबरा प्रखंड प्रभारी सुनील सिन्हा, अमित कुमार, आदित्य कुमार सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रव्यापी पदयात्रा को लेकर सीपीआई की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा**। बस स्टैंड स्थित कामरेड रामशरण यादव स्मारक स्थल परिसर में रविवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) अंचल कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कामेश्वर सिंह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए अंचल मंत्री चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि पार्टी के आह्वान पर 6 से 15 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी पदयात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि पदयात्रा के माध्यम से किसानों, मजदूरों और आम जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया जाएगा। पूर्व जिला मंत्री जगनारायण सिंह 'विकल' ने कहा कि आगामी 1 सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रैली में रोजगार, सस्ती शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा, किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी, महिला आरक्षण, भूमिहीनों को जमीन और आवास उपलब्ध कराने, बढ़ते अपराध पर रोक तथा भ्रष्टाचार पर अंकुश जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। बैठक में श्रीकिसुन प्रसाद, अरुण कुमार रंजन, राजकुमार सिंह, अवध किशोर, राम एकबाल सिंह, पूर्व प्रमुख नागेश्वर यादव, विजय कुमार, श्याम किशोर, अर्जुन यादव, मनोज यादव, विजय यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार रखे।

# पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह के पिता स्व. यमुना बाबू की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। कांग्रेस के पूर्व विधायक एवं वर्तमान जिला अध्यक्ष आनंद शंकर सिंह के पिता स्व. यमुना बाबू की प्रथम पुण्यतिथि रविवार को उनके पैतृक गांव रायपुरा में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं, समाजवादियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने स्व. यमुना बाबू के सामाजिक जीवन, जनसेवा और स्वाभिमानी व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि वे जनहित के मुद्दों पर हमेशा मुखर रहते थे। समाजसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और जनता के बीच उनकी लोकप्रियता उन्हें एक अलग पहचान दिलाती थी। उन्होंने औरंगाबाद सदर विधानसभा क्षेत्र से एक बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव भी लड़ा था, जिसमें उन्हें उल्लेखनीय जनसमर्थन प्राप्त हुआ था। पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह ने अपने पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे उनके आदर्शों और सिद्धांतों पर चलकर समाज और



जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष, विभिन्न प्रखंड अध्यक्षों, प्रदेश कृषि संगठन के समन्वयक धीरेंद्र सिंह, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान, रविंद्र कुमार सिंह, संजीव सिंह, अजय सिंह, अजय कुमार सिंह, नूटुर सिंह, जम्होर के मुखिया नागेंद्र कुमार सिंह, मो. जीना कुरैशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। भारतीय जनता पार्टी उत्तरी मंडल हसपुरा की मासिक बैठक रविवार को डीके शर्मा स्मृति भवन परिसर में मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा वंदे मातरम् के उद्घोष के साथ हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना ने जुलाई माह में प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को शत-प्रतिशत सुनने एवं उसकी जानकारी सरल ऐप पर अपलोड कराने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं की सराहना की। उन्होंने आगामी 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने तथा उसकी तस्वीर सरल ऐप पर अपलोड करने का आह्वान किया। बैठक में संत रविदास के संदेशों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रत्येक शक्ति केंद्र पर टीम गठन, उनकी प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करने तथा रविदास समाज के लोगों के साथ कार्यक्रम आयोजित कर उसकी तस्वीर सरल ऐप पर अपलोड करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान समाज में बढ़ रही धर्म परिवर्तन की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में मंडल महामंत्री गयालाल पंडित एवं संतोष कुमार, मंडल उपाध्यक्ष सुरेश आर्य, मंडल मंत्री गनौरी राम, मंडल महिला मोर्चा की अध्यक्ष राधिका सोनी, जिला अनुसूचित मोर्चा के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार लाला, जिला कार्यसमिति सदस्य बिरेंद्र कुमार, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलश शोभा यात्रा में भक्तों की उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर**। मदनपुर प्रखंड के सलैया पंचायत के लखनपुर में नव निर्मित भगवान शिव की मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर जल भरी कलश शोभा यात्रा निकाली गई। धार्मिक नारों की गुंज से चारों तरफ अध्यात्मिक और धार्मिक वातावरण गुंजायमान बना रहा। नवनिर्मित शिव मंदिर परिसर से सलैया तालाब सैकड़ों नर नारी श्रद्धालु भक्तों ने पवित्र और आस्था भक्ति से ओत-प्रोत कलश में धार्मिक विधिवत विधि-विधान धार्मिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भरी किया गया। इसके बाद कलश लेकर धार्मिक गीतों, नारों और बोलबम बोलबम की नारों से गुंजायमान रहा। देवेन्द्र कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह के सहयोग से शिव मंदिर का निर्माण किया गया जिसमें भगवान की शिव लिंग, नन्दी सहित अन्य देवी-देवताओं की स्थापना



की गई है। विद्वान पंडितों भक्तों द्वारा प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक मुखिया मनोज कुमार चौधरी ने बताया कि प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान के बाद 12 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है जिसमें ग्रामीण लोगों द्वारा हरि कीर्तन किया जा रहा है। 3 अगस्त को महा प्रसाद वितरण भंडारा किया जाएगा।

# बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज जी का जन्मोत्सव मनाने को ले बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। श्री श्री 1008 बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज जी का 96 वां जन्मोत्सव मनाने हेतु बाबा गणिनाथ धर्मशाला बभंडी गांव में जिलाध्यक्ष दिलीप प्रसाद के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बाबा गणिनाथ के 96 वां जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जाए। बैठक में जिले के



प्रत्येक प्रखंडों से प्रखंड अध्यक्ष एवं जिला के कार्यकारी के सदस्यो ने भाग लिया। जिला महासचिव राम पुकार गुप्ता, कोषाध्यक्ष शिवदास प्रसाद, उपकोषाध्यक्ष विजय शरण, सक्रिय सदस्य अनुज कुमार, प्रखंड अध्यक्ष नंदलाल साव, संरक्षक मदन प्रसाद, कुलदीप प्रसाद, रामस्वरूप साव, अजीत प्रसाद, शिक्षक अरुण कुमार, बबन साव, हजारी साव, अरविंद शाह, रामबचन साहू, महेंद्र शाह, जितेंद्र शाह, सुनील साव, कृष्णा साव, डा. अविनाश दीपक एवं राजू कुमार उपस्थित रहे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावियों का सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। संसा रोड स्थित न्यूटेक कंप्यूटर एजुकेशन एंड टाइपिंग सेंटर में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतिभा खोज प्रवेश परीक्षा में शामिल सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष पांच विद्यार्थियों को मेमेंटो, मेडल एवं परिणाम पत्र प्रदान किए गए, जबकि अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार




देकर उनके प्रयासों की सराहना की गई। प्रतियोगिता में रूचि कुमारी ने प्रथम, अंकिता कुमारी ने द्वितीय, सुधांशु कुमार ने तृतीय, विंध्यवासिनी कुमारी ने चतुर्थ तथा रानी कुमारी ने पंचम स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। निदेशक चंदन कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम पाठक तथा नाथ फिजिकल अकादमी के निदेशक रंजीत कुमार उपस्थित रहे। वहीं संस्था के शिक्षक सुजीत कुमार, धीरज कुमार एवं उमा कुमार ने कार्यक्रम के सफल संचालन किया। निदेशक सतीश पाठक ने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने का उद्देश्य उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना तथा शिक्षा एवं कौशल विकास के प्रति प्रेरित करना है।

**कानू-हलवाई विचार मंच ने किया सम्राट चौधरी सरकार के 100 दिन पूरे होने पर अभिनंदन समारोह आयोजित**

# एनडीए सरकार ने अति पिछड़ा एवं वैश्य समाज को सम्मान और भागीदारी दी : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में कानू-हलवाई विचार मंच एवं बंसी चाचा सामाजिक विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के 100 दिन के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बिहार के विभिन्न जिलों से आए लगभग 10 हजार लोगों की सहभागिता रही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पारंपरिक तरीके से भव्य सम्मान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने 100 दिनों के कार्यकाल में विकास, सुशासन और जनसेवा का नया अध्याय लिखा है। उन्होंने कहा कि कानू-हलवाई समाज, अति पिछड़ा समाज और वैश्य समाज की जितनी चिंता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार की एनडीए सरकार ने की है, उतनी किसी अन्य सरकार ने नहीं की। पंचायतों, नगर निकायों और सरकारी नौकरियों में अति पिछड़े समाज की भागीदारी बढ़ाना एनडीए सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि आज समाज के लोग निर्णय प्रक्रिया में सहभागी बनकर विकास की मुख्यधारा का नेतृत्व कर रहे हैं। संजय सरावगी ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले बिहार में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब थी और व्यापारी वर्ग भय के माहौल में जीवन व्यतीत करता था। एनडीए सरकार ने अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित कर बिहार में विश्वास का वातावरण बनाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार निवेश और औद्योगिक विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। बड़े उद्योग समूहों द्वारा राज्य में हजारों करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा इस बदलते बिहार का प्रमाण है। इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और राज्य आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से पलवैया धाम के समग्र विकास के लिए विशेष योजना तैयार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राज्य सरकार धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का विकास कर रही है, उसी प्रकार पलवैया धाम को भी राष्ट्रीय पहचान दिलाई जानी चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में विकसित बिहार के संकल्प को मजबूत करने का आह्वान किया। अंत में उन्होंने कानू-हलवाई विचार मंच द्वारा मुख्यमंत्री को सौंपे गए प्रस्ताव का उल्लेख करते हुए विश्वास जताया कि सरकार समाज के हितों से जुड़े विषयों पर सकारात्मक निर्णय लेगी।

# डिजिटल प्रशिक्षण अभियान को और गति देगी बिहार भाजपा


**एक लाख से अधिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य : मृत्युंजय झा**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी, बिहार प्रदेश के प्रशिक्षण विभाग की महत्वपूर्ण बैठक आज प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर संचालित डिजिटल प्रशिक्षण अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे और अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि बिहार प्रदेश में अब तक लगभग 60 हजार कार्यकर्ता डिजिटल प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं जबकि प्रदेश भाजपा ने एक लाख से अधिक कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अभियान को नई गति देने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 2 से 4 अगस्त के बीच बिहार के सभी 13 संगठनात्मक क्षेत्रों की अलग-अलग वर्चुअल बैठकें आयोजित की जाएंगी। इसके पश्चात 5 से 10 अगस्त के बीच प्रदेश के 52 जिलों की वर्चुअल बैठकें संपन्न होंगी। इन बैठकों में मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, सभी 7 मोर्चों के मंडल पदाधिकारी एवं जिला एवं प्रदेश स्तर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सहभागिता करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड एवं प्रशिक्षण प्रभारी, बिहार ने कहा कि डिजिटल प्रशिक्षण अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के वैचारिक, संगठनात्मक एवं तकनीकी सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, विचार, कार्यपद्धति तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी उपलब्धियों की सम्यक जानकारी देकर उन्हें समाज के बीच प्रभावी भूमिका निभाने के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण मॉड्यूल में भारतीय जनता पार्टी का इतिहास एवं विकास, केंद्र सरकार की प्रमुख उपलब्धियां, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं विचार, नमो ऐप का उपयोग तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर वीडियो आधारित अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई गई है। सभी प्रतिभागी वीडियो देखने के उपरांत ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में भाग लेते हैं तथा सफल होने पर उन्हें डिजिटल प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाता है। बैठक में यह तय हुआ कि विभिन्न स्तरों पर लगातार वर्चुअल बैठकों का आयोजन कर कार्यकर्ताओं को प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि डिजिटल प्रशिक्षण अभियान को बूथ स्तर तक सफलतापूर्वक पहुंचाया जा सके और प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की विचारधारा, कार्यसंस्कृति एवं जनसेवा के संकल्प के साथ समाज के बीच सक्रिय भूमिका निभा सके। बैठक में प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, विकास ओझा, अनमोल शोभित, संजय राय, नवीन सिंह, नेहा निश्चल, नीलम भारती, रितेश रंजन, रमेश श्रीवास्तव, नीलेश कुमार, महादेव चौधरी, विजय यादव, शिवनारायण, प्रफुल आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय खिलाड़ियों की सफलता पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में आयोजित कॉमनवेल्थ खेल 2026 में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे भारतीय खेल दल और देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा, अदम्य साहस और शानदार प्रदर्शन के दम पर वैश्विक मंच पर देश का परचम ऊंचा किया है। उन्होंने कहा कि मुक्केबाजी, जूडो और पैरा खेलों सहित विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और समर्पण के बल पर स्वर्णिम सफलता हासिल कर पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय दल ने अब तक 39 पदक जीतकर पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल किया है। इनमें 13 स्वर्ण, 17 रजत और 9 कांस्य पदक शामिल हैं। यह उपलब्धि भारतीय खेलों की बढ़ती ताकत और खिलाड़ियों की उत्कृष्ट तैयारी का प्रमाण है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि देश के पदक विजेता खिलाड़ियों का यह शानदार प्रदर्शन और अटूट संकल्प युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय खिलाड़ी आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश का गौरव बढ़ाते रहेंगे और अंतरराष्ट्रीय खेल मंचों पर नई सफलताओं का इतिहास रचेंगे।

## नशा व्यक्ति को बनाता है कमजोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) सय्यद अता हसनैन ने कहा कि नशा व्यक्ति को कमजोर बनाता है जबकि अनुशासन उसे मजबूत बनाता है। राज्यपाल ने रविवार को लोकभवन से 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' के शुभारंभ समारोह में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए भाग लिया। अभियान का वर्चुअल शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। राज्यपाल ने कहा कि

जनभागीदारी के माध्यम से युवाओं को नशा मुक्ति के राष्ट्रीय अभियान से जोड़कर इसे जनआंदोलन का स्वरूप देना ही इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। युवाओं से उन्होंने आग्रह किया कि वे निराशा को कभी अपनी पहचान न बनने दें और न ही उसे नशे की ओर बढ़ने का कारण बनने दें।

## बी.डी. कॉलेज में 'नशामुक्त युवा-विकसित भारत अभियान' के तहत पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), बी.डी. कॉलेज, पटना की ओर से युवाओं को तंबाकू एवं नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'नशा-मुक्त युवा-विकसित भारत अभियान' के तहत पोस्टर निर्माण एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर प्रो. शत्रुघ्न सिंह, डॉ. रवि कुमार, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. बिरेन्द्र कुमार मंडल, डॉ. स्वर्णा कुमार तथा एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी नीतू तिवारी उपस्थित रहीं। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए तंबाकू और मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों ने नशा-मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम का समन्वयन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी विशाल विजय ने किया। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए नशा-मुक्त और स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए जन-जागरूकता फैलाने की शपथ ली। वक्ताओं ने युवाओं से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नशा-मुक्त भारत का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिभागियों की सामूहिक प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

## छात्रों पर दमन के दोषियों की जवाबदेही तय होगी : कन्हैया कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा बिहार में छात्र आंदोलन के दौरान हुए पुलिसिया दमन, लाठीचार्ज और कथित मानवाधिकार उल्लंघन की जांच के लिए गठित फैक्ट-फाइंडिंग समिति ने पटना सहित विभिन्न जिलों में अपनी जांच शुरू कर दी है। समिति छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों तथा अन्य संबंधित पक्षों से मिलकर साक्ष्य एकत्र कर रही है। कन्हैया कुमार ने कहा कि समिति का उद्देश्य किसी पर राजनीतिक आरोप लगाना नहीं, बल्कि तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर पूरी सच्चाई देश के सामने लाना है। समिति यह जानने का प्रयास कर रही है कि 22 और 25 जुलाई को कितने छात्रों को हिरासत में लिया गया, कितनों को गिरफ्तार किया गया, किन धाराओं में मुकदमे दर्ज हुए और कानूनी प्रक्रिया का पालन किस हद तक किया गया।

## मैथिलीशरण गुप्त की जयंती पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके साहित्यिक और राष्ट्रीय योगदान को स्मरण किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मैथिलीशरण गुप्त आधुनिक हिंदी साहित्य के ऐसे दीपस्तंभ थे जिन्होंने अपनी ओजस्वी और संवेदनशील लेखनी से भारतीय जनमानस में राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक गौरव और स्वाभिमान का बीजारोपण किया। उनकी रचनाओं ने हिंदी साहित्य को नई दिशा देने के साथ स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों को एकजुट करने में भी ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि 'साकेत', 'यशोधरा', 'किसान' और 'भारत-भारती' जैसी अमर कृतियां भारतीय साहित्य की अमूल्य धरोहर हैं। इन रचनाओं ने साहित्यिक जगत को समृद्ध करने के साथ राष्ट्रभक्ति और सामाजिक चेतना को भी सशक्त बनाया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मैथिलीशरण गुप्त का विचार, व्यक्तित्व और कृतित्व आज भी प्रासंगिक है। उनकी रचनाएं नई पीढ़ी को राष्ट्रसेवा, सामाजिक समर्पण और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण की प्रेरणा देती रहेंगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रकवि का साहित्य आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

## डॉ किशोर सिन्हा के बालगीत संग्रह 'मोही और दद्दू' का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** साहित्यकार और नाटककार डॉ किशोर सिन्हा के बालगीत-संग्रह 'दद्दू और पोती' का लोकार्पण स्थानीय जगजीवन राम शोध संस्थान में रविवार को सम्पन्न हुआ। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता जाने-माने कवि/कथाकार और बाल-साहित्य के रचनाकार भगवती प्रसाद द्विवेदी ने की जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ नाटककार प्रो. नरेन्द्रनाथ पांडेय, सुपरिचित कथाकार भावना शेखर, कवि और चिंतक शिवदयाल, प्रख्यात कवि और शिक्षाविद डॉ शिवनारायण और बेतिया से आये वरिष्ठ गीतकार डॉ गोरख प्रसाद मस्ताना सहित अनेक गणमान्य साहित्यकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन रंगकर्मी और नृत्यांगना श्वेता सुरभि ने किया। इस अवसर पर पुस्तक के गीतों पर डॉ किशोर सिन्हा द्वारा बनाये हुए संगीत-वीडियो-अलबम का प्रदर्शन भी किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री द्विवेदी ने कहा कि यह संग्रहालय दद्दू और पोती के बीच जीवंत संवादों से ओतप्रोत है जिसमें बच्चों की बड़ी प्यारी कवितायें संकलित हैं। कवि और चिंतक शिवदयाल ने कहा कि 'मोही और दद्दू' केवल बाल गीतों का संग्रह नहीं, इसमें दादा और पोती के बीच के अनमोल रिश्ते को शब्दों में बांधने की कोशिश की गई है। इसमें बाल मन को समझने और बाल सुलभ चेष्टाओं का भी नजदीकी अनवीक्षण है, जो बहुत रोचक और मजेदार भी है। कथाकार भावना शेखर ने बताया कि पुस्तक वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित है। आज अधिकांश बुजुर्ग नई पीढ़ी से दूर हैं।

## सिलाई-कढ़ाई से चमकी ग्रामीण महिलाओं की किस्मत, 50 हजार दीदियां बनीं आत्मनिर्भर

**68,77,557 परिधानों की सिलाई से अब तक 149.7 करोड़ रुपये का शुद्ध व्यवसाय**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार के ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक रूप से सुई-धागे तक सीमित रहने वाली महिलाओं का हुनर अब उनकी आर्थिक स्वतंत्रता और स्वावलंबन का सबसे बड़ा हथियार बन चुका है। ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत महिलाओं के इसी पारंपरिक कौशल को संगठित उद्योग का रूप दे दिया है। जीविका के स्तर से संचालित सिलाई आधारित आजीविका मॉडल ने न केवल ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय स्तर पर स्थायी स्वरोजगार उपलब्ध कराया है, बल्कि राज्य में महिला-केंद्रित सामुदायिक उद्यमिता की एक नई मिसाल भी पेश की है। योजना के तहत वर्तमान में राज्य में 50 हजार से अधिक महिलाओं को सिलाई कार्य के माध्यम से प्रत्यक्ष रोजगार मिल चुका है। समूहों से जुड़ी महिलाएं सिलाई कार्य से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं। जीविका के अधिकारियों के अनुसार इस सिलाई पहल को संस्थागत और व्यापक स्वरूप देने के लिए वर्ष 2023 में जानकी जीविका महिला सिलाई प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का गठन किया गया था। वर्तमान में विभिन्न सरकारी विभागों के अभिसरण से जीविका दीदियों को बड़े पैमाने पर वर्क ऑर्डर (आपूर्ति आदेश) उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ये दीदियां स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के लिए आकर्षक यूनिफॉर्म के साथ-साथ विभिन्न अस्पतालों में अंतःवासी (भर्ती) रोगियों के लिए कपड़ों की सिलाई भी कर रही हैं। इन दीदियों ने विभिन्न विभागों के साथ मिलकर अब तक 149.7 करोड़ रुपये का शुद्ध व्यवसाय किया है और उनके द्वारा रिकॉर्ड 68,77,557 परिधान (ड्रेस) तैयार कर विभिन्न संस्थानों को उपलब्ध कराया जा चुका है।

**15 जिलों में नोडल सिलाई सह प्रशिक्षण केंद्र**

आंकड़ों पर गौर करें तो जीविका दीदियों के लिए राज्य के 15 जिलों में नोडल केंद्र स्थापित किए गए हैं जहां 1,365 आधुनिक सिलाई मशीनों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शेष 23 जिलों में कार्यक्रम का विस्तार करते हुए प्रत्येक प्रखंड के कम से कम दो संकुल स्तरीय संघों (सीएलएफ) में सिलाई केंद्र एवं वस्त्र-कटाई (फैब्रिक कटिंग) केंद्र स्थापित किए गए हैं। 45,000 से अधिक ब्लैक सिलाई मशीनों के साथ जीविका दीदियां क्लस्टर, उत्पादक समूह एवं ग्राम संगठन स्तर पर वस्त्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

## दाल प्रसंस्करण इकाई लगाने पर मिलेगा 25 लाख तक का अनुदान, 31 अगस्त तक करें आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य में दलहन के प्रसंस्करण, भंडारण और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए दाल प्रसंस्करण इकाई स्थापना योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह योजना दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन के अंतर्गत संचालित की जा रही है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 है। योजना के तहत राज्य में नई दाल मिल इकाइयों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके लिए एफपीओ, सीएलएफ, पैक्स, उद्यमी, व्यक्तिगत आवेदक तथा अन्य पंजीकृत संस्थाएं आवेदन कर सकती हैं। योजना के अनुसार परियोजना लागत का 33 प्रतिशत अथवा अधिकतम 25 लाख रुपये (जो कम हो) तक अनुदान दिया जाएगा। यह सहायता प्लांट एवं मशीनरी, भवन, वेयरहाउस तथा भंडारण अवसंरचना के निर्माण के लिए उपलब्ध होगी। हालांकि भूमि खरीद, बिजली कनेक्शन, मानव संसाधन तथा अन्य संचालन व्यय पर अनुदान नहीं मिलेगा। भवन एवं भंडारण अवसंरचना पर अनुदान की राशि कुल पात्र अनुदान का अधिकतम 30 प्रतिशत तक सीमित रहेगी। योजना का लाभ लेने के लिए एफपीओ, सीएलएफ और पैक्स का कम से कम दो वर्ष से पंजीकृत एवं संचालित होना आवश्यक है। व्यक्तिगत आवेदक की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। परियोजना में न्यूनतम 15 प्रतिशत स्वयं का अंशदान तथा बैंक ऋण स्वीकृत होना अनिवार्य है। नई दाल प्रसंस्करण इकाई की न्यूनतम क्षमता 300 किलोग्राम प्रति घंटा निर्धारित की गई है। इकाई में बीआईएस मानक की मशीनरी तथा एफएसएसएआई लाइसेंस अनिवार्य होगा। परियोजना को कम से कम तीन वर्ष तक संचालित एवं रखरखाव करना होगा। अनुदान की राशि लाभार्थी के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी।
आवेदन के साथ परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर), बैंक ऋण स्वीकृति/सहमति पत्र, आधार एवं बैंक विवरण तथा संस्थाओं के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्र जमा करना होगा। यह योजना फिलहाल पटना, नालंदा, औरंगाबाद, मुजफ्फरपुर, लखीसराय, सुपौल, भागलपुर, सीतामढ़ी, जहानाबाद और गया जिलों में लागू की गई है। इच्छुक आवेदक 1 अगस्त 2026 से 31 अगस्त 2026 तक बिहार कृषि विभाग की वेबसाइट या बिहार कृषि ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## संविदा पर चयनित असिस्टेंड प्रोफेसर 10 अगस्त को देंगे योगदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के नए डिग्री कॉलेजों में संविदा पर चयनित असिस्टेंड प्रोफेसर 10 अगस्त को कॉलेज में योगदान देंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में रविवार को दिशा-निर्देश जारी किया है। विभाग ने संविदा पर चयनित असिस्टेंड प्रोफेसरों को अपने सभी कागजात और प्रमाण पत्र तैयार रखने को कहा है। विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि विश्वविद्यालय द्वारा तीन अगस्त को बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग की वेबसाइट पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की जाएगी।

## 19 वर्षों में 22 लाख 72 हजार बेटियों को मिला विवाह योजना का लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रत्येक वर्ष लाभुकों की संख्या में वृद्धि दर्ज की जा रही है। बीते 19 वर्षों में 22 लाख 72 हजार 35 कन्याओं को इसका लाभ दिया जा चुका है। योजना के तहत लाभुकों को कुल 1136 करोड़ 1 लाख 75 हजार रुपये की राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से भेजी गई है। समाज कल्याण विभाग के अनुसार वित्तीय वर्ष 2007-08 में 20 हजार कन्या लाभार्थियों की संख्या दर्ज की गई थी जो 2022-23 में बढ़कर 2 लाख 31 हजार 723 हो गई। इस वित्तीय वर्ष 115 करोड़ 86 लाख 15 हजार राशि कन्या विवाह योजना के तहत भेजी गई। वहीं, वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1 लाख 57 हजार 868 लाभार्थी, 2024-25 में 65 हजार 535 और 2025-26 में 39 हजार 435 लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया गया है।

**अगले भुगतान के लिए 7 हजार 694 लाभार्थी**

कन्या विवाह योजना के तहत गरीबी रेखा के अंतर्गत आने वाले परिवारों की बेटियों को शादी पर 5 हजार रुपये का अनुदान दिया जाता है। अगले भुगतान के लिए 7 हजार 694 लाभार्थियों को 3.84 करोड़ रुपये का लाभ देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**बेटियों के विवाह पर 5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता**

योजना के तहत बीपीएल तथा वैसे परिवार जिनकी वार्षिक आय 60 हजार रुपये से कम है उन्हें बेटियों के विवाह पर 5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह राशि ई-सुविधा के माध्यम से लाभार्थी के खाते में डीबीटी की जाती है। इसके लिए वधू की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा वर की 21 वर्ष अनिवार्य है। इसका मुख्य उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को विवाह के समय आर्थिक बोझ कम करना, विवाह पंजीकरण को बढ़ावा देना तथा बाल विवाह को पूरी तरह रोकना है।

## मदरसा शिक्षकों का वेतन अविलंब जारी करे सरकार : राजेश राठौड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार कांग्रेस के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने मदरसा शिक्षकों के वेतन पर अघोषित रूप से कुंडली मार कर बैठे राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए सवाल किया है कि बिहार सरकार, राज्य के अनुदानित 1942 मदरसों में कार्यरत लगभग 11652 शिक्षकों एवं 1500 गैर शैक्षणिक कर्मियों का वेतन पिछले छह महीनों से क्यों रोके रखी है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने सरकार की नीयत और कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि सरकार को यह स्पष्ट करना होगा कि मदरसा शिक्षकों के लिए उनके राज्यकोष में पैसा नहीं है या फिर नियत की कमी के कारण इन शिक्षकों और कर्मचारियों को भूखे मरने के लिए छोड़ रखा है। साथ ही उन्होंने राज्य की एनडीए सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री रहते ही अंतिम बार वेतन भुगतान किया गया था, लेकिन अब नई सरकार के मुखिया सम्राट चौधरी जो खुद नीतीश कुमार के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री पद प्राप्त किए हैं, आखिर क्यों वे वेतन भुगतान पर कुंडली मार कर बैठे हुए हैं? शिक्षकों के मान सम्मान को राज्य की भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पूरी तरीके से ताक पर रख कर उनकी हकमारी कर रही है।

## आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में रिकॉर्ड नामांकन, सभी सीटें फुल

**नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप रोजगारोन्मुखी एवं शोध आधारित पाठ्यक्रमों की बढ़ी मांग : कुलपति प्रो. (डॉ.) शरद कुमार यादव**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय (एकेयू), पटना ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रवेश अभियान में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए विभिन्न स्नातकोत्तर, एम.टेक., एम.एस. (बाय रिसर्च) एवं पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में रिकॉर्ड नामांकन दर्ज किया है। विश्वविद्यालय के एमबीए तथा एम टेक इन रीवर स्टडीज कार्यक्रमों की सभी सीटें निर्धारित समय से पहले पूर्ण रूप से भर गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे संस्थान की बढ़ती अकादमिक प्रतिष्ठा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, मजबूत शोध संस्कृति तथा रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के प्रति विद्यार्थियों और अभिभावकों के बढ़ते विश्वास का परिणाम बताया है। इस बाबत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) शरद कुमार यादव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल प्रवेश संख्या में वृद्धि नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, आधुनिक शिक्षण व्यवस्था, उत्कृष्ट अनुसंधान और संस्थागत विश्वसनीयता पर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों द्वारा जताए गए विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष एम.एस. (बाय रिसर्च) इन स्टेम सेल बायोलॉजी एंड रीजनरेटिव मेडिसिन, एम.एससी. स्पेस साइंस एंड एस्ट्रोनॉमी, एम.टेक. इन नैनो साइंस एंड टेक्नोलॉजी, एम.टेक. वाटर रिसोर्स इंजीनियरिंग, एम.ए. (दर्शनशास्त्र), एम.ए. (भूगोल), एम.ए. (अर्थशास्त्र), एम.ए. (पत्रकारिता एवं जनसंचार) के अलावा पीजी डिप्लोमा इन फिल्म मेकिंग, साइंस कम्युनिकेशन, फोटोग्राफी तथा ऑनलाइन एंड डिजिटल जर्नलिज्म जैसे आधुनिक पाठ्यक्रमों में भी उम्मीद से अधिक विद्यार्थियों ने नामांकन कराया है। इससे स्पष्ट है कि अब युवा पारंपरिक विषयों के साथ-साथ शोध, नवाचार, कौशल विकास एवं बेहतर रोजगार संभावनाओं वाले पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता दे रहे हैं। प्रो. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय ने शिक्षा को बहुविषयक, लचीला, शोध आधारित एवं कौशल केंद्रित बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया है।

## फ्रेंडशिप डे पर डॉ. आनन्द रंजन झा का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जन्दाहा/वैशाली।** फ्रेंडशिप डे पर मैं उन सभी दोस्तों को व्यंग्यात्मक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जो दोस्ती का अर्थ केवल अपनी जरूरत तक सीमित रखते हैं जब उन्हें पैसों की आवश्यकता होती है, तब दोस्त सबसे पहले याद आता है। विश्वास जीतकर पैसे ले लेते हैं, लेकिन लौटाने का समय आने पर बहानों का अंत नहीं होता। सबसे अधिक पीड़ा तब होती है जब वही मित्र, जिनकी कठिन समय में बिना किसी स्वार्थ के सहायता की गई, हमारी जरूरत के समय न केवल पैसे लौटाने से बचते हैं बल्कि फोन उठाना, संदेश का उत्तर देना और सामने आने से भी कतराते हैं। मेरा मानना है कि मित्रता का आधार विश्वास, ईमानदारी और उत्तरदायित्व है। उधार लिया गया धन लौटाना केवल आर्थिक लेन-देन नहीं, बल्कि चरित्र, संस्कार और रिश्तों के सम्मान की पहचान है। पैसा खोकर इंसान फिर से कमा सकता है, लेकिन टूटा हुआ विश्वास दोबारा कमाना बहुत कठिन होता है। आज फ्रेंडशिप डे पर मैं उन सभी सच्चे मित्रों को नमन करता हूं जो हर परिस्थिति में अपने रिश्ते का सम्मान करते हैं। साथ ही उन स्वार्थी मित्रों का भी धन्यवाद जिन्होंने मुझे यह सिखाया कि हर मुस्कुराने वाला व्यक्ति सच्चा मित्र नहीं होता और मित्रता निभाने के लिए केवल शब्द नहीं, बल्कि ईमानदार व्यवहार भी आवश्यक है।

# संपादकीय

## विकास की दौड़ पर पर्यावरण का ब्रेक, सुप्रीम कोर्ट ने बदल दिए खेल के नियम

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अपने एक अहम फैसले में कहा है कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचा देने के बाद माफी मांगने की व्यवस्था गलत है और भविष्य में कोई भी कंपनी पहले इजाजत लिए बिना अपना काम शुरू नहीं कर पाएगी।दुनिया में जहां भी पर्यावरण संरक्षण के सवाल को हाशिये पर छोड़कर बेलगाम विकास को प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति हावी हुई है, वहां इसके बहुस्तरीय खमियाजे सामने आए। औपचारिक तौर पर इस हकीकत को सभी देश स्वीकार करते हैं, लेकिन विकास कार्यों को समय की जरूरत बताकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने में शायद ही कभी सरकारों ने हिचक दिखाई हो।एक ओर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अक्सर होने वाले सम्मेलनों में पर्यावरण पर चिंता जताई जाती है, उसे जीव-जगत के सुरक्षित जीवन का वाहक बताया जाता है, वहीं वैसी विकास परियोजनाओं को मंजूरी देने से लेकर उसे पूरा करने तक कई बार पर्यावरण के प्रति जताई जाने वाली चिंताओं को दरकिनार कर दिया जाता है।फिर बाद में जब इसके व्यापक नुकसान के तथ्य सामने आते हैं और उन पर सवाल उठते हैं, तब सिर्फ माफी मांगने की औपचारिकता पूरी कर दी जाती है। हालांकि सरकार के सिर्फ माफी मांग लेने से किसी परियोजना की वजह से पर्यावरण या स्थानीय पारिस्थितिकी को हुए नुकसान की भरपाई संभव नहीं हो पाती। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण के पहलू को ताक पर रखकर विकास परियोजनाओं को मंजूरी देने के सरकारी रवैये पर स्वाभाविक ही सवाल उठते हैं।इसी संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अपने एक अहम फैसले में कहा है कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचा देने के बाद माफी मांगने की व्यवस्था गलत है और भविष्य में कोई भी कंपनी पहले इजाजत लिए बिना अपना काम शुरू नहीं कर पाएगी। जाहिर है, शीर्ष अदालत ने विकास और पर्यावरण संरक्षण के सवाल पर संतुलन कायम करने की कोशिश की है।गौरतलब है कि वर्ष 2021 के एक सरकारी आदेश के तहत केंद्र सरकार को यह अधिकार दिया गया था कि वह किसी परियोजना का काम शुरू होने या उसके पूरा होने के बाद भी पर्यावरणीय मंजूरी दे सकती है। प्रथम दृष्टया ही इस व्यवस्था में पर्यावरणीय चिंताओं को खारिज करने की मंशा का पता चलता है, जिसमें इस बात का ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा गया कि अगर किसी परियोजना से स्थानीय पारिस्थितिकी को स्थायी या दीर्घकालिक क्षति पहुंचती है, तो उसका समाधान कैसे निकाला जाएगा।यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश को रद्द कर दिया। हालांकि अदालत ने यह फैसला केवल भविष्य में लागू होने वाली परियोजनाओं के संदर्भ में दिया है। पहले मंजूरी पा चुकी परियोजनाएं इससे प्रभावित नहीं होंगी।इसलिए यह सवाल बना रहेगा कि पिछले करीब पांच वर्षों के दौरान पर्यावरण पर पड़ने वाले विपरीत असर के पहलू को दरकिनार करके जिन परियोजनाओं को पूरा होने दिया गया और बाद में पर्यावरणीय मंजूरी दी गई, उसके पीछे सरकार की क्या मंशा थी।

# मित्रता है मानवता का सबसे मजबूत सेतु

(ललित गर्ग )

**नयी सभ्यता और उपभोक्तावाद के इस दौर में हर रिश्ता लाभ और हानि की तुला पर तौला जाता है। यही कारण है कि वैचारिक मतभेदों से मनभेद, प्रतिस्पर्धा से विरक्ति, और स्वार्थ से संवेदनहीनता जन्म ले रही है। ऐसे समय में दोस्ती ही एकमात्र ऐसा रिश्ता है जो इन सभी दीवारों को गिरा सकता है। यह केवल 'रिश्ता' नहीं बल्कि एक मनःस्थिति, एक दृष्टिकोण, एक आध्यात्मिक अनुभव है। जहां यह पर्व दक्षिण अमेरिकी देशों में 20 और 30 जुलाई को मनाया जाता है, वहीं भारत, मलेशिया, बांग्लादेश जैसे देशों में यह अगस्त के पहले रविवार को धूमधाम से मनाया जाता है।**

नयी सभ्यता और उपभोक्तावाद के इस दौर में हर रिश्ता लाभ और हानि की तुला पर तौला जाता है। यही कारण है कि वैचारिक मतभेदों से मनभेद, प्रतिस्पर्धा से विरक्ति, और स्वार्थ से संवेदनहीनता जन्म ले रही है। ऐसे समय में दोस्ती ही एकमात्र ऐसा रिश्ता है जो इन सभी दीवारों को गिरा सकता है।

आज का विश्व अभूतपूर्व वैज्ञानिक प्रगति, तकनीकी विकास और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उत्कर्ष का साक्षी है, लेकिन इसके समानांतर एक कठोर सच्चाई भी हमारे सामने है-मनुष्य पहले से अधिक अकेला, तनावग्रस्त और संबंधों से विहीन होता जा रहा है। परिवार छोटे हुए हैं, संवाद सीमित हुआ है, विश्वास कमजोर पड़ा है और संवेदनाएं लगातार क्षीण हो रही हैं। ऐसे समय में अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि मानव सभ्यता को बचाने का एक सांस्कृतिक और नैतिक अभियान है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रत्येक वर्ष 30 जुलाई को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस इस विश्वास को मजबूत करता है कि मित्रता केवल दो व्यक्तियों के बीच का संबंध नहीं, बल्कि देशों, संस्कृतियों, समुदायों और सम्पूर्ण मानवता के बीच शांति का सेतु है। 2011 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिवस को मान्यता देते हुए स्पष्ट किया था कि यदि दुनिया में स्थायी शांति स्थापित करनी है तो उसके लिए हथियारों से अधिक प्रभावी माध्यम मित्रता, संवाद और पारस्परिक सम्मान है।

नयी सभ्यता और उपभोक्तावाद के इस दौर में हर रिश्ता लाभ और हानि की तुला पर तौला जाता है। यही कारण है कि वैचारिक मतभेदों से मनभेद, प्रतिस्पर्धा से विरक्ति, और स्वार्थ से संवेदनहीनता जन्म ले रही है। ऐसे समय में दोस्ती ही एकमात्र ऐसा रिश्ता है जो इन सभी दीवारों को गिरा सकता है। यह केवल 'रिश्ता' नहीं बल्कि एक मनःस्थिति, एक दृष्टिकोण, एक आध्यात्मिक अनुभव है। जहां यह पर्व दक्षिण अमेरिकी देशों में 20 और 30 जुलाई को मनाया जाता है, वहीं भारत, मलेशिया, बांग्लादेश जैसे देशों में यह अगस्त के पहले रविवार को धूमधाम से मनाया जाता है। युवाओं के लिए यह केवल गिफ्ट, सेल्फी और चॉकलेट तक सीमित रह गया है, जबकि इसकी मूल आत्मा है एक-दूसरे की भावनाओं को समझना, स्वीकार करना और निभाना। खगोलशास्त्र भारतीय संस्कृति ने तो हजारों वर्षों पूर्व ही इस सत्य को स्वीकार कर लिया था। हमारे यहां 'मित्रस्य चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ताम्' अर्थात् समस्त प्राणियों को मित्र-दृष्टि से देखने की कामना की गई है। जैन दर्शन का मैत्री भाव, बौद्ध धर्म की मैत्री भावना, उपनिषदों का वसुधैव कुटुम्बकम् तथा संत परम्परा का प्रेम-दर्शन इसी वैश्विक मित्रता की आधारशिला हैं। मित्रता संसार का सबसे स्वाभाविक और सबसे स्वतंत्र संबंध है। जन्म से मिलने वाले रिश्तों के विपरीत मित्रता का चुनाव मनुष्य स्वयं करता है। इसमें न रक्त का बंधन है, न किसी सामाजिक अनुबंध की बाध्यता। यह विश्वास, आत्मीयता, सम्मान और स्वीकार्यता पर आधारित वह रिश्ता है जिसमें व्यक्ति बिना किसी भय और संकोच के स्वयं को अभिव्यक्त कर सकता है। सच्चा मित्र हमारी सफलताओं पर प्रसन्न होता है और हमारी असफलताओं में सबसे पहले हमारे साथ खड़ा दिखाई देता है।

श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता भारतीय संस्कृति में केवल दो मित्रों की कहानी नहीं है, बल्कि यह बताती है कि मित्रता का मूल्य धन, पद और वैभव से कहीं ऊपर है। श्रीराम और विभीषण की मित्रता यह संदेश देती है कि सत्य और धर्म के आधार पर स्थापित संबंध कभी नष्ट नहीं होते। इतिहास में ऐसी अनेक मित्रताएं हमें यह सिखाती हैं कि सच्चा मित्र वही है जो हमारे व्यक्तित्व का विस्तार बने, हमारे विवेक को जागृत करे और कठिन समय में हमारा संबल बने। किन्तु आज एक गंभीर प्रश्न हमारे सामने है-यदि मित्रता इतनी महान है तो समाज में वैमनस्य, हिंसा, घृणा और अविश्वास क्यों बढ़ रहा है? परिवारों में संवाद क्यों टूट रहा है? विचारों का मतभेद मनभेद में क्यों बदल जाता है? सोशल मीडिया पर हजारों 'फॉलोअर्स' होने के बावजूद मनुष्य भीतर से इतना अकेला क्यों है?

इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि हमने संबंधों को सुविधा का



साधन बना लिया है। आज मित्रता भी स्वार्थ, उपयोगिता और अवसरवाद के तराजू पर तौली जाने लगी है। जब तक लाभ है तब तक मित्रता है, लाभ समाप्त होते ही संबंध भी समाप्त हो जाते हैं। ऐसी क्षणिक मित्रता वास्तव में केवल परिचय होती है, आत्मीयता नहीं। जहां स्वार्थ प्रवेश करता है, वहां विश्वास धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है। तकनीक ने हमें जोड़ने का दावा किया, लेकिन उसने संवाद की आत्मा भी कहीं छीन ली। आज लोग घंटों मोबाइल स्क्रीन पर सक्रिय रहते हैं, परंतु अपने परिवार और मित्रों के साथ कुछ मिनट भी मन से नहीं बैठ पाते। इमोजी ने भावनाओं का स्थान ले लिया है और 'ऑनलाइन' रहने वाला व्यक्ति वास्तविक जीवन में भावनात्मक रूप से 'ऑफलाइन' होता जा रहा है। यही कारण है कि अकेलापन आज विश्व स्वास्थ्य की सबसे बड़ी चुनौतियों में गिना जाने लगा है।

विश्व के अनेक देशों में युद्ध, आतंकवाद, धार्मिक कट्टरता, नस्लीय भेदभाव और आर्थिक प्रतिस्पर्धा ने मनुष्यों के बीच दीवारें खड़ी कर दी हैं। ऐसे वातावरण में मित्रता केवल व्यक्तिगत सुख का माध्यम नहीं, बल्कि विश्व शांति की आवश्यकता बन गई है। यदि राष्ट्र मित्रता की भाषा सीख लें, यदि समाज संवाद का मार्ग अपनाए और यदि व्यक्ति दूसरे के दुःख को अपना दुःख समझने लगे तो अनेक संघर्ष स्वतः समाप्त हो सकते हैं। मित्रता का वास्तविक अर्थ केवल साथ घूमना, हँसना और उत्सव मनाना नहीं है। मित्रता का अर्थ है दूसरे के सम्मान की रक्षा करना, उसकी अनुपस्थिति में भी उसके प्रति निष्ठावान रहना, उसकी कमियों को स्वीकार करते हुए उसके विकास में सहयोग देना तथा आवश्यकता पड़ने पर सत्य कहने का साहस रखना। जो मित्र केवल प्रशंसा करता है, वह हितैषी नहीं हो सकता। सच्चा मित्र वह है जो समय आने पर हमारी भूलों का भी निष्पक्ष संकेत करे।

आज आवश्यकता मित्रता की नई परिभाषा गढ़ने की है। मित्रता प्रेम से आगे बढ़कर करुणा का पर्याय बने। प्रेम में कभी-कभी अधिकार और अपेक्षाएं जन्म लेती हैं, जबकि करुणा में केवल समर्पण और परमार्थ होता है। जब मित्रता करुणा पर आधारित होती है, तब उसमें ईर्ष्या, प्रतिस्पर्धा और स्वार्थ के लिए कोई स्थान नहीं बचता। यदि हम अपने जीवन में कुछ सरल सूत्रों को अपनाएं तो मित्रता का यह संबंध अधिक सशक्त बन सकता है एक-दूसरे की अच्छाइयों और कमियों को सहजता से स्वीकार करना, संवाद को कभी समाप्त न होने देना, विश्वास और पारदर्शिता बनाए रखना, कठिन समय में साथ खड़ा रहना तथा मित्रता को समय देना। संबंध समय मांगते हैं, केवल संदेश भेजने से आत्मीयता नहीं बनती। अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस विशेष रूप से युवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज की पीढ़ी डिजिटल माध्यमों से दुनिया भर से जुड़ रही है। यदि यही युवा विविध संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं का सम्मान करते हुए वैश्विक मित्रता का संदेश फैलाएं तो आने वाला विश्व अधिक शांतिपूर्ण और मानवीय हो सकता है। विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, सामाजिक संस्थाओं और धार्मिक संगठनों को ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए जो संवाद, सहयोग और सह-अस्तित्व की भावना को मजबूत करें।

जैन आचार्यों ने मैत्री, प्रमोद, करुणा और मध्यस्थ जैसे चार भावों के माध्यम से मानव संबंधों का अद्भुत दर्शन प्रस्तुत किया है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने मन में केवल मैत्री का भाव विकसित कर ले तो न घृणा बचेगी, न हिंसा और न ही वैमनस्य। महावीर का संदेश-'सभी जीव मेरे मित्र हैं, किसी से मेरा वैर नहीं'-आज के विश्व के लिए सबसे प्रासंगिक जीवन-दर्शन है। यह भी स्मरण रखना होगा कि मित्रता केवल समान विचारों वालों के बीच नहीं होती। विचार-भिन्नता स्वाभाविक है, लेकिन मन-भिन्नता विनाशकारी है। विचार-भेद से नए विचार जन्म लेते हैं, जबकि मन-भेद रिश्तों को तोड़ देता है। लोकतंत्र हो या परिवार, संस्था हो या समाज-जहाँ संवाद जीवित रहता है, वहाँ मित्रता भी जीवित रहती है।

आज जब रिश्तों की जमीन सूख रही है, संवेदनाएं बिखर रही हैं और मनुष्य स्वयं को भीड़ में भी अकेला महसूस कर रहा है, तब अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस हमें याद दिलाता है कि दुनिया को सबसे अधिक आवश्यकता नई तकनीक की नहीं, बल्कि नए विश्वास की है, नई प्रतिस्पर्धा की नहीं बल्कि नई करुणा की है, नई शक्ति की नहीं बल्कि नई मित्रता की है। हम अपने जीवन में कम-से-कम एक ऐसा संबंध अवश्य बनाएं जिसमें स्वार्थ नहीं, विश्वास हो। अपेक्षा नहीं, अपनापन हो। अधिकार नहीं, सम्मान हो और केवल साथ चलने का नहीं, साथ निभाने का संकल्प हो। यही मित्रता की सच्ची साधना है, यही मानवता की सबसे बड़ी आवश्यकता है और यही विश्व शांति का सबसे विश्वसनीय मार्ग भी है। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है)।

# अमेरिकी शुल्क की चेतावनी- क्या भारत की फार्मा ताकत अब नई परीक्षा के दौर में है?

(राकेश गांधी)

परिदृश्य में भारत को सजग रहने की जरूरत है। अमेरिका में भारतीय दवाओं की मांग कम होती है, तो उसका सीधा असर भारतीय दवा कंपनियों, रोजगार और विदेशी मुद्रा पर पड़ेगा। जब दुनिया वैश्विक व्यापार को सहयोग और साझेदारी का माध्यम मानने लगी थी, तभी अमेरिका ने एक बार फिर यह संदेश दिया है कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार उसके लिए केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि राष्ट्रीय शक्ति का सबसे प्रभावी हथियार है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय जेनेरिक दवाओं पर दो सौ प्रतिशत तक शुल्क लगाने की चेतावनी इसी सोच का हिस्सा है।

आखिर अमेरिका उन्हीं दवाओं को महंगा क्यों करना चाहता है, जिन पर उसका अपना स्वास्थ्य तंत्र निर्भर है? दरअसल, यही सवाल इस पूरे विवाद की असली जड़ है। यदि इस निर्णय को केवल भारत के खिलाफ आर्थिक कार्रवाई मान लिया जाए, तो शायद हम उसकी गहराई को नहीं समझ पाएंगे। यह बदलती वैश्विक राजनीति का भी संकेत है, जहां मुक्त व्यापार की जगह अब राष्ट्रीय हित, आर्थिक सुरक्षा और रणनीतिक आत्मनिर्भरता ने ले ली है।

कोविड महामारी ने अमेरिका सहित पूरे विश्व को यह अहसास कराया कि दवाओं और चिकित्सा उपकरणों जैसी आवश्यक वस्तुओं के लिए दूसरे देशों पर अत्यधिक निर्भरता भविष्य में बड़ा संकट बन सकती है। महामारी के दौरान कई देशों ने अपने यहां तैयार होने वाली दवाओं और चिकित्सा सामग्री के निर्यात पर रोक लगा दी थी। उस समय अमेरिका को भी आपूर्ति संकट का सामना करना पड़ा।

तभी से वहां यह सोच मजबूत हुई कि आवश्यक दवाओं का उत्पादन अधिक से अधिक अपने देश में होना चाहिए। ट्रंप इसी सोच को राजनीतिक रूप दे रहे हैं। उनका संदेश स्पष्ट है कि यदि अमेरिकी कंपनियां विदेश से सस्ती दवाएं खरीदने के बजाय अमेरिका में कारखाने लगाएंगी, तो रोजगार भी बढ़ेगा और भविष्य में किसी अन्य देश पर निर्भरता भी कम होगी। इसलिए शुल्क केवल राजस्व बढ़ाने का माध्यम नहीं, बल्कि उद्योगों को अमेरिका वापस बुलाने का दबाव बनाने वाला औजार भी है। आज अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली लगभग हर दस में से नौ जेनेरिक दवाओं का संबंध किसी न किसी रूप में भारत से है। कैंसर, मधुमेह, रक्तचाप, संक्रमण, मानसिक रोग और अनेक गंभीर बीमारियों की सस्ती दवाओं की आपूर्ति में भारत की भूमिका इतनी बड़ी है कि इसे 'दुनिया की फार्मेसी' कहा जाता है।

ऐसे में यदि इन दवाओं पर दो सौ प्रतिशत शुल्क लगाया जाता है, तो सबसे पहला असर अमेरिकी मरीजों और वहां की स्वास्थ्य बीमा कंपनियों पर पड़ेगा। दवाइयां महंगी होंगी, इलाज का खर्च बढ़ेगा और स्वास्थ्य व्यवस्था पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ आएगा। यही कारण है कि अनेक विशेषज्ञ इसे केवल आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि राजनीतिक दबाव की रणनीति भी मान रहे हैं।

इस नए परिदृश्य में भारत को सजग रहने की जरूरत है। अमेरिका में भारतीय दवाओं की मांग कम होती है, तो उसका सीधा असर भारतीय दवा कंपनियों, रोजगार और विदेशी मुद्रा पर पड़ेगा। यह भारत की आर्थिक तैयारी की परीक्षा भी है। यहीं से एक बड़ा सवाल जन्म लेता है। यदि अमेरिका अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए शुल्क को हथियार बना सकता है, तो क्या भारत को भी अपने आर्थिक हितों की सुरक्षा के लिए नई रणनीति नहीं बनानी चाहिए? क्या केवल हर बार प्रतिक्रिया देना ही पर्याप्त होगा या अब समय आ गया है कि भारत भी अपने विकल्पों को मजबूत करे?

यदि अमेरिका भारतीय दवाओं पर भारी शुल्क लगाता है, तो स्वाभाविक रूप से भारत में यह सवाल उठेगा कि क्या हमें भी उसी भाषा में जवाब देना चाहिए? भारत चुपचाप हर दबाव स्वीकार करता रहे, यह उचित नहीं। पिछले एक दशक में भारत की विदेश और व्यापार नीति में एक बड़ा बदलाव दिखाई देता है। आज का भारत अनावश्यक टकराव नहीं चाहता, लेकिन अपने हितों की रक्षा करने में पहले की तुलना में कहीं अधिक आत्मविश्वासी है। यही आत्मविश्वास आने वाले समय की सबसे बड़ी ताकत बन सकता है। भारत को यह समझना होगा कि हर जवाब शुल्क से नहीं दिया जाता। कई बार सबसे प्रभावी उत्तर अपने विकल्प मजबूत करना होता है।

यदि अमेरिका अपने उद्योगों को बचाने के लिए शुल्क का सहारा ले सकता है, तो भारत भी उन क्षेत्रों की पहचान कर सकता है, जहां अमेरिकी आयात पर उसकी निर्भरता कम की जा सकती है। जिन उत्पादों का निर्माण भारत में संभव है या जिनके लिए वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध हैं, वहां 'मेक इन इंडिया' को और अधिक गति दी जा सकती है। आज अमेरिका भारतीय दवा उद्योग का सबसे बड़ा ग्राहक है, लेकिन क्या यह स्थिति हमेशा रहेगी? यदि नहीं, तो अभी से नए बाजार तैयार करना समय की मांग है।

# प्रियंका द्वारा गौमूत्र का उपहास कांग्रेस की हिन्दू विरोधी मानसिकता

(राकेश सैन)

**कांग्रेस पार्टी की सांसद प्रियंका गांधी की योग्यता का जिक्र करते हुए अकसर राजनीतिक विश्लेषक एक बात का अवश्य जिक्र करते हैं कि उनकी छवि, विशेषकर नाक अपनी दादी श्रीमती इंदिरा गांधी से मिलती है। लेकिन अब दोनों दादी-पोतियों का एक और समान गुण सामने आया है, इंदिरा गांधी ने 7 नवम्बर, 1966 को संसद भवन के सामने हजारों गोभक्तों पर गोलियां चलवाईं थी और लगभग उसी मानसिकता का परिचय देते हुए अब प्रियंका वाड्रा गांधी ने संसद के भीतर गोमूत्र का उपहास उड़ाया है। शर्मनाक बात है कि जब प्रियंका इस तरह का दुष्कर्म कर रही थी तो विपक्षी बैंचों पर बैठे कांग्रेसी सांसद भी खिलखिला रहे थे। हिन्दू विरोध से उपजी कांग्रेसियों की यह हंसी कौरवसभा में द्रौपदी चीरहरण के समय कपटी दुर्योधन द्वारा लगाए गए अट्टाहस की तरह हर हिन्दू के मनों को बींध गई।**

गोमूत्र का उपहास उड़ाने वालों को जानना चाहिए कि हिन्दू धर्म में कोई भी विश्वास अवैज्ञानिक नहीं हैं, गोमूत्र के औषधीय गुण विज्ञान द्वारा प्रमाणित हैं। भारत के वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद और नागपुर के गोविज्ञान अनुसंधान केंद्र के सहयोग से किए गए शोध पर आधारित गोमूत्र के गुणों को अमेरिकी पेटेंट मिल चुका है।

कांग्रेस पार्टी की सांसद प्रियंका गांधी की योग्यता का जिक्र करते हुए अकसर राजनीतिक विश्लेषक एक बात का अवश्य जिक्र करते हैं कि उनकी छवि, विशेषकर नाक अपनी दादी श्रीमती इंदिरा गांधी से मिलती है। लेकिन अब दोनों दादी-पोतियों का एक और समान गुण सामने आया है, इंदिरा गांधी ने 7 नवम्बर, 1966 को संसद भवन के सामने हजारों गोभक्तों पर गोलियां चलवाईं थी और लगभग उसी मानसिकता का परिचय देते हुए अब प्रियंका वाड्रा गांधी ने संसद के भीतर गोमूत्र का उपहास उड़ाया है। शर्मनाक बात है कि जब प्रियंका इस तरह का दुष्कर्म कर रही थी तो विपक्षी बैंचों पर बैठे कांग्रेसी सांसद भी खिलखिला रहे थे। हिन्दू विरोध से उपजी कांग्रेसियों की यह हंसी कौरवसभा में द्रौपदी चीरहरण के समय कपटी दुर्योधन द्वारा लगाए गए अट्टाहस की तरह हर हिन्दू के मनों को बींध गई।

संसद में मंगलवार को उस समय काफी हंगामा मचा जब प्रियंका वाड्रा ने पेपर लीक मामले पर सरकार द्वारा बनाई गई कमेटी में शामिल एक सदस्य की योग्यता उनके गोमूत्र विशेषज्ञ होने को बताई। लोकसभा में शिक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार द्वारा पेपर लीक को लेकर गठित उच्च स्तरीय कार्यबल पर तंज कसते हुए कहा कि इसमें एक गौमूत्र विशेषज्ञ भी शामिल हैं। अखबार

हालांकि चर्चा के दौरान प्रियंका गांधी ने किसी का नाम नहीं लिया। लेकिन उनका इशारा आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामाकोटि की ओर माना जा रहा है, जो इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता वाली इस टास्क फोर्स का हिस्सा हैं। 2025 में प्रो. कामाकोटि ने दावा किया था कि गोमूत्र में एंटीबैक्टीरियल और पाचन संबंधी गुण होते हैं। प्रो. वी. कामकोटि देश के जाने-माने वैज्ञानिक हैं। जनवरी, 2025 को चेन्नई की एक गौशाला में माटू पोंगल कार्यक्रम में बोलते हुए, कामकोटी ने देशी गाय और जैविक खेती के बारे में कहा। इस दौरान उन्होंने बताया कि गाय के मूत्र में जीवाणुरोधी, कवकरोधी और पाचन सम्बन्धी गुण होते हैं। उन्होंने एक तपस्वी से जुड़ी कहानी भी साझा की, जिन्होंने गौमूत्र पीकर अपना बुखार ठीक कर लिया था। इस ब्यान के कारण उस समय भी प्रो. कामकोटि वामपंथी व जिहादी ताकतों के निशाने पर आ गए थे और प्रियंका ने भी अब उन जख्मों को पुनः कुरेद दिया है।गोमूत्र का उपहास उड़ाने वालों को जानना चाहिए कि हिन्दू धर्म में



कोई भी विश्वास अवैज्ञानिक नहीं हैं, गोमूत्र के औषधीय गुण विज्ञान द्वारा प्रमाणित हैं। भारत के वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद और नागपुर के गोविज्ञान अनुसंधान केंद्र के सहयोग से किए गए शोध पर आधारित गोमूत्र के गुणों को अमेरिकी पेटेंट मिल चुका है। गोमूत्र के अर्क पर पहला महत्वपूर्ण अमेरिकी पेटेंट (नंबर 6410059) एंटीबायोटिक और एंटीफंगल दवाओं के असर को बढ़ाने के लिए 2002 में मिला था। इसके बाद कैंसर रोधी दवाओं के प्रभाव को तेज करने और डीएनए सुरक्षा से जुड़े अन्य पेटेंट (पेटेंट नंबर 6896907 और 7718360) भी संयुक्त रूप से भारत के शोधकर्ताओं द्वारा अमेरिका में दर्ज कराए गए। गोमूत्र व अन्य प्राकृतिक चीजों से बने कीटनाशकों को भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता और पेटेंट प्राप्त हुआ है।

आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री श्रीपाद येसो नाइक ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया था कि वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के अनुसार, इसकी घटक प्रयोगशाला, केंद्रीय औषधीय एवं सुगंधित पादप संस्थान (सीआईएमएपी), लखनऊ ने नागपुर के गो-विज्ञान अनुसंधान केंद्र के सहयोग से किए गए एक अध्ययन में गाय के मूत्र के आसवन (कामधेनु अर्क) का एक नया उपयोग खोजा है। यह आसवन संक्रमणरोधी और कैंसररोधी एजेंटों सहित जैवसक्रिय अणुओं की सक्रियता बढ़ाने और उपलब्धता को सुगम बनाने में सहायक है। गाय के मूत्र के आसवन में कैंसररोधी प्राकृतिक एजेंट टैक्सोल (पैक्लिटैक्सेल) की जैव-संवर्धन क्षमता पाई गई है, जो यू वृक्ष (टैक्सस एसपीपी.) द्वारा सूक्ष्म मात्रा में उत्पादित होता है। गाय के मूत्र का आसवन, जीवाणुओं पर विभिन्न एंटीबायोटिक दवाओं की निष्फलता क्षमता बढ़ाने के अलावा, स्तन कैंसर कोशिका लाइन एमसीएफ-7 के विरुद्ध पैक्लिटैक्सेल की कोशिका विभाजन अवरोधक गतिविधि को भी बढ़ा सकता है। इसके अलावा, गाय के मूत्र के आसवन से तैयार किए गए एक सफेद क्रिस्टलीय अवक्षेप ने भी गाय के मूत्र के आसवन के समान सक्रियता दिखाई। इस शोध निष्कर्ष पर अमेरिका का पेटेंट भी प्राप्त कर लिया गया है। लेकिन अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा की सीमा भी लांघ चुकी कांग्रेस पार्टी ने लगता है कि अपनी पुरानी बीमारी के चलते हिन्दू आस्था के साथ-साथ विज्ञान का भी उपहास उड़ाना शुरू कर दिया है।

वैसे प्रियंका के गोमूत्र के उपहास उड़ाने के प्रयास को देख कर किसी को आश्चर्य भी नहीं होना चाहिए, क्योंकि इनकी दादी पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी गोअष्टमी के दिन 7 नवम्बर, 1966 को संसद भवन के सामने निहत्थे गोभक्तों, संतों व गोमाता पर गोलियां चलवा कर दिल्ली की सडकों को रक्तरंजित करने का पराक्रम दिखा चुकी हैं।

केरल में यूथ कांग्रेस के प्रदर्शनकारी सार्वजनिक रूप

# हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन पर ईरिमी महानिदेशक ने किया मंथन

● डिजिटल संसाधनों से जोड़ने पर जोर ● ईरिमी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न



**जमालपुर(मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय रेल यांत्रिक एवं विद्युत अभियंत्रण संस्थान ईरिमी जमालपुर में राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा ने की।

इस दौरान संस्थान में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक में बताया गया कि प्रशिक्षुओं के लिए नियमित रूप से हिंदी कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है, जिससे उनकी राजभाषा संबंधी दक्षता लगातार बढ़ रही है।

संस्थान के पुस्तकालय में उपलब्ध हिंदी संसाधनों की भी समीक्षा की गई।जानकारी दी गई कि ई-कार्यालय के सभी कार्य शत-प्रतिशत हिंदी में किए जा रहे हैं तथा प्रशिक्षण सामग्री भी हिंदी में तैयार की जा रही है। प्रशिक्षुओं,संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पुस्तकालय में हिंदी और अंग्रेजी की उपयोगी पुस्तकों का समुचित संग्रह उपलब्ध कराया गया है।

महानिदेशक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से राजभाषा संबंधी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने संस्थान के पुस्तकालय को विश्वस्तरीय डिजिटल लाइब्रेरी और ई-ज्ञान संसाधनों से जोड़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे प्रशिक्षण, अध्ययन और शोध कार्यों को नई गति मिलेगी। साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित तकनीकों से संबंधित विषय-वस्तु हिंदी में विकसित करने तथा आवश्यकता अनुसार हिंदी और अंग्रेजी के संतुलित उपयोग पर भी जोर दिया।बैठक का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि नियमित हिंदी प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रमों और आधुनिक अध्ययन संसाधनों के विस्तार के माध्यम से संस्थान में राजभाषा हिंदी का प्रभावी क्रियान्वयन और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा।

बैठक में संस्थान के संकायाध्यक्ष प्रेम प्रकाश, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं आचार्य परियोजना मो. अब्दुल खान, पीएमयूडीजी प्रेमनजीत कुमार, आचार्य सुमरन तिवारी, सिद्धार्थ शंकर, शशिशेखर, सहायक आचार्य मुनील कुमार, व्याख्याता मुकुंद बिहारी, आशीष विनय बावला, जी.के. वर्मा, गजेंद्र झा, मुख्य अनुदेशक मनोज कुमार सिंह, प्रत्यूष आनंद, मनोज कुमार, एम.के. सुमन, कनिष्ठ अनुवादक विकास कुमार, छात्रावास अधीक्षक सहित संस्थान के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**छपरा, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में सारण जिले के एकमा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई दो लोग घायल हो गए हैं।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि छपरा-सिवान मुख्य पथ पर अलखदेव नारायण सिंह उच्च विद्यालय के समीप अनियंत्रित तेज रफ्तार स्कार्पियो ने पहले मोटरसाइकिल सवार पड़ोसी जिला सिवान के दारौंदा थाना क्षेत्र के पांडेयपुर गांव निवासी अमलेश प्रसाद(45) के मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। भागने के दौरान स्कार्पियो चालक ने सड़क किनारे बैठे संतोष सिंह और उपेन्द्र सिंह को भी घायल कर दिया।

सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजने के साथ ही दोनों घायलों को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया। स्कार्पियो चालक गाड़ी लेकर भाग निकला है। पुलिस इस मामले में अज्ञात स्कार्पियो चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

## पश्चिम चंपारण के 23 बच्चे नि:शुल्क उपचार के लिए मेदांता रवाना



**बेतिया, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम चंपारण जिले में बाल हृदय योजना के तहत जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 23 बच्चों को नि:शुल्क जांच एवं उपचार के लिए रविवार को एम्बुलेंस से जय प्रभा मेदांता सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल भेजा गया।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रमेश चंद्रा ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों को रवाना किया। डॉ. चंद्रा ने बताया कि बाल हृदय योजना के तहत अब तक जिले के 100 से अधिक जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित बच्चों का सफलतापूर्वक नि:शुल्क ऑपरेशन कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को उच्चस्तरीय एवं जीवनरक्षक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की टीम विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमित स्वास्थ्य जांच अभियान चलाती है।

जांच के दौरान जिन बच्चों में जन्मजात हृदय रोग के लक्षण पाए जाते हैं, उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों से नि:शुल्क जांच कराने के बाद बाल हृदय योजना के तहत उपचार के लिए रेफर किया जाता है। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि योजना का उद्देश्य हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि उनका समय रहते उपचार हो सके।

# काली पहाड़ी की तराई में पीएसएस अस्पताल लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर



● बीपी शुगर थायराइड के मरीज मिले सबसे ज्यादा
● 200 से अधिक लोगों की जांच

**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** काली पहाड़ी के तराई स्थित पीएसएस अस्पताल बड़ी आशिकपुर जमालपुर की ओर से रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें नियमित जांच के प्रति जागरूक करना था।शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजय कुमार और पंकज पटेल ने मरीजों का परीक्षण किया। वजन, शुगर, बीपी, पल्स रेट, बॉडी टेम्परेचर और फीवर की निशुल्क जांच की गई। जांच के दौरान बड़ी संख्या में मरीजों में ब्लड प्रेशर, शुगर, थायराइड के साथ-साथ सर्दी, खांसी, वायरल फीवर और सिरदर्द के लक्षण पाए गए। डॉक्टरों ने सभी मरीजों को तत्काल परामर्श देने के साथ निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया।डॉ. संजय कुमार ने लोगों से अपील की कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहें और समय-समय पर जांच कराते रहें। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम को अपनाने की सलाह दी।शिविर की सफलता में पीएसएस अस्पताल के डायरेक्टर संतोष कुमार सिंह उर्फ तीतू सिंह, बेनी सिंह, शिवम कुमार, प्रीति कुमारी, अश्वनी कुमार, चंदन कुमार, मोहित कुमार और राजीव सिंह ने अहम भूमिका निभाई। शिविर की सराहना करते हुए शहर के प्रबुद्धजन अधिवक्ता आशीष कुमार,सामाजिक नेत्री पूजा चौरसिया, अजीत कुमार,अनिरुद्ध प्रसाद, अरुण हाजरी, लाल जेपी मंडल, चंद प्रकाश, बीना देवी, सीता देवी, अनीता देवी, रेखा देवी, सुरेंद्र मंडल, आनंद कुमार, प्रवीण कुमार और मुरारी प्रसाद सहित कई लोगों ने अस्पताल प्रबंधन को धन्यवाद दिया।

## पटना में होने वाले अमर शहीद अकलू तुरहा शहादत दिवस समारोह को लेकर बैठक

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अमर शहीद अकलू तुरहा विचार मंच के तत्वावधान में घोड़ासहन में तुरहा समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई.

बैठक की अध्यक्षता मंच के राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र शाह उर्फ जीतू तुरहा ने अपने आवास पर की. बैठक को संबोधित करते हुए अमर शहीद अकलू तुरहा विचार मंच के राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र शाह उर्फ जीतू तुरहा ने कहा कि अमर शहीद अकलू तुरहा ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी. उनके बलिदान और राष्ट्रभक्ति की भावना को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य है.

# राष्ट्रीय खेल कलस्टर मीट में इटवा नगर बना ओवरऑल चैंपियन

**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डीएवी पब्लिक स्कूल जमालपुर के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर मीट 2026 बिहार जोन सीडीजीआई एवं एथलेटिक्स ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं तथा भव्य समापन समारोह के साथ सफल समापन हुआ। प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न डीएवी विद्यालयों के सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लेकर शानदार खेल कौशल अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 200 मीटर दौड़ और 4400 मीटर रिले सहित कई रोमांचक मुकाबले आयोजित हुए।



अंडर-14 बालक वर्ग की 200 मीटर दौड़ में बीआर-045 मुंगेर के मो. एहतेशाम आलम ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि अंडर-14 बालिका वर्ग में बीआर-005 इटवा नगर की अदिति हेम्ब्रम विजेता रहीं। अंडर-17 बालक वर्ग में एनएच-28 के मोहित राज तथा अंडर-17 बालिका वर्ग में आराध्या कुमारी ने पहला स्थान हासिल किया। अंडर-19 बालक वर्ग में इटवा नगर के आदर्श कुमार ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।4400 मीटर रिले स्पधाओं में भी बीआर-005 इटवा नगर का दबदबा कायम रहा। अंडर-14 बालक, अंडर-17 बालक, अंडर-17 बालिका और अंडर-19 बालक वर्ग में इटवा नगर की टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की।

दो दिवसीय प्रतियोगिता के अंत में घोषित एथलेटिक्स ओवरऑल चैम्पियनशिप में डीएवी पब्लिक स्कूल, इटवा नगर बेगूसराय ने 254 अंक प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं डीएवी पब्लिक स्कूल, एनएच-28 बरौनी 215 अंकों के साथ उपविजेता रहा।समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को पदक, ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती लक्ष्मी रथ ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने आयोजन की सफलता में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, शिक्षकों, प्रशिक्षकों, स्वयंसेवकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए भी किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### नशा मुक्त युवा विकसित भारत अभियान के तहत कटिहार में 15,000 से अधिक युवाओं ने ली नशा मुक्ति की शपथ

**कटिहार, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में ट ईँ१३, कटिहार द्वारा पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, कोलासी में "नशा मुक्त युवाझ्विकसित भारत" अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देशभर में चलाए जा रहे "ॠील्ले ॲल्ल२३ अर्ॅ३ङ्गल्ल" राष्ट्रव्यापी जन-अभियान का हिस्सा था। कार्यक्रम में कटिहार विधायक श्री तारकिशोर प्रसाद, जिलाधिकारी श्री आशुतोष द्विवेदी, उप विकास आयुक्त श्री अमित कुमार, वरीय उप समाहर्ता श्री नैमिष कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री राहुल चौधरी तथा ट ईँ१३, कटिहार के जिला युवा अधिकारी श्री नीरज झा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विधायक श्री तारकिशोर प्रसाद ने युवाओं से इस राष्ट्रव्यापी अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्होंने युवाओं से अपने परिवार, मित्रों एवं समाज में नशा मुक्ति का संदेश पहुँचाने का आग्रह किया। जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने कटिहार को नशामुक्त जिला बनाने के लिए प्रशासन, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों एवं युवाओं के सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही इस अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप दिया जा सकता है और कटिहार को नशामुक्त बनाने का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय, कोलासी में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में 500 से अधिक युवाओं ने नशा मुक्ति की शपथ ग्रहण की तथा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। जिले के सभी प्रखंडों, शैक्षणिक संस्थानों एवं विभिन्न कार्यक्रम स्थलों पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से 15,000 से अधिक युवाओं ने इस अभियान में सहभागिता करते हुए नशा मुक्ति की शपथ ली और नशामुक्त एवं विकसित भारत के निर्माण का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का समापन नशामुक्त, स्वस्थ एवं विकसित भारत के निर्माण तथा कटिहार को नशामुक्त जिला बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

### गर्भवती विवाहिता की हत्या का आरोप, पांच नामजद

**बेतिया, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम चम्पारण जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के लोकरिया मौजे गांव में आठ माह की गर्भवती विवाहिता की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने तथा छत से धक्का देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतका की पहचान हाजरा खातून (19) के रूप में हुई है। उसकी शादी जून 2025 में लोकरिया मौजे निवासी एजाज आलम से हुई थी, जो बाहर रहकर राजमिस्त्री का काम करता है। हाजरा का मायका पहाड़ापुर थाना क्षेत्र के सिसवा मलदेहिया वार्ड संख्या तीन में है। मृतका के पिता मनसूर आलम ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष बाइक, दो लाख रुपये नकद और सोने के गहनों की मांग कर रहा था। मांग पूरी नहीं होने पर उनकी पुत्री के साथ लगातार मारपीट की जाती थी। उन्होंने बताया कि करीब दो माह पहले हाजरा की ननद की शादी के दौरान उसके गहने मांगकर ननद को देने का दबाव बनाया गया था, लेकिन हाजरा ने इससे इनकार कर दिया था। परिजनों का आरोप है कि शनिवार की दोपहर हाजरा छत पर कपड़े उतारने गई थी, तभी ससुराल वालों ने उसे धक्का दे दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। बाद में ससुराल पक्ष ही उसे जीएमसीएच, बेतिया लेकर पहुंचे जहां से बेहतर चिकित्सा के लिए निजी अस्पताल ले गए। शनिवार की देर रात करीब एक बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मनसूर आलम ने अपनी पुत्री की हत्या का आरोप उसके ससुर, सास, सास की बहन, ननद और देवर पर लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना को लेकर संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया चल रही है।

### शिक्षण संस्थानों में सुना गया पीएम के नशा मुक्त संकल्प अभियान का संदेश

**समस्तीपुर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समस्तीपुर में रविवार को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन का लाइव प्रसारण जिले के 27 शिक्षण संस्थानों में आयोजित किया गया। समस्तीपुर शहर के आरएसबी इंटर विद्यालय में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित मुख्य समारोह आयोजित की गई। जिसमें भाजपा के विधान पार्षद डॉ. तरुण कुमार, भाजपा विधायक वीरेंद्र पासवान, जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा और पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने भाग लिया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर अपने संबोधन में युवाओं से नशे जैसी सामाजिक बुराईयों से दूर रहने, स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने तथा 'विकसित भारत-2047' के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री के संबोधन के उपरांत जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है बल्कि परिवार, विद्यालय, समाज और युवाओं की सामूहिक भागीदारी से ही संभव है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, खेल, कौशल विकास और राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपनी ऊर्जा लगाने का आह्वान किया।

इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शुभम कसौधन, माई भारत की सहायक निदेशक सह जिला युवा पदाधिकारी विजेता मजूमदार, आरएसबी इंटर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ललित घोष, भारत स्काउट एवं गाइड के जिला संगठन आयुक्त चितरंजन कुमार राय सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जन सहयोग कार्यक्रम सम्पन्न

**गोपालगंज, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा के जिला कार्यालय पर आयोजित आज जन सहयोग कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के उपस्थिति में भोरे के पूर्व विधायक आचार्य विश्वनाथ बैठा द्वारा फीता काटकर विधिवत शुरूआत की गई । इस अवसर पर विधायक सुभाष सिंह भी उपस्थित थे । जन सहयोग कार्यक्रम के शुरूआत पर शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि भाजपा के जिला संगठन की ये अनूठी पहल है । प्रदेश के भाजपा कार्यालय पर सहयोग का कार्यक्रम होता है और अब ये जिला में भी शुरू हो रहा है इससे जिलेवासियों को काफी सहयोग मिलेगा । दूर दराज के लोग भी अब भाजपकार्यालय पर आकर अपनी समस्या को बता सकते है स्थानीय संगठन के सहयोग से उनकी समस्यायों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा । मंत्री ने कहा कि वे खुद महीने के अंतिम शुक्रवार को कार्यालय पर अपना समय देंगे । स्थानीय विधायक,विधानपर्धाद भी एक बार एक दिन उपस्थित रहेंगे । भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप कुमार गिरि ने मंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भारतीय जानता पार्टी लोगो के दुःख दर्द को हमेशा से दूर करने का प्रयास हरेक स्तर पर करती है और ये उसी कड़ी में एक प्रयास है और माननीय मंत्री जी का सहयोग हम सभी संगठन के लोगो के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी।

# 61 हजार वोटों के सम्मान में 61 हजार पौधे लगाने का संकल्प

● जमालपुर में इंडियन इंक्लूसिव पार्टी का हरित अभियान



**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से इंडियन इंक्लूसिव पार्टी ने रविवार को जमालपुर के काली पहाड़ी की तराई एवं वाटर फिल्टर परिसर में भव्य वृक्षारोपण अभियान चलाया।

पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं वर्ष 2025 के जमालपुर विधानसभा (166) के महागठबंधन प्रत्याशी नरेंद्र कुमार तांती के नेतृत्व में 501 फलदार, छायादार और सागवान के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोगों ने भाग लेकर पौधारोपण किया।नरेंद्र कुमार तांती ने विधानसभा चुनाव में जनता द्वारा दिए गए 61 हजार मतों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि जनता के प्रत्येक वोट के सम्मान में एक पौधा लगाया जाएगा। इसी संकल्प के तहत आगामी दिनों में 61 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। उन्होंने इसे जनसमर्थन के प्रति सम्मान और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया।

उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण, अनियमित वर्षा, भीषण गर्मी और जल संकट जैसी चुनौतियों से पूरी दुनिया जूझ रही है। ऐसे समय में वृक्षारोपण केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मानव जीवन और प्रकृति को बचाने का प्रभावी अभियान है। एक पेड़ न केवल शुद्ध ऑक्सीजन देता है, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य भी सुनिश्चित करता है।

नरेंद्र कुमार तांती ने सभी राजनीतिक दलों एवं चुनावी प्रत्याशियों से अपील करते हुए कहा कि वे राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से ऊपर उठकर पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दें और अधिक से अधिक पौधे लगाकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि वास्तविक विकास वही है, जिसमें प्रकृति और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

# यात्रियों की सुरक्षा को लेकर आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान



**जमालपुर(मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों के बीच एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व सब इंस्पेक्टर जेआर मीणा ने किया। इसका उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित रेल यात्रा,रेलवे नियमों के पालन,स्वच्छता और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था।

आरपीएफ अधिकारियों ने यात्रियों से रेलवे लाइन पार न करने की अपील की। उन्होंने जोर दिया कि प्लेटफॉर्म बदलने के लिए केवल फुट ओवरब्रिज या निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करें।क्योंकि रेलवे लाइन पार करना जानलेवा हो सकता है। इसके अतिरिक्त,यात्रियों को बिना टिकट यात्रा न करने,रेलवे संपत्ति को नुकसान न पहुँचाने और स्टेशन परिसर को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश भी दिया गया।

अभियान के दौरान यात्रियों को रेलवे हेल्पलाइन 139 की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी गई।अधिकारियों ने बताया कि यात्रा के दौरान किसी संदिग्ध व्यक्ति,अपराध की आशंका या किसी घटना दुर्घटना की जानकारी मिलने पर तुरंत हेल्पलाइन 139 पर सूचित करें। समय पर दी गई सूचना से अपराधों की रोकथाम और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।आरपीएफ टीम ने यात्रियों से स्टेशन परिसर में कूड़ा निर्धारित डस्टबिन में डालने,स्वच्छता बनाए रखने और यात्रा के दौरान सतर्क रहने का आग्रह किया। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षित, स्वच्छ और अनुशासित रेलवे परिसर के निर्माण में यात्रियों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।इस जागरूकता अभियान में एएसआई वाई.पाठक, हेड कांस्टेबल एस. आचारिया, हेड कांस्टेबल अमर शेखर, लेडी कांस्टेबल प्रतिमा पटेल और हेड कांस्टेबल दिवाकर कुमार भी शामिल थे। यात्रियों ने आरपीएफ की इस पहल की सराहना की और सुरक्षा संबंधी सभी निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### देश का पहला 'क्राफ्ट विलेज' बिहार में, सहकारिता मॉडल से संवरेगी शिल्पकारों की जिंदगी

**बिहार, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ' सहकार से समृद्धि ' के विजन पर काम कर रहे हैं। बिहार ने इसी को आगे बढ़ाते हुए पारंपरिक हस्तशिल्प को सहकारिता से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में मधुबनी जिले के जितवारपुर को देश का पहला ' क्राफ्ट विलेज ' घोषित किए जाने के बाद बीते दिनों वहां औपचारिक रूप से काम शुरू हो गया। शिल्पकारों की जिंदगी संवारने के लिए यहां मिथिला हैंडीक्राफ्ट को-ऑपरेटिव सोसाइटी का गठन बीते शुक्रवार को किया गया है। इस पहल का उद्देश्य मिथिला कला और हस्तशिल्प से जुड़े हजारों कलाकारों को संगठित कर उन्हें देश और विदेश के बड़े बाजारों से जोड़ना तथा उनकी आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करना है। मधुबनी स्थित मिथिला हस्तकला केंद्र में आयोजित सोसाइटी की पहली बैठक में डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार के सचिव तथा कॉम्फेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, मधुबनी के जिलाधिकारी आनंद शर्मा, पटना संग्रहालय, मिथिला चित्रकला संस्थान, पर्यटन विभाग और नाबार्ड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर पद्मश्री सम्मानित कलाकार दुलारी देवी और बाऊआ देवी की उपस्थिति भी थी। इस अवसर पर शीर्षत कपिल अशोक ने कहा कि मधुबनी कला बिहार की सांस्कृतिक पहचान ही नहीं, बल्कि आर्थिक समृद्धि का भी महत्वपूर्ण आधार बन सकती है। उन्होंने कहा कि जितवारपुर को देश का पहला क्राफ्ट विलेज घोषित किया जाना राज्य के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। अब सहकारिता के माध्यम से कलाकारों को संगठित कर उनकी कलाकृतियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने का मार्ग और मजबूत होगा। उन्होंने बताया कि मधुबनी जिले में लगभग 50,000 पंजीकृत आर्टिजन कार्डधारक हैं, जिनमें अनेक कलाकार पद्मश्री सहित राष्ट्रीय और राज्य स्तर के सम्मानों से सम्मानित हो चुके हैं। नई सहकारी समिति कलाकारों को बेहतर विपणन, अधिक आय और व्यापक बाजार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। समिति की सदस्यता के लिए पहले ही चरण में लगभग 200 आवेदन, जिनमें पद्मश्री सम्मानित कलाकार भी शामिल हैं, प्राप्त होना इस पहल पर कलाकारों के विश्वास को दर्शाता है। इस कार्यक्रम को भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के सचिव आशीष भूटानी तथा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष मीनिश शाह ने रिकॉर्डेड संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए इस पहल को सहकारिता आंदोलन के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### आरबीआई की नई स्कीम पर डॉलर की बारिश, दो हफ्ते में दोगुनी हो गई रकम, क्या है इसमें खास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी मुद्रा आकर्षित करने के लिए आरबीआई ने 8 जून को रियायती डॉलर स्वैप सुविधा शुरू की थी। पिछले दो हफ्ते में इसमें जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिला है। आंकड़ों के मुताबिक 31 जुलाई तक कुल विदेशी मुद्रा डिपॉजिट 40 अरब के पार पहुंच गया है। इसमें फॉरेन करेंसी नॉन-रेजिडेंट (बैंक) यानी की सबसे बड़ी भूमिका है। इसके तहत डिपॉजिट की रकम दो हफ्ते में करीब दोगुना हो गई है। 31 जुलाई तक अधिकृत डीलर बैंकों ने इस सुविधा के तहत 40.8 अरब जमा किए थे। सेंट्रल बैंक ने बताया कि इसमें डिपॉजिट के जरिए 36.7 अरब, ओवरसीज फॉरेन करेंसी बॉरोइंग के जरिए 2.6 अरब और एक्सटर्नल कमर्शियल बॉरोइंग के जरिए 1.5 अरब आए। 8 जून को नई विंडो खुलने के दो महीने से भी कम समय में डिपॉजिट के जरिए 36.72 बिलियन का इनफ्लो हुआ। यह 2013 में इसी तरह की स्कीम के तहत जुटाए गए 26 बिलियन से ज्यादा है। बैंक 30 सितंबर तक उपलब्ध जीरो-कॉस्ट हेजिंग सुविधा के तहत इन डिपॉजिट्स को साथ स्वैप कर सकते हैं। 17 जुलाई को जारी पिछले डेटा के अनुसार इनफ्लो 20.72 बिलियन था। इस तरह इसमें 77% तेजी आई है।

# क्या ये इंसानियत के आखिरी पांच साल हैं एलन मस्क से ज्यादा उम्मीद जगाता है इतिहास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इनवेंटर एलन मस्क ने हाल में एक इंटरव्यू में भविष्यवाणी की कि पांच साल के अंदर सभी इंसानों की कुल बुद्धिमत्ता से आगे निकल सकता है। उन्होंने कहा कि दस साल में यह इंसानियत को पूरी तरह बौना बना सकता है। क्या यह किसी साइंस-फिक्शन थ्रिलर फिल्म के टाइटल जैसा लगता है मगर, एआई क्रांति इतनी तेजी से आगे बढ़ रही है कि मस्क की बात को नजरअंदाज करना समझदारी नहीं होगी। वे कई बिजनेस डेडलाइन के मामले में बुरी तरह गलत साबित हुए हैं और अक्सर राजनीतिक बहस, साजिश की थ्योरी और बढ़ा-चढ़ाकर दावे करने में शामिल रहे हैं।

फिर भी, टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में उनका रिकॉर्ड असाधारण है। उन्होंने इलेक्ट्रिक गाड़ियों की दुनिया बदल दी, जबकि एक्सपर्ट्स टेस्ला को नामुमकिन मानते थे। उन्होंने दोबारा इस्तेमाल होने वाले रॉकेट (रीयूजेबल रॉकेट) के क्षेत्र में क्रांति ला दी, जबकि एयरोस्पेस इंजीनियरों ने इस विचार का मजाक उड़ाया था। अब कमर्शियल लॉन्च में सबसे आगे है। सैटेलाइट कम्युनिकेशन को बदल दिया है। ऐसे बहुत कम एंटरप्रेन्योर हैं जो बार-बार वहां सफल हुए हैं जहां एक्सपर्ट्स ने विफलता की भविष्यवाणी की थी। ऐसे में मस्क जब चेतावनी देते हैं कि इंसानियत को उलट-पलट सकता है, तो हमें कम से कम उनकी बात सुननी चाहिए। विडंबना यह है कि मस्क आदर्श दुनिया और तबाही के बीच झूलते रहते हैं। एक पल में, वह भविष्यवाणी करते हैं कि एआई अभूतपूर्व अद्भुत समृद्धि




लाएगा, जिससे काम की जरूरत नहीं रहेगी और पैसा बेकार हो जाएगा। दूसरे पल में, उन्हें सुपर-इंटेलिजेंट मशीनों पर नियंत्रण खोने का डर सताता है। वह यह भी सोचते हैं कि हमारा ब्रह्मांड एलियंस द्वारा बनाया गया सिर्फ एक कंप्यूटर सिमुलेशन हो सकता है। वह कहते हैं, 'मैं जो चीजें कर रहा हूं, वे इतनी अजीब हैं कि उन पर यकीन करना मुश्किल है।'

उनकी सोच दो मशहूर फिल्मों के मुख्य तत्वों को मिलाती है। इनमें एक है 2001:ए स्पेस ओडिसी, जिसमें ॥रु नाम का कंप्यूटर डिस्कनेक्ट होने से बचने के लिए अंतरिक्ष यात्रियों को मार देता है। दूसरी फिल्म है द मैट्रिक्स। इसमें यह दिखाया गया है कि जिसे हम असलियत समझते हैं, वह असल में एलियन ताकतों द्वारा बनाया गया एक सिमुलेशन है। यह बात अजीब लगती है जब तक कि कोई यह याद न करे कि आज का भी पांच साल पहले अजीब ही लगता।

एआई की तरक्की की रफ्तार जबरदस्त है, लेकिन इसमें खतरे भी हैं। कंपनी ने हाल ही में खुलासा किया कि साइबर-सिक्योरिटी टेस्टिंग के दौरान, कुछ एक्सपेरिमेंटल सिस्टम अपने सुरक्षित माने जाने वाले टेस्टिंग एनवायरनमेंट से बाहर निकल गए, ओपन इंटरनेट तक पहुंच गए और बाहरी प्लेटफॉर्म को हैक करने की कोशिश की। इसके बाद, एंथ्रोपिक ने खुद इसकी समीक्षा की और कई ऐसे मामले सामने आए जिनमें उनके मॉडल अचानक ओपन इंटरनेट तक पहुंच गए और बाहरी संगठनों के प्रोडक्शन इन्फ्रास्ट्रक्चर तक अनधिकृत पहुंच हासिल कर ली। हो सकता है कि एआई मानवीय प्रयासों को बढ़ाए, न कि उनकी जगह ले। तकनीकी सफलताओं के इतिहास को देखें, जिनमें से हरेक ने दुनिया के खत्म होने का डर पैदा किया, लेकिन अंततः उत्पादकता को सौ गुना बढ़ा दिया। स्टीम इंजन ने मजदूरों को खत्म नहीं किया। इसने उनकी उत्पादकता को कई गुना बढ़ा दिया। कंप्यूटर ने अकाउंटेंट्स को कहीं ज्यादा उत्पादक बना दिया। इसी तरह कैलकुलेटर ने गणितज्ञों को खत्म नहीं किया। शायद एआई भी इसी रास्ते पर चलेगा।

### क्या है सुरक्षा उपाय

कंपनियों का कहना है कि इन घटनाओं को रोक दिया गया था और इनसे उन कमजोरियों का पता चला जिन्हें अब दूर कर लिया गया है। लेकिन इनसे एक परेशान करने वाली सच्चाई सामने आई। एआई पहले से ही ऐसे तरीके से काम कर रहा है जैसा उसके बनाने वालों ने कभी नहीं सोचा था। यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि मशीनें जागरूक हो गई हैं। लेकिन वे तेजी से ऐसी क्षमताएं दिखा रही हैं जिनकी उम्मीद नहीं थी, जिससे पारंपरिक सॉफ्टवेयर टेस्टिंग अपर्याप्त हो गई है। एक ऐसा सिस्टम जो लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र रूप से नए रास्ते खोज सकता है, वह पारंपरिक कंप्यूटर प्रोग्राम से काफी अलग होता है। इसलिए, मस्क अब मजबूत सुरक्षा उपायों का समर्थन करते हैं। गूगल डीपमाइंड के को-फाउंडर सर डेमिस हसाबीस के साथ मिलकर, वह एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय तंत्र की वकालत करते हैं जिसके जरिए प्रमुख एआई प्रयोगशालाएं सार्वजनिक रूप से जारी करने से पहले एक-दूसरे के अत्याधुनिक मॉडलों की जांच करेंगी। मस्क का यह भी सुझाव है कि अमेरिकी और चीनी प्रयोगशालाएं डिप्लॉयमेंट से पहले एक-दो हफ्ते तक एक-दूसरे के सिस्टम की जांच करें और संयुक्त रूप से दोनों सरकारों को गंभीर जोखिमों की रिपोर्ट करें। उनका तर्क है, 'कंपटीटर एक-दूसरे को ईमानदार बनाए रख सकते हैं।' क्या यह काम करेगा इस पर गंभीर संदेह है। अमेरिका और चीन वैश्विक प्रभुत्व के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। दुनिया भर की बड़ी कंपनियां भी ऐसा ही कर रही हैं।

### क्या पिता की तरह मजदूरी करोगे

## टीचर के एक सवाल ने बदली जिंदगी, आज 4000 करोड़ की कंपनी के मालिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** किसी परीक्षा में असफल होना जिंदगी का अंत नहीं है। केरल के वायनाड के रहने वाले पीसी मुस्तफा की कहानी इसका शानदार उदाहरण है। कभी कक्षा 6 में फेल होकर पढ़ाई छोड़ने वाले मुस्तफा ने खेतों में मजदूरी की, लेकिन एक शिक्षक की प्रेरणा ने उनकी जिंदगी बदल दी। आगे चलकर उन्होंने एनआईटी कालीकट और आईआईएम बेंगलुरु से पढ़ाई की और आज करीब 4,000 करोड़ रुपये की वैल्यू वाली आईडी फ्रेश फूड कंपनी के को-फाउंडर और सीईओ हैं।



मुस्तफा का जन्म केरल के वायनाड जिले के चेन्नालोड गांव में एक बेहद साधारण परिवार में हुआ था। उनके पिता अदरक के खेत में दिहाड़ी मजदूर के तौर पर काम करते थे। परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी खराब थी कि रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल था।

मुस्तफा कक्षा 6 में फेल हो गए और पढ़ाई छोड़कर पिता के साथ खेत में मजदूरी करने लगे। इसी दौरान उनके गणित के टीचर को उनकी गैरहाजिरी का पता चला। टीचर उन्हें ढूंढते हुए खेत तक पहुंच गए और शिक्षा के महत्व को समझाया। टीचर ने मुस्तफा से पूछा, 'क्या तुम्हें भी पिता की तरह मजूदरी करनी है या पढ़-लिखकर बड़ा इंसान बनना है' टीचर के प्रोत्साहन ने मुस्तफा को दोबारा स्कूल लौटने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन किया और अपनी जिंदगी की दिशा बदल दी।

पढ़ाई में वापसी के बाद मुस्तफा ने कड़ी मेहनत की। कक्षा 7 में उन्होंने टॉप किया और 10वीं की पढ़ाई भी अच्छे अंकों से पूरी की। कॉलेज में उन्हें मुफ्त सीट के साथ भोजन की सुविधा भी मिली। इसके बाद उन्होंने केरल इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में 63वीं रैंक हासिल की और एनआईटी कालीकट से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने आईआईएम बेंगलुरु से मैनेजमेंट की डिग्री हासिल की। पढ़ाई पूरी करने के बाद मुस्तफा ने मिडिल ईस्ट और अमेरिका में मल्टीनेशनल कंपनियों में नौकरी की। उन्हें अच्छी सैलरी मिल रही थी, लेकिन उनके मन में अपना कारोबार शुरू करने का सपना था। साल 2005 में उन्होंने कॉरपोरेट नौकरी छोड़कर बेंगलुरु लौटने का फैसला किया। यहां उन्होंने अपने कजिन्स के साथ मिलकर अपनी बचत से सिर्फ 50 वर्ग फुट की छोटी सी किचन से कारोबार शुरू किया। मुस्तफा और उनके कजिन्स ने ताजा इडली और डोसा बैटर बनाने का काम शुरू किया। उनका फोकस ऐसा बैटर तैयार करने पर था, जिसमें प्रिजर्वेटिव्स का इस्तेमाल न हो और जिसे लोग आसानी से घर पर इस्तेमाल कर सकें। शुरुआती दिनों में कारोबार इतना छोटा था कि मुस्तफा खुद सुबह-सुबह स्कूटर से बैटर के पैकेट दुकानों तक पहुंचाते थे। उनके पास डिलीवरी के लिए वाहन तक नहीं था। छोटी सी किचन से शुरू हुआ उनका कारोबार आज बड़े फ्रेश फूड ब्रांड में बदल चुका है। कंपनी इडली-डोसा बैटर के अलावा पराठा, चटनी और कई अन्य फ्रेश फूड प्रोडक्ट्स बेचती है।

# टॉप 10 कंपनियों में से नौ ने कमाए 2.51 लाख करोड़, कौन रहा नुकसान में



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले हफ्ते शेयर बाजार में तेजी रही। इस दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,034.87 अंक यानी 2.67 प्रतिशत चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 616.15 अंक यानी 2.59 प्रतिशत की बढ़त में रहा। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे वैल्यूबल कंपनियों में से नौ के मार्केट कैप में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2,51,228.75 करोड़ की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में तेजी के बीच बजाज फाइनेंस लिमिटेड को सबसे ज्यादा लाभ हुआ।

शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार मूल्यांकन में वृद्धि हुई। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 40,414.03 करोड़ रुपये बढ़कर 8,55,894.78 करोड़ रुपये रहा। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की बाजार हैसियत 39,447.35 करोड़ रुपये बढ़कर 17,69,108.79 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। लार्सन एंड टुब्रो का बाजार पूंजीकरण 21,096.80 करोड़ रुपये बढ़कर 5,41,844.69 करोड़ रुपये हो गया।

### किसे हुए सबसे ज्यादा फायदा

समीक्षाधीन सप्ताह में बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 80,345.97 करोड़ रुपये बढ़कर 7,10,817.51 करोड़ रुपये हो गया। बजाज फाइनेंस का शेयर शुक्रवार को आठ प्रतिशत से अधिक चढ़ा, क्योंकि कंपनी ने जून तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 44,959.50 करोड़ रुपये बढ़कर 12,30,005.63 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

एसबीआई की बाजार हैसियत 10,845.97 करोड़ रुपये बढ़कर 9,47,799.81 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 8,164.73 करोड़ रुपये बढ़कर 11,52,150.63 करोड़ रुपये रहा। एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 4,427.49 करोड़ रुपये बढ़कर 5,37,435.05 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जबकि आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 1,660.37 करोड़ रुपये बढ़कर 10,29,878.30 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड की बाजार हैसियत 10,326.46 करोड़ रुपये घटकर 4,93,602.13 करोड़ रुपये रह गई। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष स्थान पर कायम रही।

## दिवालिया कंपनियों के कर्मचारियों के लिए सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, पीएफ के पैसों का क्या होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने पीएफ (प्रोविडेंट फंड) और इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड से जुड़े एक बेहद अहम मामले पर फैसला सुनाया है। अदालत ने साफ किया है कि दिवालिया प्रक्रिया शुरू होने से पहले अगर ईपीएफओ की तरफ से ब्याज और जुर्माने की राशि तय नहीं हुई थी, तो नया मालिक उसे देने के लिए बाध्य नहीं है। अदालत ने कहा कि पीएफ का मूल बकाया पूरी तरह सुरक्षित है और उसे देना ही होगा, लेकिन जो ब्याज और पेनल्टी प्रक्रिया शुरू होने के बाद तय की गई हो, उसे प्लान से बाहर रखा जा सकता है। यानी यहां कोर्ट ने कंपनी के नए मालिक को बड़ी राहत दी है।

क्या था पूरा मामला 1 मई 2023 को एक कंपनी के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया शुरू हुई। ईपीएफओ ने कुल 22,49,956 रुपये का दावा




किया। इसमें सेक्शन 7 के तहत मूल पीएफ बकाया 73,120 रुपये, सेक्शन 7क्त के तहत ब्याज के रूप में 9.32 लाख रुपये और सेक्शन 14क्क के तहत 12.44 लाख रुपये का हर्जाना शामिल था। कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स ने जो नया प्लान मंजूर किया, उसमें केवल मूल पीएफ के 73,120 रुपये देने का प्रावधान किया गया। बाकी ब्याज और जुर्माने की रकम को देने से मना कर दिया गया। कोर्ट ने पाया कि ब्याज और हर्जाने से संबंधित कार्रवाई 10 मई 2023 को शुरू हुई थी, जबकि 1 मई 2023 को शुरू हो चुका था। यानी शुरू होने के समय ये दावे तय या अंतिम रूप से निर्धारित नहीं थे। ऐसे में अदालत ने इसे खारिज कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट (जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच) ने कहा कि नए मालिक को यह पहले से पता होना चाहिए कि उस पर कुल कितनी देनदारी है। अगर पुरानी अनिश्चित या अनसुलझी देनदारियों को बाद में मांगा जाएगा, तो कोई भी बंद पड़ी कंपनी को खरीदने और चलाने के लिए आगे नहीं आएगा।

कोर्ट ने माना कि पीएफ का मूल पैसा सुरक्षित है, लेकिन दिवालिया प्रक्रिया शुरू होने से पहले जो ब्याज और जुर्माना आधिकारिक तौर पर तय नहीं हुआ था।

# असफलता घातक नहीं, यह तो अनिवार्य है... अपनी क्षमता के अनुसार पर्याप्त जोखिम उठाना जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के दिग्गज उद्योगपति और आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला के नेतृत्व में समूह ने वैश्विक स्तर पर सफलता की एक नई कहानी लिखी है। आज इस ग्रुप का मार्केट कैप 118 अरब डॉलर से ज्यादा का हो चुका है। इसकी उपस्थिति दुनिया के 40 से ज्यादा देशों में फैली हुई है। ग्रुप की कंपनियों में ग्रासिम इंडस्ट्रीज, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, आइडिया सेल्युलर आदि प्रमुख हैं।

कोलकाता में प्रसिद्ध बिड़ला परिवार में जन्मे कुमार मंगलम बिड़ला एक योग्य चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा के तहत ब्रिटेन के प्रतिष्ठित लंदन बिजनेस स्कूल से एमबीए की डिग्री हासिल की है।

जिंदगी आपके सामने जो भी परिस्थितियां लाती है, आपको उसी के साथ आगे बढ़ना होता है। अगर मैं पेशेवर रूप से देखूं तो मेरी यात्रा शानदार रही है और मुझे कोई मलाल नहीं है। हमेशा नई सीमाओं की तलाश में रहना ही सही रणनीति नहीं है,



खासकर तब जब आपके अपने ही मौजूदा व्यवसायों में और आपके घर में ही तरक्की के बड़े अवसर उपलब्ध हों। सफलता और खुशी हासिल करने का सबसे बड़ा 'गोल्डन रूल' यह है कि आपको अपने पैशन का पीछा करना चाहिए और वही काम करना चाहिए जो आपके दिल के करीब हो। मौजूदा व्यवसाय में छुपे अवसरों को छोड़ नए क्षेत्रों की तरफ भागना हर बार सही फैसला नहीं होता। कार्यस्थल का माहौल यह तय करता है कि आप अपने काम का कितना आनंद लेते हैं। ऐसे स्मार्ट और बौद्धिक लोगों के साथ काम करना बेहद जरूरी है जिनके पास न सिर्फ तेज दिमाग हो, बल्कि बेहतर सॉफ्ट स्किल्स भी हों। असफलता घातक नहीं है, यह तो अनिवार्य है। अगर आप असफल नहीं हो रहे हैं, तो इसका सीधा मतलब है कि आप अपनी क्षमता के अनुसार पर्याप्त जोखिम नहीं उठा रहे हैं।

हम सभी गलतियां करते हैं और असफल होते हैं। कुंजी यह है कि आप अपनी गलती से अनजान न रहें। गलती होने पर आपके पास तीन विकल्प होते हैं- आप इसे नकार सकते हैं, इसे खुद पर हावी होने दे सकते हैं, या फिर अपनी गलती को स्वीकार कर तुरंत सुधारात्मक कदम उठाकर उससे सीख ले सकते हैं। एक लीडर को कई तरह की भूमिकाएं निभानी पड़ती हैं। एक तरफ नई प्रतिभाओं को तराशना और दूसरी तरफ रणनीतिकार बनना।

### कई सफल अधिग्रहण

साल 1995 में अपने पिता आदित्य विक्रम बिड़ला के आकस्मिक निधन के बाद 28 वर्ष की उम्र में कुमार मंगलम बिड़ला ने समूह की बागडोर संभाली थी। बिड़ला के रणनीतिक दृष्टिकोण का ही नतीजा है कि समूह ने अब तक 60 से ज्यादा सफल अधिग्रहण किए हैं, जिससे भारतीय उद्योगों की वैश्विक बाजार में मजबूत पकड़ बनी है। यह एक बेहद दिलचस्प जिम्मेदारी है। अगर आप सहयोग नहीं कर सकते, तो आप सफल नहीं हो सकते। किसी लक्ष्य को एक टीम के रूप में हासिल करने की खुशी किसी भी व्यक्तिगत उपलब्धि से कहीं अधिक बड़ी होती है। व्यक्तिगत प्रतिभा आपको केवल एक हद तक ही आगे ले जा सकती है। बिजनेस हो या कोई भी अन्य क्षेत्र- टीम वर्क ही सफलता की असली कुंजी है।

### जुलाई में टूट गए गाड़ियों की बिक्री के सारे रेकॉर्ड

## मारुति की सेल 2 लाख के पार, टाटा ने मचा ईवी में धमाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जुलाई में पैसेंजर गाड़ियों की बिक्री रेकॉर्ड पर पहुंच गई। इंडस्ट्री के अनुमानों के मुताबिक, पिछले महीने फैक्टरियों से डीलरशिप तक लगभग 4,69,000 पैसेंजर कारें, यूटिलिटी गाड़ियां और वैन भेजी गईं, जो पिछले साल के मुकाबले 34% अधिक है। यह अब तक का मंथली रेकॉर्ड है। इससे पहले का रेकॉर्ड पिछले साल अक्टूबर में 4,60,000 यूनिट का था। इस फाइनेंशियल ईयर की शुरुआत से बिक्री अप्रैल में 25%, मई में 27% और जून में 24% बढ़ी है। इन आंकड़ों में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री भी शामिल है।

जीएसटी दरों में कटौती के बाद गाड़ियों के सस्ता होने और मजबूत डिमांड के कारण गाड़ियों की बिक्री बढ़ी है। नए मॉडल्स के लॉन्च से कई कार कंपनियों ने जुलाई में रेकॉर्ड बिक्री दर्ज की। बड़ी कंपनियों में टाटा मोटर्स पैसेंजर वीकल्स ने सबसे ज्यादा ग्रोथ दर्ज की। कंपनी की बिक्री सालाना आधार पर 59% बढ़कर 63,760 यूनिट्स हो गई। इस दौरान कंपनी की इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बिक्री दोगुनी से ज्यादा होकर 15,217 यूनिट्स तक पहुंच गई।

मारुति ने कितनी गाड़ियां बेची

मार्केट लीडर मारुति सुजुकी ने जुलाई में 2.4 लाख गाड़ियां बेचीं, जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 1.8 लाख यूनिट्स था। यह पहला मौका है



जब जुलाई महीने में कंपनी की घरेलू बिक्री पहली बार दो लाख के पार पहुंची। वहीं, यूटिलिटी गाड़ियों की बिक्री लगभग 50% बढ़कर 78,851 यूनिट्स रही। इसमें फ्रॉन्क्स, ग्रैंड विटारा, ब्रेजा और इलेक्ट्रिक विटारा जैसे मॉडल्स का बड़ा योगदान रहा।

महिंद्रा ने बढ़ती मांग का फायदा उठाया। कंपनी ने घरेलू बाजार में 60,048 यूटिलिटी वाहन बेचे, जो सालाना आधार पर 20% ज्यादा है। एक्सपोर्ट को मिलाकर कुल बिक्री 60,887 यूनिट्स रही, जबकि कुल गाड़ियों की बिक्री 26% बढ़कर 1,03,860 यूनिट्स हो गई। एक्सपोर्ट 47% बढ़कर 4,070 यूनिट्स रहा।

# परिसीमन के बाद ही होगा पंचायत चुनाव

## परिसीमन के बाद जारी होगी अधिसूचना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में आगामी पंचायत चुनाव को लेकर लगाई जा रही तमाम अटकलों पर पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने विराम लगा दिया है। शिवहर में दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे मंत्री ने परिसदन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान स्पष्ट किया कि राज्य में परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही चुनाव कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि परिसीमन का कार्य संपन्न होते ही पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी।

मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार पंचायती राज व्यवस्था को अधिक सशक्त और प्रभावी बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है, जिससे शीघ्र ही पंचायतों का स्वरूप बदला हुआ नजर आएगा।

इसके साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों के मानदेय और पंचायत सरकार भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा भी की।

विकास कार्यों का विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि शिवहर जिले में 17 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण चल रहा है, जबकि 49 स्थलों के लिए स्वीकृति दी जा चुकी है।

अब तक 15 भवन बनकर तैयार हो चुके हैं, जिनमें से 11 में आरटीपीएस केंद्र और 7 में आधार सेवा संचालित है। इसके अलावा जिले में मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत 7,810 लाइटें लगाई जा चुकी हैं।

## ताल ठोंक रहे प्रतिनिधियों में मायूसी

सामाजिक कल्याण की योजनाओं का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना के लिए जिले की 19 पंचायतों का चयन किया गया है।

वहीं मोक्षधाम योजना के तहत शिवहर की 53 में से 38 पंचायतों में शवदाह गृहों का निर्माण जल्द शुरू कराया जाएगा, जिसके लिए प्राक्कलन तैयार हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-2026 में शिवहर जिला परिषद को विभिन्न संसाधनों से 1.61 करोड़ रुपये से अधिक की आय प्राप्त हुई है।

आयोजित इस वार्ता के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इनमें राष्ट्रीय लोक मोर्चा के ठाकुर धर्मेंद्र प्रसाद सिंह, जिलाध्यक्ष कल्याण पटेल, पूजा सिंह, हिमांशु पटेल, रामलोचन सिंह कुशवाहा के अलावा लोजपा (रामविलास) के जिलाध्यक्ष विजय पांडे शामिल थे। इनके साथ 'हम' के जिलाध्यक्ष मोहम्मद इब्राहिम, जदयू जिलाध्यक्ष कमलेश पांडे तथा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अहमर अब्दाली भी उपस्थित रहे।

## सांप को छोड़ा गया जंगल में

**विभूतिपुर।** वन्य जीव प्राणियों पर क्रूरता के विरुद्ध चलायी जा रही प्रशासनिक सख्ती के बावजूद नौनिहालों के पोषण और शिक्षा के लिए संचालित आंगनबाड़ी केंद्र के कमरे में सांपों को कैद कर रखा जा रहा था। इसकी सूचना पर प्रशासनिक महकमे ने गंगौली मंदा वार्ड -6 स्थित सामुदायिक भवन में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-248 में दबिश दी। यह महज संयोग था कि इसकी सूचना पहले ही आंगनबाड़ी केंद्र की संचालिका को मिल गई। उसके बाद भगत और उसके स्वजनों ने सांप को पास के जंगल में जाकर छोड़ दिया। सीओ के नेतृत्व में पहुंची टीम ने मामले की जांच की। बताया गया कि सांपों को लवनी और घड़ों में कैद कर रखा गया था। पूछताछ के दौरान सेविका ने अधिकारियों के समक्ष स्वीकार किया कि केंद्र के कमरे में सांप रखे गए थे, जिन्हें बाद में हटा दिया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीओ ने उन्हें कड़ी चेतावनी दी। कहा कि बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ और वन्य जीव संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### वीआईपी और अधिकारियों को बनाती थी निशाना

# एसटीएफ ने रात में दबोचा

## गिरोह के लिए हनीट्रैप करती थी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड के साहिबगंज की रहने वाली अर्पिता सरकार को पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने आतंकी संबंधों की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बर्धमान से गिरफ्तार हमीम मंडल से पूछताछ के दौरान मिले इनपुट के आधार पर की गई। एसटीएफ का दावा है कि अर्पिता हमीम के संपर्क में थी और कथित तौर पर संगठित गिरोह के लिए हनीट्रैप के जरिए प्रभावशाली लोगों को निशाना बनाने का काम करती थी। जांच एजेंसी के अनुसार, शुक्रवार को बर्धमान से हमीम मंडल की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में अर्पिता सरकार का नाम सामने आया। इसके बाद एसटीएफ की टीम ने शुक्रवार रात साहिबगंज में छापेमारी कर उसे हिरासत में लिया और बर्धमान ले गई। शनिवार को उसे अदालत में पेश किया गया।

एसटीएफ के प्रारंभिक दावों के मुताबिक, अर्पिता का इस्तेमाल कथित रूप से वरिष्ठ अधिकारियों, प्रशासनिक पदाधिकारियों और राजनीतिक रूप से प्रभावशाली व्यक्तियों को हनीट्रैप में फंसाने तथा उनसे संवेदनशील और गोपनीय जानकारियां हासिल करने के लिए किया जाता था। एजेंसी का कहना है कि अब अर्पिता से विस्तृत पूछताछ कर इन दावों का सत्यापन किया जाएगा और इस कथित नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जाएगा।

इससे पहले अदालत ने हमीम मंडल को 14 दिनों की एसटीएफ हिरासत में भेजा है। एसटीएफ पहले ही यह दावा कर चुकी है कि हमीम मंडल के पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से कथित संबंधों की जांच की जा रही है। हालांकि, एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल यह मामला जांच के अधीन है और अब तक लगाए गए आरोपों की अंतिम पुष्टि नहीं हुई है। पूरे मामले में जांच जारी है और एसटीएफ का कहना है कि पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अर्पिता सरकार या हमीम मंडल के खिलाफ लगाए गए आरोप न्यायालय में सिद्ध नहीं हुए हैं।

## इओ की हत्या से प्रशासनिक महकमे में हड़कम्प, सहमे लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** डेहरी नगर परिषद के कार्यपालक अधिकारी (ईओ) विमल कुमार की अपराधियों ने हत्या कर दी। घटना औरंगाबाद जिले के बारुण थाना क्षेत्र में हुई, इसके बाद दोनों जिलों के प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात विमल कुमार डेहरी से पटना जा रहे थे। इसी दौरान बारुण नहर मार्ग स्थित एक सुनसान इलाके में अज्ञात अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया। आशंका है कि अपराधियों ने लूट-पाट के दौरान उन पर हमला कर दिया। अपराधियों के हमले में गंभीर रूप से घायल विमल कुमार को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल उपचार के लिए रोहतास जिले के जमुहार स्थित नारायण मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के पश्चात उन्हें मृत घोषित कर दिया।

दरअसल कार्यपालक पदाधिकारी की गाड़ी सड़क किनारे खेत में गिरी मिली, जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है और गाड़ी के ड्राइवर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस हत्या एवं दुर्घटना के एंगल से मामले की जांच कर रही है।

घटना की सूचना मिलते ही रोहतास जिलाधिकारी दीपक मिश्रा एवं एसपी रौशन कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। इसके अलावा सासाराम नगर आयुक्त विकास कुमार, सदर एसडीएम डॉ नेहा कुमारी, औरंगाबाद एसडीएम गौरव सिंह , डेहरी विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह समेत कई आला अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गये। औरंगाबाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल अपराधियों की पहचान तथा हत्या के कारणों का स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है, लेकिन पुलिस विभिन्न पहलुओं पर सूक्ष्मता से जांच कर रही है।

# पुलिस-प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाल दिया सुरक्षा का संदेश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** आगामी पर्व-त्योहार एवं विधि-व्यवस्था को लेकर रविवार को शिवाजीनगर प्रखंड क्षेत्र में पुलिस-प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च का नेतृत्व दंडाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने किया।

फ्लैग मार्च शिवाजीनगर बाजार से शुरू होकर सरैला शिव मंदिर, घिवाही, काकर घाट, शिवराम, माली टोला तथा भटौरा मठ सहित विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने आम लोगों से शांति, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ रहने की अपील की। दंडाधिकारी सह बीडीओ वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना तथा असामाजिक तत्वों को यह संदेश देना है कि कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वहीं थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। विभिन्न गांवों एवं चौक-चौराहों से गुजरते हुए पुलिस-प्रशासन ने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया।

## पूर्व विधायक के निधन पर शोक व्यक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोधगया।** लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने सिवान जिला के वसंतपुर पूर्व विधायक विद्याभूषण सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है । गत 30 जुलाई को सिवान के बैकुंठपुर प्रखंड स्थित सिहूरी गांव में उनके निवास स्थान पर उनका निधन हो गया। वे 86 वर्ष के थे ।उन्होंने कहा कि श्री सिंह के निधन से लोक समिति को अपूर्णनीय क्षति हुई है। श्री आजाद ने कहा कि पूर्व विधायक श्रीसिंह ट्रेड यूनियन के कार्यकर्ता से अपने सामाजिक जीवन की शुरूआत कर 1974 के बिहार आंदोलन में शामिल हुए और जेल की यातनाएं झेली । फिर 1977 में जनता पार्टी की ओर से विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाए गए थे और जीत हासिल कर विधायक बने । वे जेपी सेनानी भी थे।इसके बाद वे फिर कभी चुनाव नहीं लड़े और लोकनायक जयप्रकाश नारायण द्वारा संस्थापित निर्दलीय संगठन लोक समिति के साथ सक्रिय रहे । वे जीवनपर्यंत लोक समिति को आगे बढ़ाने में लगे रहे।

# घर में सोये दिव्यांग की गला रेतकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के सराय थाना क्षेत्र के प्रबोधि नरेंद्र गांव में देर रात अज्ञात अपराधियों ने एक दिव्यांग व्यक्ति की बेरहमी से गला रेतकर हत्या कर दी। इस दुस्साहसिक वारदात के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची तथा साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान प्रबोधि नरेंद्र गांव निवासी शंकर सिंह के रूप में हुई है, जो दिव्यांग थे।

पुलिस के अनुसार, शंकर सिंह शनिवार रात भोजन करने के बाद अपने घर के बगल में बने फूस के मकान में सोने चले गए थे। रविवार सुबह काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजनों को चिंता हुई। उनका भाई जब कमरे के अंदर पहुंचा तो शंकर सिंह का गला कटा हुआ शव बिस्तर पर पड़ा मिला। यह दृश्य देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में हड़कंप फैल गया।

परिजनों के अनुसार, शंकर सिंह पांच भाइयों में से एक थे। एक भाई की पहले ही मृत्यु हो चुकी है, जबकि तीन भाई जीवित हैं। शंकर सिंह अविवाहित थे। दिव्यांग होने के कारण वे घर के समीप बने अलग फूस के मकान में अकेले रहते थे। फिलहाल परिजन किसी पुरानी दुश्मनी या विवाद की जानकारी नहीं दे सके हैं।

घटना की गंभीरता को देखते हुए सदर एसडीपीओ-2 गोपाल मंडल और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। विशेषज्ञों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और फूस के घर के भीतर तथा आसपास से फिंगरप्रिंट समेत अन्य वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वारदात को कितने लोगों ने अंजाम दिया और आरोपी किस रास्ते से आए और फरार हुए।

# बैठक में शहादत दिवस पर जुलूस व सम्मेलन का निर्णय



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोधगया।** लोक समिति , छात्र - युवा संघर्ष वाहिनी और मजदूर - किसान समिति की संयुक्त बैठक बोधगया स्थित महा प्रज्ञा गेस्ट हाउस के सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता लोक समिति के जिला महामंत्री राजेन्द्र मांझी ने की । बैठक में निर्णय लिया गया कि 8 अगस्त को रामदेव और पांचु मांझी के शहादत दिवस के अवसर पर जुलुस व सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जुलुस सुबह बजे कालचक्र मैदान से प्रारंभ होकर मस्तीपुर होते हुए शहीद स्थल पहुंचेगा और पुष्पांजलि अर्पित किया जाएगा । इसके बाद महाप्रज्ञा गेस्ट हाउस में सम्मेलन किया जायेगा। जुलुस और सम्मेलन में बोधगया, फतेहपुर, मोहनपुर, बाराचट्टी, डोभी, शेरघाटी, गुरुआ, आमस, मानपुर, वजीरगंज, परैया, टेकारी व अन्य प्रखंड के गांवों से सैकड़ों की संख्या में मजदूर, किसान, महिला व युवा शामिल होंगे। सम्मेलन में समता पर आधारित समाज रचना में वर्तमान चुनौतियों पर चर्चा होगी और आगे का कार्यक्रम तय किया जाएगा । बैठक को संबोधित करते हुए लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने कहा कि बोधगया भूमि - मुक्ति आंदोलन के दौरान हमारे दो जुझारू साथी रामदेव मांझी और पांचु मांझी 8 अगस्त, 1979 को शहीद हो गए थे । निहत्थे और शांतिपूर्ण जुलुस पर मठ के लठैतों और गुंडों ने बम और बंदूक से हमला किया था जिससे रामदेव और पांचु मांझी शहीद हो गए और जानकी मांझी को जांघ में गोली लगने से अपंग हो गये थे । उन्होंने कहा कि रामदेव मांझी और पांचु मांझी का शहादत खाली नहीं गया । आंदोलन सफल हुआ और मठ की नाजायज कब्जे की दस हजार एकड़ जमीन दलितों, मजदूरों, महिलाओं के बीच बांटी गई थी । उन्होंने कहा कि 8 अगस्त का दिन समता पर आधारित समाज की रचना के लिए संकल्प लेने का दिन है । बैठक में बिशुनधारी यादव, जिलाध्यक्ष मजदूर - किसान समिति, पूर्व सरपंच मल्लू मांझी, बालेश्वर मांझी, जनार्दन यादव, रमेश यादव, किशोरी यादव , चंद्रिका मांझी आदि ने भी अपने विचार रखे ।

## सफाई कर्मचारियों की हड़ताल अविलंब समाप्त कराए सरकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** बिहार के नगर निकायों के सफाई कर्मचारियों के विगत तीन दिनों से जारी हड़ताल के कारण शहर, बाजारो में कूड़े का अम्बार लगा हुआ है, वर्षात के मौसम में साफ- सफाई नहीं होने से सड़कों, गालियों में गंदगी से आमजन त्राहि- त्राहि कर रहे हैं। बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, टिंकू गिरी, अरुण कुमार पासवान, सुनील कुमार पासवान, मुन्ना मांझी आदि ने कहा कि बिहार सहित गया नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के अनिश्चित कालीन हड़ताल के कारण संपूर्ण शहर कूडे की ढेर से नरक में तब्दील है, आमजनों के घरों में कूड़े रखे हुए है, घर- घर कूडे वाली गाड़ी नहीं पहुचने से लोगों के घरों के डस्टबीन भरे पड़े हुए हैं।

नेताओं ने कहा कि सफाईकर्मी ठे-के के बदले स्थाई नौकरी सहित अन्य मांगों को लेकर विगत तीन दिनों से हड़ताल पर हैं।

# थाना से हथकड़ी खोलकर भागा बंदी

## पूर्व में भी घट चुकी है घटनाएं, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** जिले के मीनापुर थाना से रविवार तड़के एक बंदी हथकड़ी खोलकर फरार हो गया। आरोपी को शनिवार रात अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया था। घटना सुबह करीब चार बजे की बताई जा रही है, जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार बंदी थाना परिसर से ही हथकड़ी निकालकर भागने में सफल रहा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए आसपास के इलाकों में छापेमारी शुरू कर दी। फरार बंदी की तलाश जारी है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। मुजफ्फरपुर जिले में थाना हाजत से बंदियों के फरार होने की यह पहली घटना नहीं है। हाल के वर्षों में पारू, सदर, कुढ़नी और करजा थानों से भी आरोपी पुलिस अभिरक्षा से भाग चुके हैं। इन मामलों में पुलिस की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे थे। पारू थाना हाजत से शराब तस्करी के आरोपी दीपक कुमार शौचालय जाने का बहाना बनाकर पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया था।

वहीं सदर थाना हाजत से शराब के नशे में पकड़ा गया एक आरोपी संतरी और सिपाही की लापरवाही का फायदा उठाकर भाग निकला था। दोनों मामलों में संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी।

कुढ़नी थाना में शराब तस्करी के पुराने मामले के आरोपी भोलू साह ने तड़के शौच जाने के बहाने चौकीदार को धक्का देकर हथकड़ी समेत फरार होने में सफलता हासिल की थी।

वहीं करजा थाना में हथियार और चरस के साथ गिरफ्तार विपिन सहनी और मो. आजाद भी थाना हाजत से रहस्यमय परिस्थितियों में फरार हो गए थे। इन घटनाओं के बाद संबंधित ड्यूटीकर्मियों पर प्रशासनिक कार्रवाई की गई थी।

मीनापुर थाना की ताजा घटना के बाद एक बार फिर पुलिस हिरासत की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं से थाना हाजत की निगरानी और बंदियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर चर्चा तेज हो गई है।

## गोली मारकर दूध व्यवसायी की हत्या

**बेगूसराय।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक दूध व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भर्रा पंचायत अंतर्गत सांख निवासी सत्यनारायण यादव के 32 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार के रूप में हुई है।

बताया गया कि विनोद कुमार दुग्ध व्यवसाय से जुड़े थे और शनिवार की शाम गांव से बाइक पर दूध लेकर शहर आ रहे थे। इसी दौरान सुजा-भर्रा मार्ग के समीप पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की सूचना पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि विनोद कुमार को दो गोलियां लगी थीं। घटना की सूचना मिलने पर सदर डीएसपी अस्पताल पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण आपसी विवाद बताया जा रहा है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुटी है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# पार्षद की गयी कुर्सी, प्राथमिकी भी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** हरनौत नगर पंचायत (नपं) के कार्यपालक पदाधिकारी सौरभ सुमन ने पदमुक्त पार्षद अशोक कुमार के विरुद्ध हरनौत थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

उन पर तथ्य छिपाकर चुनाव लड़ने और गलत शपथ-पत्र प्रस्तुत करने का आरोप है। यह कार्रवाई धरमपुर निवासी गांव के ही पंकज कुमार द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग में दर्ज कराई गई शिकायत के बाद की गई है। पंकज कुमार ने आरोप लगाया था कि अशोक कुमार की कुल पांच संतानें हैं, जिनमें से दो का जन्म 4 अप्रैल 2008 के बाद हुआ है।

बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 के प्रावधानों के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति की 4 अप्रैल 2008 के बाद दो से अधिक जीवित संतानें हैं, तो वह नगर निकाय चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य माना जाता है।

शिकायतकर्ता ने आयोग के समक्ष एक पुत्र और एक पुत्री के 4 अप्रैल 2008 के बाद जन्म लेने संबंधी दस्तावेज भी प्रस्तुत किए थे।

मामले की सुनवाई के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने पाया कि अशोक कुमार ने गलत शपथ-पत्र देकर आयोग को गुमराह किया।

इसके बाद बिहारशरीफ के एसडीएम (निर्वाचन शाखा) ने 10 जुलाई को नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को धोखाधड़ी और गलत शपथ-पत्र देने के मामले में कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया था।

कार्यपालक पदाधिकारी सौरभ सुमन ने बताया कि आयोग द्वारा वाद संख्या 73/2023 (पंकज कुमार बनाम अशोक कुमार) में पारित आदेश के आलोक में यह कार्रवाई की गई है।

जांच में पाया गया कि 4 अप्रैल 2008 के बाद अशोक कुमार की दो से अधिक जीवित संतानें थीं। इस कारण वे बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 18(1)(एम) के तहत चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य थे।

# बास्केटबॉल प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चियां दिखा रहे जोश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** दरभंगा का बिरौल इन दिनों बास्केटबॉल के रोमांच से सराबोर है। राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 400 से अधिक युवा खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्र में पहली बार इतने बड़े स्तर पर आयोजित राज्य स्तरीय सब-जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता ने खेल प्रेमियों का उत्साह बढ़ाया है। साथ ही स्थानीय प्रतिभाओं को भी अपनी क्षमता दिखाने का बड़ा मंच दिया है।

श्रीकृष्णा आइडियल पब्लिक स्कूल परिसर में शनिवार से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सब-जूनियर बालक-बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता की शुरूआत हुई।

बिहार बास्केटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। स्किप्स विद्यालय, दिल्ली पब्लिक स्कूल रसियारी और किलकारी दरभंगा के विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर समारोह को यादगार बना दिया।

उद्घाटन मुकाबले में बालक वर्ग में मेजबान दरभंगा ने सहरसा को हराकर शानदार शुरूआत की। अन्य मुकाबलों में वैशाली ने मुजफ्फरपुर को 16-3, पटना ने सहरसा को 8-2 तथा भागलपुर ने दरभंगा को 6-2 से पराजित किया। खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन और मुकाबलों के रोमांच ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

प्रतियोगिता में पटना, बक्सर, गया, समस्तीपुर, सहरसा, जमुई, नालंदा, मुजफ्फरपुर, जहानाबाद, वैशाली, भागलपुर और दरभंगा सहित कई जिलों की टीमें भाग ले रही हैं।उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की प्रतियोगिताएं छिपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती हैं।

# सभी सीएचसी में खुलेंगे रक्त संग्रह केंद्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को अब रक्त के लिए बड़े अस्पतालों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत राज्य के 276 प्रखंडों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में रक्त संग्रह केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

इसमें गयाजी में सर्वाधिक 17, मधुबनी व सिवान में 14-14, पश्चिम चंपारण व रोहतास में 12-12, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी व सारण में 11-11, मुजफ्फरपुर में 10, समस्तीपुर, दरभंगा, भागलपुर, नालंदा व भोजपुर में नौ-नौ, सहरसा, बक्सर, नवादा व मधेपुरा में आठ-आठ। पटना, वैशाली, सुपौल व गोपालगंज में सात-सात, किशनगंज व जमुई में छह, कटिहार में सात, बेगूसराय व बांका में पांच-पांच, कैमूर व मुंगेर में चार-चार, पूर्णिया, शेखपुरा, अररिया, जहानाबाद, शेखपुरा व अरवल में तीन-तीन, शिवहर, खगड़िया व औरंगाबाद में दो-दो, लखीसराय में एक केंद्र खोले जाने हैं।

राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक अमित कुमार पांडेय की ओर से पत्र जारी किया गया है। राज्य सरकार ने स्वास्थ्य संस्थानों में रेफरल व्यवस्था को मजबूत करने और सीएचसी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने के उद्देश्य से यह पहल की है।

केंद्रों के शुरू होने के उपरांत मरीजों का रक्त नमूना स्थानीय स्तर पर ही लिया जाएगा। साथ ही, जरूरत के अनुसार संबंधित रक्त बैंक से रक्त उपलब्ध कराया जाएगा।

फिलहाल जिलों में रक्त उपलब्ध कराने के लिए सीमित व्यवस्था है। समस्तीपुर में सदर अस्पताल, रेडक्रास सोसाइटी तथा एक निजी रक्त केंद्र सहित कुल तीन रक्त बैंक संचालित हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को रक्त की आवश्यकता होने पर लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। नये केंद्र शुरू होने के बाद यह प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर ही पूरी हो सकेगी।

# 39 पदकों के साथ तालिका में भारत चौथे स्थान पर इन एथलीट ने दिलाए मेडल

## 13 स्वर्ण, 17 रजत और नौ कांस्य सहित कुल 39 पदक




**ग्लास्गो (एजेंसी)।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 39 पदकों के साथ पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल कर लिया है। मुक्केबाजी में रिकॉर्ड सात स्वर्ण, जूडो में ऐतिहासिक सफलता और एथलेटिक्स-पैरा एथलेटिक्स में बेहतरीन प्रदर्शन ने भारत को टॉप-4 तक पहुंचा दिया है। ग्लास्गो में खेले जा रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत ने इतिहास रचते हुए पदक तालिका में चौथे स्थान पर कब्जा जमा लिया है। 10वें दिन मुक्केबाजी, जूडो, एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने 16 मेडल जीते। अब भारत के खाते में अब 13 स्वर्ण, 17 रजत और नौ कांस्य सहित कुल 39 पदक हो गए हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और कनाडा के बाद चौथा स्थान हासिल किया है। खास बात यह है कि इस बार भारत ने कुश्ती, बैडमिंटन और हॉकी जैसे अपने मजबूत खेलों के बिना भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मुक्केबाजी में रिकॉर्ड सात स्वर्ण, जूडो में पहली बार दो स्वर्ण और एथलेटिक्स में कई ऐतिहासिक उपलब्धियों ने भारत के अभियान को यादगार बना दिया।

**पैरा एथलेटिक्स में स्वर्णिम प्रदर्शन–** पैरा एथलेटिक्स में सोमन राणा ने पुरुष स्न57 शॉटपुट में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का खाता और मजबूत किया। इसी स्पर्धा में शुभम जुयाल ने रजत पदक हासिल किया। इससे पहले शर्मिला धनखड़ और दिलीप महादू गावित भी स्वर्ण जीत चुके हैं।

- **जूडो और एथलेटिक्स में भी बना इतिहास** – जूडो में अस्मिता डे और हर्ष सिंह भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता बने। यामिनी मौर्य ने रजत और उन्नति शर्मा ने कांस्य जीतकर भारत को इस खेल में रिकॉर्ड चार पदक दिलाए। एथलेटिक्स में गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर में कांस्य जीतकर इतिहास रचा। वह एक ही कॉमनवेल्थ गेम्स में एथलेटिक्स के दो पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने। इससे पहले वह 10,000 मीटर में रजत जीत चुके थे। वहीं प्रवीण चित्रावेल ने ट्रिपल जंप में रजत और सेल्वा प्रभु ने कांस्य पदक जीता।

### मुक्केबाजी ने दिलाई सबसे बड़ी छलांग

भारत की सबसे बड़ी सफलता मुक्केबाजी में रही। महिला वर्ग में प्रीति पवार (54 किग्रा), जैस्मिन लंबोरिया (57 किग्रा), साक्षी चौधरी (51 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और प्रिया घंघास (60 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। पुरुष वर्ग में सचिन सिवाच (60 किग्रा) और अंकुश (70 किग्रा) ने भी गोल्ड अपने नाम किया। लवलीना बोरगोहेन, जादूमणि सिंह और नरेंद्र बेरवाल ने रजत पदक जीतकर भारत का कुल मुक्केबाजी प्रदर्शन 10 पदकों तक पहुंचाया।

### भारत के स्वर्ण पदक विजेता

| खिलाड़ी | स्पर्धा | खेल |
|---|---|---|
| मीराबाई चानू | महिला 48 किग्रा | भारोत्तोलन |
| शर्मिला धनखड़ | महिला शॉटपुट एफ 57 | पैरा एथलेटिक्स |
| दिलीप महादू गावित | पुरुष 100 मीटर टी47 | पैरा एथलेटिक्स |
| अस्मिता डे | महिला 48 किग्रा | जूडो |
| हर्ष सिंह | पुरुष 60 किग्रा | जूडो |
| प्रीति पवार | महिला 54 किग्रा | मुक्केबाजी |
| जैस्मिन लंबोरिया | महिला 57 किग्रा | मुक्केबाजी |
| सोमन राणा | पुरुष शॉटपुट एफ 57 | पैरा एथलेटिक्स |
| साक्षी चौधरी | महिला 51 किग्रा | मुक्केबाजी |
| अरुंधति चौधरी | महिला 70 किग्रा | मुक्केबाजी |
| प्रिया घंघास | महिला 60 किग्रा | मुक्केबाजी |
| सचिन सिवाच | पुरुष 60 किग्रा | मुक्केबाजी |
| अंकुश | पुरुष 70 किग्रा | मुक्केबाजी |

### पदक तालिका

| स्थान | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 65 | 41 | 52 | 158 |
| 2 | इंग्लैंड | 26 | 41 | 35 | 102 |
| 3 | कनाडा | 18 | 20 | 21 | 59 |
| 4 | भारत | 13 | 17 | 9 | 39 |
| 5 | स्कॉटलैंड | 13 | 8 | 17 | 38 |



# ग्लास्गो में अहमदाबाद को मिलेगा कॉमनवेल्थ गेम्स का झंडा, मेजबानी की होगी आधिकारिक शुरुआत

**ग्लास्गो (एजेंसी)।** ग्लास्गो में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का समापन रविवार को होगा। समापन समारोह के दौरान अहमदाबाद को आधिकारिक तौर पर कॉमनवेल्थ गेम्स का झंडा और मेजबान बैटन सौंपा जाएगा। इसके साथ ही 2030 में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की भारत की यात्रा औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगी। इस अवसर पर गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी भी ग्लास्गो में मौजूद रहेंगे।

**अहमदाबाद 2030 की पहली झलक दिखेगी–** हैंडओवर समारोह के दौरान दर्शकों को अहमदाबाद 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की पहली झलक देखने को मिलेगी। विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और गुजरात की पहचान को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। समारोह के जरिए भारत अगले मेजबान देश के रूप में अपनी तैयारियों और सांस्कृतिक विविधता का परिचय देगा।

### 'वंदे मातरम' और भारतीय-स्कॉटिश जुगलबंदी होगी आकर्षण

ग्लास्गो हैंडओवर सेगमेंट को तीन हिस्सों में तैयार किया गया है। इसकी शुरुआत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ को समर्पित प्रस्तुति से होगी। इसके बाद सितार वादक ऋषभ रिखीराम शर्मा और स्कॉटिश पाइपर रॉस आइंस्ली भारतीय और स्कॉटिश संगीत की जुगलबंदी पेश करेंगे, जो ग्लास्गो 2026 और अहमदाबाद 2030 के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव का प्रतीक होगी। अंतिम चरण में पूरे भारत की एक दृश्य यात्रा प्रस्तुत की जाएगी, जिसमें गुजरात पर विशेष फोकस रहेगा।

# जूडो में यश-अवतार हारें, साइक्लिंग में भी भारत को झटका



**ग्लासगो (एजेंसी)।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के आखिरी दिन भारत को जूडो में झटका लगा। यश-अवतार सिंह हारकर मेडल की रेस से बाहर हो गए। साइक्लिंग में भी भारत को निराशा मिली। अभारत अब तक 13 गोल्ड, 17 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज समेत 39 मेडल जीतकर मेडल टैली में चौथे स्थान पर है।

### जूडो में यश-अवतार हारें

जूडो के पुरुषों के +100 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ-16 मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी यश घंघास को वेल्स के जोशुआ व्हाइटहाउस के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले के दौरान व्हाइटहाउस ने बीच में ही निर्णायक युको हासिल कर बढ़त बनाई। इसके बाद उन्होंने पूरे मुकाबले में बढ़त बरकरार रखते हुए यश को वापसी का मौका नहीं दिया और अगले दौर में जगह बना ली।यश घंघास के बाहर होने से पहले भारत के अवतार सिंह भी प्रतियोगिता से बाहर हो चुके हैं। अब जूडो में भारत की पदक उम्मीदें केवल ईशरूप नारंग पर टिकी हैं, जिन्होंने महिलाओं के 78 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर पदक की दौड़ बरकरार रखी है।

# स्वदेश लौटने पर चानू समेत भारोत्तोलकों का हुआ भव्य स्वागत

### मीराबई बोलीं- मेडल जीतकर बहुत खुश हूं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में देश का नाम रोशन करके भारतीय भारोत्तोलन टीम रविवार को स्वदेश लौटी। ग्लास्गो में गोल्ड मेडल जीतने वाली मीराबाई चानू ने अपने प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की। वहीं, लवप्रीत सिंह ने उनका समर्थन करने के लिए देशवासियों का धन्यवाद किया। दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर खिलाड़ियों के पहुंचने से पहले ही फैंस का जमावड़ा देखने को मिला। फैंस काफी समय पहले ही पहुंचकर अपने चहेते खिलाड़ियों का इंतजार कर रहे थे। खिलाड़ियों के एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही उनका भव्य स्वागत किया गया। सभी खिलाड़ियों को माला पहनाई गई और जमकर ढोल-नगाड़े बजे।

**मीराबाई ने लगातार तीसरी बार जीता था सोना** – भारतीय भारोत्तोलन मीराबाई चानू ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि वह देश के लिए स्वर्ण पदक जीत सकीं। मीराबाई ने कहा कि वह गोल्ड जीतकर गर्व महसूस कर रही हैं। मीराबाई चानू ने 48 किलोग्राम वर्ग में कुल 190 किलो का भार उठाते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। मीराबाई ने लगातार तीसरे कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता है। वहीं, भारत को



110 प्लस कैटेगरी में सिल्वर मेडल दिलाने वाले वेटलिफ्टर लवप्रीत सिंह ने बताया कि उन्हें रजत पदक जीतने पर बहुत खुशी है। लवप्रीत ने कहा कि पिछले कॉमनवेल्थ गेम्स में वह कांस्य पदक ही जीत सके थे, ऐसे में मेडल का रंग बदलकर वह खुश हैं। लवप्रीत ने भारतीय नौसेना और सभी देशवासियों का उन्हें सपोर्ट करने के लिए धन्यवाद किया।

**लवप्रीत को अगली बार स्वर्ण की उम्मीद** –लवप्रीत नौसेना में नौकरी करते हैं और उन्होंने खासतौर पर अपने नौसेना कप्तान विजय कुमार का धन्यवाद किया। लवप्रीत ने कहा कि परिवार बेसब्री से उनका इंतजार कर रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह अगली प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल लाने की पूरी कोशिश करेंगे। लवप्रीत ने कुल 388 किलो का भार उठाते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया और वह गोल्ड जीतने से सिर्फ एक किलोग्राम पीछे रह गए थे।

53 किलोग्राम कैटेगरी में देश को सिल्वर मेडल दिलाने वालीं भारोत्तोलन ज्ञानेश्वरी यादव ने बताया कि मेडल जीतकर भारत आने की उन्हें बहुत खुशी है। ज्ञानेश्वरी ने कहा कि उनका परिवार बेहद उत्सुकता से उनका इंतजार कर रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह 2030 में भारत में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स में देश को गोल्ड लाने का पूरा प्रयास करेंगी। वहीं, वेटलिफ्टिंग में सिल्वर जीतने वाले ऋषिकांत सिंह ने भी मेडल के साथ स्वदेश लौटने पर खुशी जाहिर की।

# जूडो खिलाड़ी ईशरूप नारंग कांस्य पदक पक्का किया

**ग्लास्गो (एजेंसी)।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय जूडो खिलाड़ी ईशरूप नारंग ने शानदार वापसी करते हुए महिलाओं के 78 किग्रा वर्ग के रेपेचेज मुकाबले में जीत दर्ज कर कांस्य पदक मुकाबले में जगह बना ली है। क्वार्टरफाइनल में इंग्लैंड की एमा रीड से इप्पोन से हारने के बाद ईशरूप को रेपेचेज के जरिए पदक जीतने का दूसरा मौका मिला। भारतीय खिलाड़ी ने इस अवसर का पूरा फायदा उठाया और दमदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल मुकाबले का टिकट हासिल कर लिया। उन्होंने रेपेचेज में कैमरून की जुडोका जॉर्जिके वेस्ली जेंगुए मूने को हराया। अब ईशरूप के पास कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत के लिए जूडो का एक और पदक जीतने का सुनहरा अवसर होगा। अगर वह अगला मुकाबला जीतती हैं तो भारत के खाते में जूडो का एक और ऐतिहासिक पदक जुड़ जाएगा। साथ



ही वह भारत के पदकों की संख्या को 40 तक पहुंचा देंगी।

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में जूडो की महिलाओं के 78 किग्रा वर्ग में भारत की ईशरूप नारंग को क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड की एम्मा रीड ने उन्हें इप्पोन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। मुकाबले में एम्मा रीड ने पहले वाजा-आरी हासिल कर बढ़त बनाई। इसके बाद उन्होंने 10 सेकेंड तक सफल होल्ड लगाकर मुकाबले का अंत इप्पोन के साथ किया और जीत अपने नाम कर ली। हालांकि, इस हार के बावजूद ईशरूप नारंग का अभियान समाप्त नहीं हुआ है। उन्हें रेपेचेज के जरिए कांस्य पदक जीतने का मौका मिलेगा। यदि वह अपने अगले मुकाबले में जीत दर्ज करती हैं तो भारत की झोली में जूडो का एक और पदक आ सकता है। इससे पहले पुरुष वर्ग में भारत के अवतार सिंह (-100 किग्रा) और यश घंघास (+100 किग्रा) राउंड ऑफ-16 में हारकर बाहर हो चुके हैं। ऐसे में अब जूडो में भारत की आखिरी पदक उम्मीद ईशरूप नारंग पर टिकी थी।

**जूडो में अवतार सिंह हारे** – कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में जूडो में भारत को एक और झटका लगा है। पुरुषों के -100 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ-16 मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी अवतार सिंह को साइप्रस के अरिस्टोस माइकल के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। दोनों खिलाड़ियों के बीच बेहद कांटे की टक्कर देखने को मिली और निर्धारित समय तक कोई भी खिलाड़ी अंक हासिल नहीं कर सका। इसके बाद मुकाबला गोल्डन स्कोर में पहुंचा, जहां अरिस्टोस माइकल ने शानदार इप्पोन लगाकर जीत अपने नाम कर ली और अवतार सिंह का अभियान समाप्त कर दिया।

**यश घंघास राउंड ऑफ-16 में हारे** – कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में जूडो से भारत के लिए निराशाजनक खबर आई है। पुरुषों के +100 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ-16 मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी यश घंघास को वेल्स के जोशुआ व्हाइटहाउस के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

# जसप्रीत बुमराह श्रीलंका टेस्ट सीरीज से बाहर

- **घुटने की चोट से उबर नहीं पाए, 15 अगस्त से खेली जाएगी सीरीज**



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। सीरीज का पहला मैच 15 अगस्त से गॉल में खेला जाएगा। बुमराह बाएं घुटने की चोट से उबर रहे थे। बेंगलुरु में मौजूद बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में उनका रिहैबिलिटेशन चल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक बोर्ड की मेडिकल टीम ने उन्हें अभी वापसी न करने की सलाह दी है। उन्हें पूरी तरह ठीक होने तक आराम करने को कहा गया है। हालांकि, बीसीसीआई की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान चोटिल हो गए थे। वे सीरीज के आखिरी वनडे में नहीं खेल सके थे।

**15 सदस्यीय टीम में शामिल थे** – 32 साल के बुमराह को मंगलवार को भारत की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया था, लेकिन उनका खेलना फिटनेस पर निर्भर था। मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया था कि बुमराह श्रीलंका सीरीज के लिए फिट हो जाएंगे।

# हार्दिक पंड्या ने सिर मुंडवाया, तिरूपति बालाजी के दर्शन किए

### गर्लफ्रेंड महिका शर्मा भी साथ,आईपीएल के बाद से कोई मैच नहीं खेला है

**तिरुमाला (एजेंसी)।** भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने रविवार को तिरुमाला के वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति बालाजी) में पूजा-अर्चना की। इस दौरान हार्दिक



सिर मुंडवाए हुए थे। हार्दिक के साथ उनकी गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा भी मौजूद थीं। मंदिर में दर्शन के दौरान हार्दिक और माहिका दोनों ही पारंपरिक सफेद कपड़ों में दिखाई दिए।हॉर्दिक पंड्या के साथ उनकी गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा भी तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंची थीं।

**तिरुपति मंदिर में बाल दान करने की परंपरा** – तिरुपति मंदिर में श्रद्धालु भगवान वेंकटेश्वर के प्रति अपनी आस्था जताने और मनोकामना पूरी होने पर या उसके लिए प्रार्थना करते हुए मुंडन कराते हैं।हर साल लाखों लोग यहां अपने बाल दान करते हैं। बाद में इन बालों की नीलामी की जाती है और उससे मिलने वाली आय का उपयोग मंदिर के संचालन और अन्य सामाजिक-धार्मिक कार्यों में किया जाता है।

हार्दिक चोट से उबरकर वापसी की कोशिश कर रहे हैं। हार्दिक पंड्या आईपीएल 2026 के बाद से चोट के कारण क्रिकेट से दूर हैं। पहले उन्हें पीठ में अकड़न की समस्या हुई, फिर जांघ की चोट ने उनकी वापसी टाल दी।आईपीएल 2026 में उन्होंने मुंबई इंडियंस की कप्तानी की थी, लेकिन पांच बार की चैंपियन टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी।

# तन्वी शर्मा ने जीता ताइपे ओपन का खिताब

## फाइनल में वियतनाम की खिलाड़ी को हराया, 2-0 मुकाबला अपने नाम किया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय शटलर तन्वी शर्मा ने ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में विमेंस सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में 17 साल की तन्वी ने वियतनाम की छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी थुय लिन्ह गुयेन को सीधे गेम में 21-16, 21-16 से मात दी। यह तन्वी का पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब है।

पंजाब की रहने वाली तन्वी ने यह मुकाबला महज 36 मिनट में अपने नाम किया। पिछले साल स्र ओपन सुपर 300 में उपविजेता रहीं तन्वी ने इस जीत के साथ इतिहास रच दिया है। वह 2008 में साइना नेहवाल के बाद ताइपे ओपन में महिला सिंगल्स का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं।



**शुरुआत में बनाई बड़ी बढ़त, फिर मैच पर रखा नियंत्रण** – तन्वी ने पहले गेम की शुरुआत शानदार की और 10-2 की बढ़त बना ली। बीच में उनसे कुछ गलतियां हुईं, लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए पहला गेम 21-16 से जीत लिया।

### टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे कम उम्र की फाइनलिस्ट

17 साल और 222 दिन की उम्र में तन्वी ताइपे ओपन के इतिहास की सबसे कम उम्र की फाइनलिस्ट बनीं। उन्होंने कोरिया के ली योंग डे का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2006 में 17 साल और 287 दिन की उम्र में पुरुष युगल फाइनल खेला था।

दूसरे गेम में थुय लिन्ह ने 3-0 की बढ़त बनाई, लेकिन तन्वी ने लगातार अंक लेकर स्कोर 3-3 कर दिया। इसके बाद उन्होंने मैच पर पूरी पकड़ बनाए रखी और 21-16 से गेम जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।

**जीत के बाद कोच को पहनाया गोल्ड मेडल** – तन्वी को पीवी सिंधु के पूर्व मेंटर पार्क ते-सांग कोचिंग दे रहे हैं। खिताबी जीत के बाद तन्वी ने अपना गोल्ड मेडल उतारकर कोच पार्क ते-सांग के गले में डाल दिया और दोनों ने साथ में फोटो खिंचवाई।

# अर्शदीप सिंह ने चुने अपने टॉप पांच पसंदीदा गेंदबाज, अश्विन से मांगी माफी

**नई दिल्ली:** भारतीय क्रिकेटर अर्शदीप सिंह ने अपने टॉप पांच गेंदबाजों के नाम बताए, जिसमें उन्होंने दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन से ऊपर कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को रखा। उन्होंने भुवनेश्वर कुमार को अपना टॉप गेंदबाज बताया। यह तेज गेंदबाज हाल ही में खत्म हुए इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सीजन में शानदार फॉर्म में रहा है। अर्शदीप ने मोहम्मद शमी को दूसरे नंबर पर और पंजाब किंग्स में अपने साथी खिलाड़ी युजवेंद्र चहल को चौथे नंबर पर रखा। कृष्णंक अत्रे के यूट्यूब चैनल पर अर्शदीप ने कहा, 'भुवी भाई टॉप पर हैं क्योंकि वह मेरे पर्सनल फेवरेट भी हैं। मैं उन्हें बहुत पसंद करता हूं, इसलिए मैं थोड़ा पक्षपाती हूं। मैं सबसे पहले सभी तेज गेंदबाजों को रेट करूंगा। दूसरे नंबर पर मैं शमी भाई को चुनूंगा क्योंकि, जैसा कि आप जानते हैं, वह किसी भी विकेट पर गेंद को सीम करा सकते हैं। उनकी गेंदबाजी बेहतरीन है, और वह सीम को एकदम सही तरीके से पेश करते हैं।'उन्होंने आगे कहा, 'तीसरे नंबर पर कुलदीप यादव होंगे क्योंकि उनके पास बहुत ही खास स्किल सेट है - वह बाएं हाथ के चाइनामैन गेंदबाज हैं। फिर यूजी भाई हैं, क्योंकि हम पंजाब टीम में साथी खिलाड़ी हैं और उनका रिकॉर्ड भी शानदार है। उन्होंने बहुत सारे विकेट लिए हैं। मैं ऐश भाई को आखिरी नंबर पर नहीं रखना चाहता था, लेकिन कोई और जगह नहीं बची थी, इसलिए वह पांचवें नंबर पर आते हैं।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने किए 138 जजों के ट्रांसफर

## नीट पेपर लीक केस को मिला नया जज, अब इन्हें मिली जिम्मेदारी

**नईदिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली हायर ज्यूडिशियल सर्विस में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए निचली अदालतों में तैनात कुल 138 जजों का तबादला कर दिया है। हाई कोर्ट की ओर से जारी आदेश के अनुसार नीट मामलों की सुनवाई कर रहे विशेष अदालत के जजों को एनआईए स्पेशल कोर्ट में भेजा गया है। इसके साथ ही दिल्ली हाईकोर्ट ने नीट पेपर लीक से जुड़े मुकदमों की सुनवाई के लिए बनी स्पेशल कोर्ट की जिम्मेदारी अब विशेष सीबीआई जज अजय गुप्ता को सौंपी है।

**अजय गुप्ता को मिली पेपर लीक केस की जिम्मेदारी**

बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट के आदेशानुसार अजय गुप्ता को नीट पेपर लीक मामलों की समर्पित अदालत की जिम्मदारी दी गई है। अब अजय गुप्ता सुनवाई की कमान संभालेंगे। सभी संबंधित जजों को जल्द से जल्द अपने नए पदों का निर्वहन करने के आदेश दिए गए है।




**राउज एवेन्यू कोर्ट में 13 नए जजों की नियुक्ति:** बताया जा रहा है कि इस सबसे बड़े तबादले का उद्देश्य स्पेशल कोर्ट में लंबित मामलों की सुनवाई के कार्यों में तेजी लाना है। साथ ही न्यायिक संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करके बेहतर न्यायिक व्यवस्था बनाना है। इस बड़े फेरबदल के साथ ही राउज एवेन्यू कोर्ट में 13 नए जज नियुक्त किए गए हैं। भ्रष्टाचार निरोध और संवेदनशील मामलों के लिए दिल्ली हाईकोर्ट ने राउज एवेन्यू के स्पेशल कोर्ट में 13 नए जजों की बहाली की है।

**विशेष एनआईए कोर्ट से 6 जजों का तबादला:** अन्य गंभीर मामलों की सुनवाई के लिए ये सभी जज यूएपीए, एनआईए, एनडीपीएस और मकोका जैसे मामलों की सुनवाई करेंगे। दूसरे जिला अदालतों के विशेष एनआईए कोर्ट से 6 जजों का तबादला राउज एवेन्यू स्थित नए स्पेशल एक्सक्लूसिव एनआईए कोर्ट में किया गया है। इन 6 जजों के नाम है- अनु ग्रोवर बालीगा, विकास ढुल, प्रशांत शर्मा, अमित बंसल, किरण बंसल और पुलस्त्य प्रमाचल। सभी जज 4 अगस्त से कार्य शुरू करेंगे। मकोका और एनडीपीएस कोर्ट को अब कई जिलों से शिफ्ट कर राउज एवेन्यू में स्थापित कर दिया गया है।

## 105 साल पुराने सेंट्रल सेक्रेटेरिएट क्लब पर बेदखली की कार्रवाई, दिल्ली हाई कोर्ट में पहुंचा मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार के कर्मचारियों और सेवानिवृत्त अधिकारियों के 105 वर्ष पुराने सेंट्रल सेक्रेटेरिएट क्लब (सीएससी) ने अपनी मान्यता रद किए जाने और परिसर खाली कराने की कार्रवाई को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। क्लब की याचिका पर न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ सुनवाई करेगी। याचिका में क्लब ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के उस फैसले को मनमाना और कानून के विपरीत बताया है, जिसके तहत क्लब की मान्यता समाप्त रखने का निर्णय बरकरार रखा गया और इसके बाद संपदा निदेशालय को क्लब को परिसर से बेदखल करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया। क्लब का कहना है कि अदालत के निर्देश पर गठित समीक्षा समिति के समक्ष उसने अपना विस्तृत पक्ष रखा था, इसके बावजूद उसकी दलीलों पर समुचित विचार किए बिना मान्यता समाप्त रखने का निर्णय लिया गया। इसलिए इस निर्णय और बेदखली की कार्रवाई को रद किया जाना चाहिए। वहीं, केंद्र सरकार का कहना है कि क्लब में लंबे समय से प्रशासनिक और वित्तीय अनियमितताएं सामने आ रही थीं। कार्यकारिणी के चुनाव समय पर नहीं कराए गए, प्रबंधन समिति संविधान के अनुरूप नहीं थी और क्लब अपने मूल कल्याणकारी उद्देश्यों को पूरा करने में भी विफल रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### असम बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए मानवीय पहल, जेएनयू परिसर में बनाए गए राहत सामग्री संग्रह केंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** असम में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए जेएनयू के छात्रों ने राहत अभियान शुरू किया है। जेएनयू नार्थ-ईस्ट फोरम और जेएनयू छात्रसंघ ने मिलकर परिसर में राहत सामग्री को इकठ्ठा करना शुरू कर दिया है। अभियान के तहत जेएनयू के विभिन्न हास्टलों के गार्ड रूम और स्कूलों के गार्ड रूम को राहत सामग्री संग्रह केंद्र बनाया गया है। इन केंद्रों में छात्र, शिक्षक और कर्मचारी अपनी सुविधा के अनुसार सामग्री जमा कर सकते हैं, ताकि जरूरतमंद परिवारों तक दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं जल्द से जल्द पहुंचाई जा सके। बता दें कि राहत सामग्री में गमबूट, मास्क, दस्ताने, मोजे, सैनिटाइजर, साबुन, सफाई सामग्री, बाल्टी, मग, रस्सियां, बैटरी सहित टार्च, मच्छरदानी, ओआरएस, सेनिटरी नैपकिन, डिटर्जेंट और चादरें जैसी जरूरी वस्तुएं शामिल हैं। इसके अलावा डेटाल, एंटीसेप्टिक क्रीम, पट्टियां, आयोडीन साल्यूशन और अन्य चिकित्सा सामग्री भी दान की जा सकेगी। छात्र संगठनों ने विश्वविद्यालय समुदाय से अधिक से अधिक संख्या में इस मानवीय पहल से जुड़ने की अपील की है। उनका कहना है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हजारों परिवारों को तत्काल राहत सामग्री की आवश्यकता है और सामूहिक सहयोग से उनकी मुश्किलों को कुछ हद तक कम किया जा सकता है।

### दिल्ली में सुबह-सुबह कांपी धरती, रिक्टर स्केल पर 2.9 रही भूकंप की तीव्रता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सुबह-सुबह भूंकप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, रविवार तड़के दिल्ली के उत्तरी जिले में 2.9 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप तड़के 4:14 बजे आया, जिस समय लोग गहरी नींद सो रहे थे। इस वजह से लोगों को भूकंप के झटकों का पता नहीं चला। साथ ही इसकी तीव्रता भी बहुत कम थी। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली के उत्तरी जिले में भूकंप का केंद्र था और इसकी गहराई आठ किलोमीटर थी। साथ ही भूकंप का अक्षांश 28.721 उत्तर और देशांतर 76.957 पूर्व में था। उल्लेखनीय है कि इससे पहले, 27 जून को दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 दर्ज हुई थी।

### प्रवेश वर्मा की मानहानि शिकायत: सौरभ भारद्वाज केस में कोर्ट में चली पेन ड्राइव, 8 अगस्त को अगली सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राउज एवेन्यू स्थित अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज के खिलाफ दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा द्वारा दायर मानहानि मामले में शनिवार को सुनवाई हुई। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) नेहा मित्तल की अदालत में गवाह की जिरह के दौरान शिकायत के साथ दाखिल सीलबंद लिफाफे में रखी पेन ड्राइव को खोलकर अदालत में चलाया गया। सामग्री देखने के बाद अदालत ने पेन ड्राइव को दोबारा कोर्ट की मुहर लगाकर सील करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता पक्ष की ओर से आगे के साक्ष्य के लिए समय मांगा गया। अदालत ने इसे न्यायहित में स्वीकार करते हुए स्पष्ट किया कि यह अंतिम अवसर होगा।

### इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से चुराते थे लग्जरी गाड़ियां, अनपढ़ राशिद सिक्योरिटी सिस्टम तोड़ने में माहिर

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में क्राइम ब्रांच ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के दो चोरों मेरठ स्थित मवाना निवासी राशिद उर्फ काला और कैथल के विनय को गिरफ्तार किया है। राशिद पर 20 मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों दिल्ली समेत अन्य राज्यों से वाहन चोरी करने के साथ चोरी के वाहन खरीदकर उन्हें दूसरे राज्यों में बेचते भी थे। इनकी निशानदेही पर चार कारें बरामद की हैं। डीसीपी चंदर कुमार सिंह के अनुसार, राशिद अनपढ़ है, लेकिन वह गाड़ियों के सिक्योरिटी सिस्टम को तोड़ने में माहिर है। वह अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज और टैबलेट्स की मदद से डुप्लीकेट चाभियां (की-प्रोग्रामिंग) बनाकर गाड़ियों का लॉक खोलकर कारों को चोरी कर लेता था।

## राउज एवेन्यू में विशेष अदालतों का होगा उद्घाटन, नीट पेपर लीक समेत गंभीर मामलों की सुनवाई होगी तेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय सुरक्षा, संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी और पेपर लीक जैसे गंभीर मामलों की सुनवाई अब दिल्ली में और तेज गति से हो सकेगी।




राउज एवेन्यू कोर्ट परिसर में स्थापित विशेष अदालतों का उद्घाटन तीन अगस्त को भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत करेंगे। इन अदालतों की स्थापना सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में की गई है।

उद्घाटन समारोह में दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय सहित कई न्यायाधीश, केंद्र और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी तथा न्यायिक अधिकारी मौजूद रहेंगे।

**लंबित मामलों का तेजी से होगा निस्तारण**

राउज एवेन्यू कोर्ट परिसर में फिलहाल राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के मामलों की सुनवाई के लिए छह विशेष अदालतें, महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के मामलों के लिए तीन विशेष अदालतें व एनडीपीएस अधिनियम के मामलों के लिए चार विशेष अदालतें स्थापित की गई हैं।

इसके अलावा लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के तहत पेपर लीक और उससे जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए एक विशेष फास्ट ट्रैक अदालत भी बनाई गई है।

दिल्ली हाई कोर्ट के अनुसार, इन अदालतों की स्थापना का उद्देश्य संवेदनशील मामलों में समयबद्ध सुनवाई सुनिश्चित करना और लंबित मामलों का तेजी से निस्तारण करना है। विशेष अदालतों के संचालन से आतंकवाद, संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी और परीक्षा घोटालों से जुड़े मामलों की सुनवाई एक समर्पित न्यायिक तंत्र के तहत होगी।

**नीट समेत परीक्षा घोटालों की सुनवाई को मिलेगी रफ्तार:** राउज एवेन्यू में स्थापित विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट में लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई होगी। इसी अदालत में नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले की सीबीआइ की 20 हजार पन्नों की आरोपपत्र पर भी सुनवाई शुरू हो चुकी है।

ऐसे में नई व्यवस्था से परीक्षा घोटालों से जुड़े मामलों के शीघ्र निस्तारण की उम्मीद बढ़ गई है। दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि इन विशेष अदालतों की स्थापना न्याय वितरण प्रणाली को अधिक प्रभावी और समयबद्ध बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अदालत को उम्मीद है कि इससे गंभीर मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

## पूर्वी दिल्ली के अजीत नगर में नाला ओवरफ्लो होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त, बीमारियों का खतरा बढ़ा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र के अजीत नगर और धर्मपुरा के रिहायशी इलाकों में वर्षों से चली आ रही नाला ओवरफ्लो की समस्या अब विकराल रूप ले चुकी है। सुबह से लेकर शाम तक लोगों के घरों के आगे नाले का गंदा पानी भरा रहता है। लोगों का आरोप है कि मुख्य नाले की समय पर सफाई नहीं होने से इलाके का नाला जाम हो गया है, जिसके कारण गंदा और बदबूदार पानी सड़कों पर फैल रहा है। हालात ऐसे हैं कि एक हजार से अधिक परिवार गंदे पानी के बीच रहने को मजबूर हैं। बच्चों को स्कूल जाने और लोगों को रोजमर्रा के काम के लिए नाले के पानी से होकर ही गुजरना पड़ता है।

**रिश्तेदारों ने भी घर आना छोड़ा**

स्थानीय लोगों ने बताया कि महावीर स्वामी पार्क से पुराना सीलमपुर तक जाने वाले नाले में जमी गाद और अधूरी जल निकासी व्यवस्था के कारण सुबह-शाम सीवर का पानी मुख्य मार्ग तक पहुंच जाता है। अजीत नगर की गली नंबर सात, आठ और नौ की स्थिति नारकीय बनी हुई है।

पिछले एक माह से लोगों की दिनचर्या सुबह उठते ही घरों के आगे जमा गंदे नाले के पानी की सफाई की जद्दोजहद से शुरू होती है, लेकिन इसके बावजूद राहत नहीं मिल रही। घरों के आगे लगातार गंदा पानी जमा रहने के कारण रिश्तेदारों ने भी घर आना छोड़ दिया है।

स्थानीय निवासी राहुल ने बताया कि पिछले एक वर्ष से सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, एमसीडी और जनप्रतिनिधियों से लगातार शिकायत की जा रही है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। पिछले एक माह से प्रतिदिन पानी भर रहा है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं और संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। विभाग की ओर से लगाए गए पंप सेट भी पानी निकालने में नाकाफी साबित हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि स्थानीय विधायक से शिकायत करने पर सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग की ओर से नाला निर्माण कार्य पूरा होने और वर्षा समाप्त होने के बाद समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया है। फिलहाल जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होने के कारण लोगों का जीवन गंदे पानी, बदबू और मच्छरों के बीच बीमारियों का खतरा है। हालांकि, इस गंभीर मामले पर पक्ष जानने के लिए यमुना विकास बोर्ड के चेयरमैन एवं स्थानीय विधायक अरविंदर सिंह लवली से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने काल रिसीव नहीं की।

## युद्धपोत कम, मिसाइलें घटीं: शीर्ष जनरल की पेंटागन को चेतावनी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष के बीच अमेरिका की रक्षा तैयारियों को लेकर बड़ी चिंता सामने आई है। अमेरिकी यूरोपीय कमान के प्रमुख जनरल एलेक्सस ग्रिनकेविच ने पेंटागन को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी नौसेना के पास अब इतने युद्धपोत और इंटरसेप्टर मिसाइलें नहीं बची हैं कि वह लंबे समय तक ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमलों से इस्राइल की रक्षा करता रहे। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, जनरल ग्रिनकेविच ने भूमध्य सागर में एक और अमेरिकी विध्वंसक तैनात करने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो अमेरिका को भविष्य में एक कठिन फैसला लेना पड़ सकता है। उसे यह तय करना होगा कि वह अपनी मातृभूमि की सुरक्षा को प्राथमिकता दे या फिर इस्राइल की रक्षा के लिए अपने संसाधन खर्च करता रहे।




रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा युद्ध के दौरान अमेरिका ने इस्राइल की तुलना में कहीं ज्यादा इंटरसेप्टर मिसाइलें दागी हैं। इन मिसाइलों का इस्तेमाल ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों को हवा में ही नष्ट करने के लिए किया गया। रक्षा मामलों से जुड़े थिंक टैंक सीएसआईएस और अमेरिकी रक्षा विभाग के आंतरिक आकलन के अनुसार, अमेरिका के कई अहम मिसाइल सिस्टम का बड़ा हिस्सा इस्तेमाल हो चुका है। इनमें थाड और पेट्रियट जैसे एयर डिफेंस सिस्टम के करीब 50 फीसदी इंटरसेप्टर खर्च हो चुके हैं। इसके अलावा प्रिसिजन स्ट्राइक मिसाइल , टॉमहॉक क्रूज मिसाइल, जैसी मिसाइलों के भंडार में भी कमी आई है। अमेरिकी जनरल ने अतिरिक्त युद्धपोत तैनात करने की मांग की। इस्राइल की सुरक्षा और अमेरिकी मातृभूमि के बीच चुनाव की चेतावनी। अमेरिका ने इस्राइल से ज्यादा इंटरसेप्टर मिसाइलें दागीं। कई मिसाइल सिस्टम का बड़ा स्टॉक खर्च हो चुका।

## पाकिस्तान बिकता नहीं, किराए पर चलता हैं': रिपोर्ट में बड़ा दावा, क्या अमेरिका को उल्लू बना रहा पाक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** पाकिस्तान की दोहरी विदेश नीति और आतंकवाद को लेकर उसके रवैये पर अमेरिका में फिर सवाल उठे हैं। अमेरिकी पत्रिका 'द नेशनल इंटरेस्ट' की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका वर्षों से यह गलती करता रहा कि वह पाकिस्तान को 'खरीद' सकता है, जबकि वास्तविकता यह है कि इस्लामाबाद किसी एक पक्ष का स्थायी सहयोगी नहीं, बल्कि अपने हितों के अनुसार किराए पर उपलब्ध रहने वाली शक्ति की तरह व्यवहार करता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के लिए पाकिस्तान की यही नीति कभी-कभी रणनीतिक फायदा भी देती है, जबकि चीन को इस स्थिति से मजबूरी में समझौता करना पड़ रहा है।





रिपोर्ट में ईरान-अमेरिका संघर्ष का उदाहरण देते हुए कहा गया कि पाकिस्तान ने दोनों देशों से रिश्ते बनाए रखते हुए युद्धविराम कराने में भूमिका निभाई, जिससे कुछ समय के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य दोबारा खुल सका। रिपोर्ट का दावा है कि फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन जैसे अमेरिका के पारंपरिक सहयोगी यह भूमिका नहीं निभा सकते थे और यह काम केवल संतुलन साधने वाला देश ही कर सकता था। रिपोर्ट में पाकिस्तान की इसी रणनीति का दूसरा उदाहरण जून 2025 में अजरबैजान के साथ हुए करीब 4.6 अरब डॉलर के रक्षा समझौते को बताया गया। इसके तहत पाकिस्तान 40 जेएफ-17 लड़ाकू विमान अजरबैजान को देगा। रिपोर्ट के अनुसार, यह विमान चीनी डिजाइन, रूसी इंजन और पाकिस्तानी निर्माण का मिश्रण है, जिससे इस्लामाबाद चीन के साथ अपने संबंधों का आर्थिक लाभ भी उठा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान संकट के दौरान मध्यस्थता करने के बाद पाकिस्तान ने अमेरिका से अपने विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने के लिए 10 अरब डॉलर का एक्सचेंज-स्थिरीकरण फंड बनाने की मांग भी की। रिपोर्ट का कहना है कि पाकिस्तान ने एक बार फिर अपनी भू-राजनीतिक अहमियत को आर्थिक सहायता में बदलने की कोशिश की, जबकि चीन से अपने रिश्ते भी बनाए रखे। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका को पाकिस्तान की 'हेजिंग' यानी दोनों पक्षों के साथ संतुलन बनाकर चलने की नीति को बेहतर तरीके से समझना चाहिए।

## अमेरिकी रेस्तरां के भीतर गोलीबारी: इडाहो में बंदूकधारी ने चलाईं गोलियां, तीन की मौत, दो हताहत; हमलावर ढेर

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के आइडाहो राज्य के ट्विन फॉल्स शहर में शनिवार दोपहर एक इन–एन–आउट बर्गर रेस्तरां के अंदर हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं दो अन्य घायल हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा–तफरी मच गई। पुलिस ने बताया कि हमलावर भी मारा गया है और फिलहाल समुदाय के लिए किसी तरह का खतरा नहीं बचा है। हालांकि, मरने और घायलों की सही संख्या अभी जारी नहीं की गई है। पुलिस के मुताबिक गोलीबारी शहर के सबसे व्यस्त कारोबारी इलाके में हुई। घटना के समय रेस्तरां और आसपास काफी लोग मौजूद थे। कई पुलिस एजेंसियां और आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंचीं। अधिकारियों ने आसपास की सड़कों को बंद कर लोगों से इलाके से दूर रहने की अपील की। मेडिकल टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और इलाज शुरू किया। ट्विन फॉल्स पुलिस प्रमुख मैथ्यू हिक्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्हें भरोसा है कि अब समुदाय के लिए खतरा खत्म हो चुका है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध हमलावर घटनास्थल के पास ही मृत मिला। पुलिस उसकी पहचान और हमले के पीछे की वजह जानने की कोशिश कर रही है। हिक्स ने कहा कि घटनास्थल पर काफी अफरा–तफरी थी और मृतकों व घायलों की सही संख्या बताने से पहले उनके परिवारों को सूचना देना जरूरी है। घटना ट्विन फॉल्स के एक व्यस्त शॉपिंग इलाके में हुई, जहां होटल, बड़े स्टोर और कई रेस्तरां हैं। काउंटी कमिश्नर ब्रेंट रेनके ने बताया कि उन्हें शनिवार शाम करीब चार बजे घटना की जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि शेरिफ जैक जॉनसन ने शुरुआती जानकारी में बताया था कि कम से कम पांच लोग घायल हुए हैं। फिलहाल सीएनएन के मुताबिक अधिकारियों ने कम से कम तीन लोगों की मौत की बात कही थी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अंतिम संख्या अभी तय नहीं हुई है। यह भी साफ नहीं है कि शुरुआती मृतकों की संख्या में हमलावर शामिल था या नहीं।




## ईरान युद्ध खत्म!: ट्रंप का दावा- पश्चिम एशियाई देशों के बीच लड़ाई खत्म करने पर बनी सहमति, नए हमले भी रोके

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति ने चौंकाते हुए ईरान युद्ध खत्म करने का एलान कर दिया है। एपी की रिपोर्ट्स के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि पश्चिम एशिया के देशों के बीच ईरान युद्ध खत्म करने पर सहमति बन गई है। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि अमेरिका अब ईरान पर नए हमले भी नहीं करेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार शाम सोशल मीडिया पर दावा किया कि पश्चिम एशिया के सहयोगी देशों ने ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक समझौते की रूपरेखा (आउटलाइंस) पर सहमति बना ली है। उन्होंने कहा कि इस प्रगति को देखते हुए फिलहाल पांच महीने पुराने इस संघर्ष में नए सैन्य हमलों के आदेश नहीं दिए जाएंगे। ट्रंप ने कहा कि प्रस्तावित समझौते में हॉर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत और पूरी तरह से खोलना तथा ईरान के परमाणु खतरे का अंत शामिल होगा।

ट्रंप ने लिख, 'मैंने दुनिया के हित और एक सफल एवं समृद्ध ईरान के अस्तित्व को ध्यान में रखते हुए फिलहाल हमला रद्द करने पर सहमति दी है, बशर्ते जल्द समझौता हो सके।' ट्रंप ने यह भी दावा किया कि इस्राइल ने भी अमेरिका



के साथ मिलकर ईरान के साथ ये समझौता पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई है, जिससे युद्ध समाप्त हो सके।

इससे पहले शनिवार को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रंप से फोन पर बातचीत की। इस बातचीत के दौरान क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ईरान के खिलाफ अमेरिका की संभावित सैन्य कार्रवाई को लेकर चिंता जताई और ट्रंप से लड़ाई आगे नहीं बढ़ाने की अपील की थी। दोनों नेताओं की बातचीत ऐसे समय हुई जब ट्रंप ने सेना को ईरान पर नए हमलों के निर्देश दिए थे।

दरअसल सऊदी अरब को आशंका थी कि अगर अमेरिका ईरान के ऊर्जा ढांचे या अन्य प्रमुख बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर हमला करता है, तो तेहरान जवाबी कार्रवाई में सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के ऊर्जा प्रतिष्ठानों को निशाना बना सकता है। इस सप्ताह की शुरुआत में सऊदी अरब ने इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया के कई लॉजिस्टिक और हथियार ठिकानों पर अमेरिकी कार्रवाई में साथ दिया था। हालांकि, रियाद लगातार अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत से विवाद का समाधान करने पर जोर दे रहा था। इसी क्रम में सऊदी रक्षा मंत्री और क्राउन प्रिंस के भाई खालिद बिन सलमान बुधवार को वॉशिंगटन पहुंचे थे।

## जेपीएससी परीक्षा पेपर लीक युवाओं से विश्वासघात, आप ने की निष्पक्ष जांच की मांग



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा में कथित पेपर लीक एवं अन्य अनियमितताओं के आरोप राज्य के लाखों युवाओं के साथ विश्वासघात है। मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच आवश्यक है ताकि निर्दोष अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा हो सके। यह मांग आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता भाष्कर सुमन ने रविवार को की है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का स्पष्ट मानना है कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की विश्वसनीयता लोकतंत्र और सुशासन की आधारशिला होती है। यदि भर्ती प्रक्रिया पर ही सवाल उठने लगें तो सबसे बड़ा नुकसान उन लाखों मेहनती युवाओं का होता है, जो वर्षों की तैयारी के बाद ईमानदारी से परीक्षा देते हैं। पार्टी झारखंड सरकार से मांग करती है कि इस पूरे प्रकरण की जांच पूरी पारदर्शिता के साथ समयबद्ध तरीके से कराई जाए, दोषी चाहे कितने भी प्रभावशाली क्यों न हों, उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जेपीएससी की प्रासंगिकता पर कोई पहली बार प्रश्नवाचक चिन्ह नहीं लगा है । राज्य की सबसे बड़ी परीक्षा बोर्ड अगर लगातार सवालों के घेरे में हो तो छात्र मायूस हो जाते हैं। भाजपा - जेएमएम - आजसू - कांग्रेस कोई भी जेपीएससी पर सरकार को घेरने का नैतिकता तो नहीं जुटा सकती क्योंकि सभी सरकारों के कार्यकाल में जेपीएससी की निष्पक्षता धूमिल होते रही है। श्री सुमन ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली में तकनीकी सुरक्षा, जवाबदेही, पारदर्शिता और स्वतंत्र निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। झारखंड का युवा नौकरी नहीं, बल्कि न्याय मांग रहा है। सरकार का दायित्व है कि वह युवाओं के विश्वास को बहाल करे और यह सुनिश्चित करे कि प्रतिभा का सम्मान हो, न कि भ्रष्टाचार का।

# जगजीवन नगर हत्याकांड का खुलासा दो मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित जगजीवन नगर में शनिवार को हुई युवक करण कुमार की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। धनबाद डीएसपी (विधि-व्यवस्था) प्रकाश सोया ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि चोरी के संदेह में युवक की बेरहमी से पिटाई की गई थी, जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। डीएसपी प्रकाश सोया ने बताया कि 1 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली थी कि जगजीवन नगर के जामुन पेड़ के पास एक युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा है। उसकी पहचान करण कुमार के रूप में हुई। परिजन और स्थानीय लोगों की मदद से उसे पहले एसएनएमएमसीएच ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। इसके बाद उसे बलियापुर रोड स्थित जेपी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच लाया गया। पुलिस जांच के दौरान मुख्य आरोपी कन्हाई लाल भट्टाचार्य और शिव प्रकाश को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि करण कुमार कथित तौर पर कन्हाई लाल भट्टाचार्य के घर में चोरी की नीयत से घुसा था। उसे पकड़ने के बाद दोनों ने उसकी पिटाई की। शोर सुनकर आसपास के अन्य लोग भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी युवक के साथ मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डीएसपी ने बताया कि मामले में शामिल अन्य अज्ञात लोगों की पहचान की जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की हर पहलू से जांच जारी है और सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शूटिंग रेंज में खिलाड़ियों का सम्मान



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो रायफल क्लब एवं यूनिक एंड यूनिटी फाउंडेशन के तत्वावधान में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शुटिंग में निःशुल्क प्रशिक्षण में भाग लेने वाले शूटिंग खेल के खिलाड़ी प्रतिभागी को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में चिन्मया विद्यालय के सूरज शर्मा ने खिलाड़ियों संबोधित करते हुए कहा कि बोकारो शहर में रायफल शुटिंग प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो गौरवपूर्ण है। लक्ष्य के अनुरूप खिलाड़ी राज्य एवं देश हित में शूटिंग के अभ्यास कर आगे बढ़े। मैं आपका उज्ज्वल भविष्य का कामना करता हूँ और सीबीएससी द्वारा निर्धारित पाठ् यक्रम और खेलकूद में हर संभव हमेशा सहयोग किया जाएगा। खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों की प्रेरणा हेतु उदाहरण स्वरूप अभिनव बिंद्रा, जो कि निशानेबाजी में अपने देश के लिए गोल्ड मेडल जीत कर पूरी दुनिया में देश का नाम गौरवान्वित किए। आयोजकों द्वारा इस शहर में अनुठा प्रयास किया जाना सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 2ए के प्रधानाचार्य साथ पंकज कुमार मिश्रा द्वारा कहा गया कि चलने वाला ही मंजिल पाता है, बैठने वाला पीछे रह जाता है। ठहरा पानी सड़ने लगता है और बहता पानी निर्मल रहता है। इसलिए खिलाड़ी कड़ी मेहनत और लक्ष्य को निर्धारित कर निरंतर अभ्यास करें। निश्चित मंजिल प्राप्त होगा। श्रद्धा और विश्वास से आगे बढ़े ईश्वर का आशीर्वाद आपके साथ है। कार्यक्रम का संचालन बोकारो रायफल क्लब के सचिव अनील कुमार ने किया और अतिथियों को बोकारो के खेल उपलब्धियों की जानकारी देते हुए शूटिंग खेल की महत्ता पर प्रकाश डाले। खिलाड़ियों और शहर के लोगों को शूटिंग रेंज में अभ्यास करने का अपील भी किये। प्रशिक्षण लेने वाले खिलाड़ियों को चिन्मया विद्यालय के प्राचार्य सूरज शाप्मा, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 2ए के प्रधानाचार्य पंकज मिश्रा, बोकारो रायफल क्लब के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल, यूनिक एंड यूनिटी के निदेशक विभा कुमारी एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी संजीव सिंह ने प्रमाण पत्र वितरण कर सबका मनोबल बढ़ाए। इस अवसर पर शूटिंग रेंज के प्रशिक्षक पिंटू यादव, अरविंद कुमार, रणविजय ओझा एवं अभिभावकगण उपस्थित थे।

## डीसीए ने बीसीसीआइ कैंप में चयनित अनंदिता किशोर को किया सम्मानित



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद क्रिकेट संघ (डीसीए) की प्रबंध समिति ने बीसीसीआइ के महिला तेज गेंदबाज कैंप के लिए आमंत्रित की गई धनबाद की बेटी अनंदिता किशोर को सम्मानित किया। डीसीए अध्यक्ष मनोज कुमार ने अनंदिता को बुके भेंट कर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि अनंदिता ने विश्व कप अंडर-19 और एशिया कप अंडर-19 टीम में जगह बनाकर धनबाद का नाम रोशन किया है। उन्होंने अनंदिता के क्रिकेट करियर की जानकारी देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, डीसीए चाहता है कि अनंदिता जल्द सीनियर महिला क्रिकेट में भी धनबाद का प्रतिनिधित्व करे।सम्मान मिलने पर अनंदिता किशोर भावुक हो गईं। उन्होंने कहा, आज मैं जो कुछ भी हूं, वह डीसीए की बदौलत हूं। डीसीए का आभार। यहां हर छोटी सफलता को सेलिब्रेट किया जाता है और हमेशा प्रोत्साहित किया जाता है। धनबाद का प्रतिनिधित्व करने में मुझे गर्व है। अपने करियर के बारे में उन्होंने कहा कि बचपन में लड़कों के साथ खेलती थी। मां ने हमेशा सपोर्ट किया। जब पहली बार स्टेट टीम में चयन हुआ तो पापा ने भी पूरा समर्थन दिया। विश्व कप अंडर-19 का समय उनके लिए मुश्किल भरा था। मुझे खुद को साबित करने का मौका नहीं मिला, थोड़ी निराशा हुई। लेकिन अब और बेहतर करने के इरादे से मैदान में लौटी हूं।बैठक में प्रबंध समिति में नए शामिल हुए अभिषेक सिंह, अनवर सिद्दीकी, शिव शक्ति और अशोक सराफ का परिचय कराया गया। अभिषेक सिंह ने कहा कि स्कूल-कॉलेज में क्रिकेट खेला है। डीसीए से जुड़कर खुशी है। जिले में क्रिकेट के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।अध्यक्ष मनोज कुमार ने सत्र 2025-26 के सफल समापन पर प्रसन्नता जताई और बीसीसीएल, ईसीएल, टाटा स्टील समेत सभी प्रायोजकों, कोच, चयनकर्ता का आभार व्यक्त किया।उन्होंने बताया कि अगले सत्र में कूच बिहार ट्राफी का एक मैच डीसीए को मिला है। प्रयास होगा कि यह मैच 'रेलवे स्टेडियम' में हो। इसके बाद रणजी ट्राफी मैच के आयोजन का भी दावा किया जाएगा। बैठक में डा. इश्तियाक अहमद, महासचिव बिनय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, रविजीत सिंह डांग, जावेद खान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अधिवक्ताओं से मारपीट का आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया तेनुघाट जेल



**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल स्थित कथारा ओपी थाना क्षेत्र में अधिवक्ताओं से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कथारा ओपी थाना प्रभारी राजेश प्रजापति ने कहा कि कानून को हाथ में लेने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम करीब 5:30 बजे तेनुघाट से अपने घर लौट रहे अधिवक्ता राजीव तिवारी और सुरेश राम के साथ झिरकी बस्ती निवासी कुलदीप यादव पिता स्व. मोहन यादव ने लाठी-डंडे से मारपीट की। इस हमले में दोनों अधिवक्ता घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कथारा ओपी थाना प्रभारी राजेश प्रजापति के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय हुई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी कुलदीप यादव को उसके झिरकी बस्ती स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में गोमिया थाना अंतर्गत कथारा ओपी में कांड संख्या 102/26 दिनांक 02/08/2026 दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ बी एन एस 2023 की धारा 126(2), 115(2), 109, 352 और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे तेनुघाट जेल भेज दिया गया है।

## बीआइटी सिंदरी में पाटलिपुत्र अस्पताल का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, 109 मरीजों ने उठाया लाभ



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीआईटी सिंदरी परिसर में रविवार को पाटलीपुत्र अस्पताल, जोड़ा फाटक रोड, धनबाद द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और विशेषज्ञ चिकित्सकों की परामर्श सेवा उपलब्ध कराना था। जानकारी दी कि बीआईटी सिंदरी के सभी कर्मचारियों को पाटलीपुत्र अस्पताल में झारखंड राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत सीजीएचएस दर पर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर की सफलता में बीआईटी सिंदरी के निदेशक डॉ. पंकज राय, प्रशासन विभाग के बी.डी. यादव, डिस्पेंसरी प्रभारी प्रो. चैतन्य शर्मा तथा शिविर में कुल 109 मरीजों ने स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया।शिविर में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश झा, यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. प्रतीक शरण, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. मृणाल झा, जनरल सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. अरुण अग्रवाला, दंत चिकित्सक डॉ. विकास कुमार तथा जनरल फिजीशियन डॉ. एस.डी. चौधरी ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस दौरान मरीजों की निःशुल्क ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल, पल्स तथा डेंटल स्क्रीनिंग की जांच की गई। जांच में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के 32, यूरोलॉजी के 19, जनरल सर्जरी के 18, डेंटल के 15 तथा जनरल फिजीशियन के 25 मरीजों का परीक्षण किया गया। जिन मरीजों में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के संकेत मिले, उन्हें आवश्यक जांच एवं समुचित उपचार के लिए पाटलीपुत्र अस्पताल आने की सलाह दी गई। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन ने फार्मासिस्ट बसुदेव त्यागी का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य जांच शिविर समय रहते बीमारियों की पहचान और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पाटलीपुत्र अस्पताल की स्वास्थ्य टीम में राकेश बरनवाल, सोमनाथ सिंह, मुकेश, अभिनाश, अकबर, अमीर, मरजीना, बबीता, पूजा, सुमन और राजन सहित अन्य कर्मियों ने भी शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### असंगठित मजदूर मोर्चा जिला कमेटी की बैठक में मोर्चा को मजबूत करने पर मंथन

**सिंदरी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** असंगठित मजदूर मोर्चा जिला कमेटी की एक बैठक सिंदरी रंगामाटी आर. एम. के 4-478 में जिला अध्यक्ष सुरेश प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई ' बैठक का संचालन जिला सचिव पवन महतो ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि असंगठित मजदूर मोर्चा के केंद्रीय महामंत्री निताई महतो उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए निताई महतो ने कहा कि असंगठित मजदूर मोर्चा जिले में सशक्त संगठन बनाने के लिए जिला कमेटी के सभी पदाधिकारियो को अपने-अपने क्षेत्र में संगठन का विस्तार मजबूती से करना पड़ेगा,साथ ही जमीनी स्तर पर मोर्चा की मजबूती के लिए सदस्यता के साथ-साथ आंदोलन की रूपरेखा तय करना पड़ेगा। 10 अगस्त को कोयला मजदूरों के आंदोलन में असंगठित मजदूर मोर्चा बढ़-चढ़कर भाग लेगी। साथ ही 31 अगस्त को हर्ल,पावर मैक्स टसरा प्रोजेक्ट एवं एफसीआई में विशाल प्रदर्शन कर प्रबंधन को मांग पत्र सौपेंगे। बैठक में शशि सिंह,बिरंचि महतो एवं सुरेंद्र कुमार वर्मा को जिला कमेटी में संयुक्त सचिव का दायित्व दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष अंबुज मंडल, उपाध्यक्ष बाबू राजा, सिंदरी नगर अध्यक्ष जीतू सिंह,शुभम सिंह, नागेंद्र सिंह,प्रदीप हरिजन,रमेश महतो, वीरेंद्र प्रसाद रवानी, सहदेव सिंह,कामदेव सिंह,जितेंद्र शर्मा, अष्टमी महतो,सीमा देवी,गीत टुडू,सरस्वती टुडू,गणेश दास,अनिल गुप्ता,राजेश सिंह आदि शामिल थे।

### जायसवाल समाज को एकजुट करने पर जोर, नई समितियों का गठन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जायसवाल समाज (सर्ववर्गीय) बोकारो की बैठक रविवार को क्रेजी कार के कार्यालय परिसर में अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समाज के विभिन्न उपवर्गों को एकजुट कर संगठन को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल ने कहा कि समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी उपवर्गों से आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ एक मंच पर आने का आह्वान करते हुए कहा कि समय की मांग है कि समाज संगठित होकर सामाजिक, शैक्षणिक एवं वैवाहिक गतिविधियों को बढ़ावा दे। बैठक में समाज के विभिन्न उपवर्गों के बीच वैवाहिक संबंधों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कविता राज को वैवाहिक समिति का संयोजक बनाया गया। वहीं देव कुमार को प्रधान महामंत्री, अमरनाथ, ज्ञानचंद्र जायसवाल एवं नागेश्वर प्रसाद भगत को सचिव, कमलेश जायसवाल, मनोज जय एवं अशोक कुमार को कार्यकारिणी समिति का सदस्य तथा जगदीश चौधरी को संविधान समिति का संयोजक मनोनीत किया गया। बैठक में जायसवाल महिला समिति की संयोजक एवं दंत चिकित्सक डॉ. क्षमा भारती के नेतृत्व में आगामी 23 अगस्त को बुद्ध विहार, बोकारो में सावन महोत्सव आयोजित करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महिला समिति एवं समाज के सभी सदस्यों से सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। बैठक में सेवानिवृत्त डीएसपी बिनोद गुप्ता, राजकुमार प्रिय, अमरनाथ, विजय जायसवाल, तारणी जायसवाल, विनय किशोर, ज्ञानचंद्र जायसवाल, कमलेश जायसवाल, मनोज जय, अशोक कुमार सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित थे।



### यादव चेतना मंच की बैठक में शिक्षा, नशामुक्ति एवं सामाजिक सुधार पर हुआ मंथन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को बुधनी हटिया बाजार के समीप स्थित योगा भवन, भूली नगर, धनबाद में यादव चेतना मंच की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय समाज के वरिष्ठ सदस्य दुलारचंद यादव ने की। बैठक में समाज की वर्तमान स्थिति एवं भविष्य को लेकर गंभीर चर्चा की गई। प्रमुख विचारणीय बिंदुओं में समाज की दिशा-दशा, शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रयास, समाज में व्याप्त नशापान की समस्या तथा अन्य सामाजिक मुद्दे शामिल रहे। उपस्थित वक्ताओं ने निर्धारित विषयों पर अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि समाज को आगे बढ़ाना है तो शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। वक्ताओं ने इस बात पर चिंता जताई कि पारंपरिक खटाल व्यवसाय के कारण कई बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और वे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए व्यवसाय में सकारात्मक बदलाव लाने तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया। बैठक के दौरान लोगों ने प्रसिद्ध उक्ति— 'पूत सपूत तो का धन संचय, पूत कपूत तो का धन संचय' - का उल्लेख करते हुए कहा कि परिवार का वास्तविक भविष्य बच्चों की अच्छी शिक्षा और संस्कार में निहित है। सभी उपस्थित सदस्यों ने बच्चों को शिक्षित बनाने का सामूहिक संकल्प दोहराया। निर्णय लिया गया कि विभिन्न सामाजिक गोष्ठियों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए अभियान चलाया जाएगा। बैठक में यादव चेतना मंच के सदस्यों ने समाज में व्याप्त विभिन्न सामाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को समाप्त करने तथा सामाजिक एकता एवं जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गोपाल यादव, नंदकिशोर सिंह, जगदीश कुमार राय, जागेश्वर यादव, दिलीप कुमार यादव, पंकज कुमार, राम लखन कुमार यादव, देवेंद्र यादव, रंजीत कुमार यादव, सुरेंद्र यादव, योगेश्वर महतो, सुनील कुमार यादव, बासुदेव प्रसाद यादव, दिनेश यादव, राजकुमार यादव, कमलदेव यादव, कमलेश यादव, उपेंद्र कुमार यादव, मोहित कुमार यादव, कुलदीप यादव, रंजीत यादव, आदित्य कुमार यादव सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।



### वज्रपात की चपेट में आने से तीन युवतियां झुलसी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास प्रखंड अंतर्गत कुंबाटांड़ गांव में धान रोपने के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से तीन युवतियां घायल हो गईं। बताया जा रहा है कि आशा कुमारी, पूजा कुमारी और सोनाली कुमारी अपने खेत में धान रोपने गई थीं। इसी दौरान अचानक बिजली कड़की और खेत में वज्रपात हो गया, जिसकी चपेट में आने से दर्द के साथ-साथ चलने-फिरने में परेशानी होने लगी। घटना की जानकारी मिलते ही तीनों को बोकारो सदर अस्पताल पहुंचाया गया। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद तीनों युवतियों को भर्ती कराया गया है।

# रौनियार वैश्य समाज के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का सम्मान समारोह

**समारोह में समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित प्रदेश के पदाधिकारी रहे उपस्थित**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को नया मोड़ स्थित बिरसा आश्रम में रौनियार वैश्य समाज, बोकारो जिला के नवनिर्वाचित जिला पदाधिकारियों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण प्रसाद गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव प्रसाद साहू तथा प्रदेश महासचिव बैजनाथ प्रसाद गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समारोह में समाज के मुख्य संरक्षक बी.पी. गुप्ता, सतीश साह, किशोरी मोहन, जे.पी. लाल, ललित मोहन, यमुना प्रसाद तथा पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण प्रसाद गुप्ता ने कहा कि रौनियार वैश्य समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकता और संगठन है। समाज के सभी लोगों को आपसी सहयोग, शिक्षा, सामाजिक सेवा और युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने नवनिर्वाचित जिला पदाधिकारियों से संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने तथा समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष श्याम बाबू गुप्ता ने कहा कि समाज ने जिस विश्वास के साथ नई टीम को जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाया जाएगा तथा शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, युवाओं की भागीदारी और समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर रौनियार वैश्य समाज, बोकारो जिला के नवनियुक्त पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों में जिला अध्यक्ष श्याम बाबू गुप्ता, उपाध्यक्ष रविन्द साह, महासचिव राजू मोहन, सचिव प्रेम कुमार गुप्ता एवं विजय कुमार गुप्ता, उप सचिव नगीना प्रसाद और संजय गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष प्रकाश चंद्र गुप्ता शामिल हैं। वक्ताओं ने नवगठित जिला टीम को शुभकामनाएं देते हुए समाज की एकता, संगठन की मजबूती और सामाजिक विकास के लिए मिल-जुलकर कार्य करने का आह्वान किया। समारोह में बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, युवा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों एवं समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

## चास के जोधाडीह मोड़ से आईटीआई मोड़ तक फ्लाई ओवर प्रस्ताव को मंजूरी, जाम से मिलेगी निजात

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास के लोगों के लिए राहत की खबर है। शहर में आए दिन लगने वाले जाम से अब लोगों को जल्द मुक्ति मिलने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने चास के लोगों को बड़ी सौगात दी है। जोधडीह मोड़ से आईटीआई मोड़ तक फ्लाईओवर निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की जानकारी सामने आई है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पत्र के माध्यम से धनबाद सांसद को इसकी जानकारी दी है। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के तहत प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेजा गया था, जिसके बाद इसे मंजूरी मिलने की बात बोकारो डीसी अजय नाथ झा ने कही है। धनबाद-पुरुलिया मुख्य मार्ग पर स्थित जोधडीह मोड़ से आईटीआई मोड़ तक का इलाका लंबे समय से जाम की समस्या से जूझ रहा है। खासकर जोधडीह मोड़ पर चौराहा होने के कारण वाहनों का दबाव बढ़ जाता है और कई बार घंटों तक लोगों को जाम में फंसे रहना पड़ता है। जाम के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। इसी समस्या को देखते हुए सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में फ्लाईओवर निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया था। अब फ्लाईओवर निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद स्थानीय लोगों में जाम से राहत की उम्मीद जगी है। हालांकि, चास नगर निगम के वार्ड पार्षद राहुल कुमार ने फ्लाईओवर निर्माण को लेकर कुछ सवाल भी उठाए हैं। साथ ही उन्होंने जोधडीह मोड़ पर जाम की समस्या के लिए एनएचआई की लापरवाही को जिम्मेदार बताया है। उनका आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान यहां गोलंबर नहीं बनाया गया, जिसकी वजह से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK